वाराणसी, सोमवार 17 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 5, वर्ष 14, अंक 12, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : एआई की बढ़ती चुनौती

अन्दर : ...तो क्या आखिरी आईपीएल मैच चेन्नई में नहीं खेल पाएंगे एमएस धोनी?



डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# उद्घोषणा में गलती से हुआ हादसा

## एक जैसे दो नामों वाली ट्रेनों के चलते हुआ भ्रम, दिल्ली पुलिस ने बताई भगदड़ की वजह

**दुर्घटना की वजह**

**अब तक 18 लोगों की हो चुकी है मौत**

**मृतकों व घायलों को मुआवजे का सरकार ने किया ऐलान**

**भीड़ में फंसने से पेट या सीने पर दबाव से रक्त संचार बाधित होने से घुटा दम**

**नई दिल्ली।** शनिवार की रात दिल्ली स्टेशन पर हुए भगदड़ की वजह बताई जा रही है कि उद्घोषणा की गलती से ऐसा हुआ। रविवार को दिल्ली पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रयागराज जाने वाली दो एक जैसे नामों वाली ट्रेनों के चलते यात्रियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इसके बाद स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हुई और भगदड़ मच गई। अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

अधिकारियों के मुताबिक, प्लेटफार्म 16 पर प्रयागराज स्पेशल के आने की घोषणा से प्लेटफार्म 14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। असमंजस में फंसे यात्री, जो प्लेटफार्म 14 पर अपनी ट्रेन में सवार नहीं हो सके, उन्होंने यह मान लिया कि उनकी ट्रेन प्लेटफार्म 16 पर आ रही है। इसके चलते अचानक भीड़ बढ़ी और भगदड़ मच गई।

जनरल टिकट (अनारक्षित) वाले यात्री प्लेटफार्म 12, 13 और 14 की ओर भागने लगे। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को नई दिल्ली से प्रयागराज के लिए चार ट्रेनें रवाना होनी थीं, लेकिन इनमें से तीन ट्रेनें देरी से चल रही थीं। इसके चलते स्टेशन पर भीड़ का दबाव बढ़ा। जो लोग प्लेटफॉर्म 14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस में नहीं चढ़ पाए, वे प्लेटफॉर्म 16 की ओर बढ़ने लगे, जिससे यात्रियों की भीड़ बढ़ती चली गई। पुलिस का कहना है कि जिस वक्त भगदड़ मची उस समय प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफार्म 14 पर खड़ी थी। जबकि मगध एक्सप्रेस प्लेटफार्म 12, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 13 और भुवनेश्वर राजधानी प्लेटफार्म 15 पर खड़ी थी। प्रयागराज को होकर जाने वाली तीन ट्रेनें देरी से चल रही थीं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। मरने वालों में नौ महिलाएं, पांच बच्चे और चार पुरुष शामिल हैं। सबसे बड़ा मृतक 79 साल का था, जबकि सबसे छोटी सात साल की बच्ची थी।





### कैसे होती है ट्रॉमेटिक एस्फिक्सिया

ट्रॉमेटिक एस्फिक्सिया एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें सीने या ऊपरी पेट पर अत्यधिक दबाव पड़ने से सांस लेने और रक्त संचार में रुकावट आ जाती है। इससे व्यक्ति का दम घुट जाता है, जिससे मौत हो सकती है। रेलवे की ओर से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना में घायल और मृतकों के लिए मुआवजे का एलान हो चुका है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख का मुआवजा दिया जाएगा। एक भुक्तभोगी का कहना था कि उसकी मां प्लेटफार्म नंबर 12 पर थी। अचानक सूचना जारी की गई की ट्रेन 14 पर आएगी। सूचना के बाद लोग इधर-उधर होने लगे जिसमें भगदड़ मच गई। इस घटना में उनकी मां घायल हुई है। कूल्हे की हड्डी टूट गई है। मां का इलाज लोकनायक अस्पताल के आर्थोपेडिक विभाग में चल रहा है। प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर रेलवे के कुछ कर्मचारियों ने मां को रेलवे ट्रैक से उठाया। बाद एंबुलेंस से उसे से अस्पताल में लेकर आए। उनका आरोप है कि मां को अस्पताल लाने में देरी हुई। दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात कर सभी को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि घायलों को हर संभव उपचार दिया जा रहा है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट किया, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ से बहुत दुख हुआ। मेरी प्रार्थना उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। पूरी टीम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों की सहायता के लिए काम कर रही है।

### दिल्ली से प्रयागराज के लिए 4 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यह हादसा शाम आठ से साढ़े आठ बजे के बीच हुआ। पहले तो रेलवे के अधिकारियों ने नई दिल्ली स्टेशन पर किसी भी तरह की भगदड़ और यात्रियों की मौत से इनकार किया लेकिन देर रात दिल्ली के एलजी ने पर पोस्ट कर इस हादसे में कई यात्रियों की मौत की जानकारी दी। देर रात छठखढ अस्पताल पहुंचे एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दिल्ली पुलिस रेलवे स्टेशन पर है। ट्रेनों का आवागमन अब सामान्य है। स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने मौत का कोई भी स्पष्ट आंकड़ा नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पर एक पोस्ट के जरिए कहा के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्दी ठीक हो जाएँ। अधिकारी इस भगदड़ से प्रभावित सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं।

### डॉक्टर बोले- यात्रियों की दम घुटने से हुई मौत

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे में 18 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि घायलों का इलाज डॉ. राम मनोहर लोहिया और एनएनजेपी अस्पताल में चल रहा है। इस बीच जो लोग इस हादसे में मरे हैं उनका पोस्टमार्टम हो गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में किए गए पांच लोगों के शवों के पोस्टमार्टम में पता चला कि इन व्यक्तियों की मौत ट्रॉमेटिक एस्फिक्सिया (दम घुटना) से हुई है।

### विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट अंतिम होगी

डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने बताया, आरपीएफ और दिल्ली पुलिस ने एक संयुक्त व्यवस्था की है। विशेष ट्रेनों के लिए गतिशील व्यवस्था की गई है। निकास बिंदुओं और फुटओवर ब्रिज दोनों पर व्यवस्था की गई है। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट अंतिम रिपोर्ट होगी, जो कल आएगी। हमारी भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने कहा कि फिलहाल प्रयागराज स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलेगी और उसके बाद वंदे भारत चलेगी। रेलवे को उस शो का प्रबंधन करने दीजिए, हम अपना काम करेंगे। हमारे पास यहां पर्याप्त तैनाती है। दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच का नेतृत्व डीसीपी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, भगदड़ जैसी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा छह अतिरिक्त कंपनियों की आपूर्ति की गई। इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस ने दी है।



## दिल्ली स्टेशन पर मरने वालों में आधे बिहार के

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात दर्दनाक हादसा हुआ। स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने से भगदड़ मच गई। हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए हैं। मरने वाले 18 में से 10 लोग बिहार से ही हैं। इनमें समस्तीपुर तीन, नवादा के दो, पटना, वैशाली, बक्सर और सारण के एक-एक लोग शामिल हैं। वहीं एक महिला भी बिहार की मूल निवासी हैं। लेकिन, वह दिल्ली में ही रहती थीं। भगदड़ में मरने वालों में छह महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं।

समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के कोठिया गांव के रहने वाले एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक में गांव के विजय शाह उनकी पत्नी कृष्णा देवी और उनकी नातिन सुरुचि कुमारी 15 शामिल है। हादसे के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक के दामाद मनोज शाह का कहना है कि उनका बड़ा साला मुकेश कुमार छोटा साला नीतीश कुमार जो दिल्ली में रहता है। वहीं निजी कंपनी में काम करता है। मुकेश ने पिता को पहले दिल्ली बुलाया था। सभी एक साथ प्रयाग कुंभ स्नान करने के लिए जाते। बेटे के बुलावे पर विजय साह अपनी पत्नी और दूसरे दामाद मनोज शाह बरियारपुर मुजफ्फरपुर के रहने वाले की पुत्री सुरुचि कुमारी को साथ लेकर शुक्रवार को समस्तीपुर से बाय रोड दिल्ली के लिए निकले थे। शनिवार सुबह ही सभी लोग दिल्ली पहुंचे थे। और शाम में सभी को कुंभ स्नान के लिए प्रयाग जाने के दिल्ली स्टेशन पहुंचे थे जहां भगदड़ मची।

**दु:खद**

**समस्तीपुर के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत**

### सीएम ने दो लाख देने का किया ऐलान



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की मृत्यु अत्यंत दु:खद है। मृतकों के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है। इस घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान एवं घायलों को 50 हजार रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने का निर्देश दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

## अमेरिका से पंजाब लौटे कुछ युवकों के सिर पर नहीं थी पगड़ी

**आरोप**

**मंत्री का बड़ा दावा, उड़ान से पहले पगड़ियां उतार दी थीं**

**अधिकारियों ने कहा-इस उड़ान में ज्यादातर निर्वासित पुरुष थे**

**चंडीगढ़।** अमेरिका से निकाले गए 116 भारतीयों को लेकर विमान शनिवार देर रात अमृतसर पहुंचा। इस दौरान पंजाब के एक कैबिनेट मंत्री और अमेरिका से आए कुछ निर्वासितों ने दावा किया कि विमान में सवार कुछ युवकों के पास पगड़ी नहीं थी और पंजाब प्रशासन को एयरपोर्ट पर अंतिम समय में व्यवस्था करनी पड़ी। डंकी रूट से अमेरिका गए यशपाल सिंह ने वापसी पर कहा कि जब हम एयरपोर्ट पर उतरे तो हमने पगड़ी नहीं पहनी थी।

उन्होंने (उड़ान से पहले) हमारी पगड़ियां उतार दी थीं। एसजीपीसी (शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति) ने हमें एक सिरोपा दिया, लेकिन वह काफी लंबा नहीं था क्योंकि इसका इस्तेमाल किसी को सम्मानित करने के लिए किया जाता है न कि सिर पर बांधने के लिए। इसलिए मैंने अपना सिर ढकने के लिए एक टोपी उधार ली। वतन वापस आने वालों में युवक पंजाब, गुजरात समेत कई अन्य राज्यों के थे। एयरपोर्ट पर पंजाब सरकार के मंत्री भी पहुंचे। कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने बताया कि पहली उड़ान में कुछ युवाओं के पास पगड़ी नहीं थी। हमने पहली उड़ान के बाद इस मुद्दे को उठाया था और हम फिर से उठाएंगे। लेकिन यह दुखद है कि इतने हंगामे के बावजूद कुछ भी नहीं बदला है। तीसरी उड़ान में भी यही स्थिति होगी। युवाओं के हाथ में बेड़ियां होंगी और वे पगड़ी नहीं पहने होंगे। एसजीपीसी के एक अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट पर हमारा एक छोटा सा कैंप ऑफिस है, जहां हम गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के लिए सिरोपा रखते हैं। हमने निर्वासितों को अपने स्टॉक से 15 सिरोपा दिए।

अधिकारियों ने कहा कि इस उड़ान में ज्यादातर निर्वासित पुरुष थे और उन सभी को हथकड़ी और बेड़ियां पहनाई गई थीं। निर्वासितों ने यह भी कहा कि उन्हें आव्रजन मंजूरी के इंतजार में एयरपोर्ट पर ठंडे फर्श पर बैठाया गया।अमृतसर एयरपोर्ट पर यह विमान रात 10 बजे के अपेक्षित समय के बजाय रात 11 बजकर 35 मिनट पर उतरा। यह अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा पांच फरवरी के बाद निर्वासित किया गया भारतीयों का दूसरा जत्था है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 157 निर्वासितों को लेकर तीसरे विमान के 16 फरवरी को भारत पहुंचने की संभावना है। पंजाब के रहने वाले लोगों को आव्रजन संबंधी और पृष्ठभूमि की जांच के बाद रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस की गाड़ियों में उनके घर पहुंचाया गया।

हरियाणा सरकार ने भी राज्य से निर्वासित लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था की। इस बीच, अमेरिका द्वारा निर्वासित किए गए अवैध भारतीय प्रवासियों में शामिल पटियाला जिले के राजपुरा के दो युवकों को हत्या के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

### भगदड़ छिपाने की कोशिश में सरकार, रेल मंत्री इस्तीफा दें : टीएमसी

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन की घटना को लेकर राजनीति तेज हो गई है। विपक्षी पार्टियां लगातार सरकार के व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी रविवार को केंद्र सरकार के ऊपर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को छिपाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की भी मांग की। शनिवार रात को हुई घटना में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कई लोगों की मौत हो गई थी।टीएमसी की सांसद सागरिका घोष ने भारत सरकार पर भारतीय नागरिकों की जान के साथ बेरहमी से खेलने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में घोष ने लिखा, पहले नरेन्द्र मोदी और उनकी भाजपा ने किसी भी भगदड़ से इनकार किया। फिर उन्होंने इसे अफवाह बताया। फिर उन्होंने स्वीकार किया कि 'कुछ लोग' 'घायल' हुए हैं। फिर भाजपा को मजबूरन यह स्वीकार करना पड़ा कि 'कुछ' लोग 'मर गए' होंगे।

## आज दिल्ली के सीएम के नाम पर से उठेगा पर्दा

**आज पता चलेगा**

**बीजेपी विधायक दल की बैठक में फैसला आज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद मुख्यमंत्री को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा है। बताया जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद सीएम को लेकर फैसला किया जाएगा। खबर है कि सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की एक अहम बैठक होने वाली है जिसमें दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला लिया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर होविधायक दल की बैठक होगी। इस दौरान पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नए सीएम का ऐलान होगा और परसों रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण हो सकता है।

इससे पहले बताया जा रहा था कि दिल्ली में भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को होने की संभावना है और नयी सरकार अन्य चीजों के अलावा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, बेहतर नागरिक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देगी।

पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा से वापस आ रहे हैं और जल्द ही भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। राजौरी गार्डन से विधायक और मुख्यमंत्री या मंत्री पद के दावेदार माने जा रहे सिरसा ने कहा, नयी सरकार 19-20 फरवरी के आसपास काम करना शुरू कर देगी।

सिरसा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भाजपा विधायक दल की बैठक 18-19 फरवरी के आसपास होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद 20 फरवरी तक नई सरकार का गठन हो जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए किसी भी तरह की होड़ के संबंध में नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने कहा कि ऐसी बातें केवल मीडिया द्वारा की जा रही अटकलें हैं।

लक्ष्मी नगर सीट से दूसरी बार विधायक बने अभय वर्मा ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए कोई होड़ नहीं है। हमारी पार्टी में विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री या विधायक दल के नेता का चुनाव होता है। पूर्वांचली नेता वर्मा को भी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में माना जा रहा है। वर्मा ने कहा, हम लोगों की सेवा करने आए हैं और अब विकास, स्वच्छ जल आपूर्ति और लोगों के लिए स्वच्छ हवा जैसे मुद्दों के साथ-साथ यमुना को प्रदूषण से मुक्त करने के बारे में सोच रहे हैं। भाजपा विधायकों ने कहा कि प्रधानमंत्री के वादे के अनुसार, आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा बाधित आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को नयी कैबिनेट की पहली बैठक में दिल्ली में लागू किया जाएगा। सिरसा ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, शहर में स्वच्छता सुनिश्चित करना और वायु और यमुना प्रदूषण से निपटने के लिए काम शुरू करना, सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर नयी सरकार की प्राथमिकताएं होंगी। छठी बार विधायक बने मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि दिल्ली का नया मुख्यमंत्री 48 भाजपा विधायकों में से चुना जाएगा।

मुस्तफाबाद के विधायक ने निर्वाचन क्षेत्र का नाम बदलकर शिव विहार या ह्यशिव पुरी करने का अपना प्रस्ताव भी दोहराया।बिष्ट ने कहा, एक समुदाय (अल्पसंख्यक) के करीब 42 प्रतिशत लोग हैं और दूसरी ओर 58 प्रतिशत लोग (हिंदू) हैं... इसलिए, जनता की भावना का सम्मान किया जाना चाहिए।



## रेलवे का तंत्र विफल, लापरवाही ने ली कई जान

**ये अनदेखी**

**देर रात अधिकारी हादसे से करते रहे इनकार, क्राउड मैनेजमेंट का दावा चारो खाने चित**

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात रेलवे अधिकारियों की लापरवाही से हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में रेलवे की ओर से देर रात तक आधिकारिक तौर पर बयान नहीं आया। यह भी नहीं बताया गया कि कितने लोगों की जान गई है और कितने घायल हुए हैं। फिलहाल मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच टीम का गठन किया गया है। घटनास्थल पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार, आरपीएफ के महानिदेशक समेत कई अधिकारी ने जांच की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के रद्द होने के बाद प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर मौजूद हजारों यात्री बेचैन हो गए। इस बीच एक अन्य ट्रेन वहां से निकली तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस बीच प्लेटफार्म आने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला निरंतर जारी रहा। धक्का मुक्की से बचने के लिए कुछ लोगों ने तेजी से सीढ़ियां चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन वहां से आने वाली भीड़ के चलते वह ऐसा नहीं कर सके। परिणामस्वरूप कई लोग एक दूसरे पर चढ़ गए। इस दौरान उमड़ी भीड़ का अंदाजा न तो रेलवे अधिकारी लगा पाए और न ही आरपीएफ के अधिकारी। हालांकि रेलवे ने दावा किया था कि क्राउड प्रबंधन के लिए प्लान तैयार है और किसी तरह की कोताही नहीं होगी। पर इतनी भीड़ का आ जाना बताता है कि सब हवा में था और भीड़ को काबू करने के लिए कोई प्रयास नहीं हुआ। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन संवेदनशील रेलवे स्टेशन में से एक है। यहां रोजाना पांच लाख से अधिक लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में यहां पर आरपीएफ की ओर से खुफिया इनपुट जुटाने के लिए विशेष कर्मी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद उनकी ओर से भी भीड़ को लेकर कोई इनपुट नहीं दिया गया। साथ ही रेलवे के अधिकारी भी स्टेशन पर भीड़ की मॉनिटरिंग नहीं कर सके।



### दिखावा साबित हुई सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग

रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे मॉनिटरिंग का दावा किया जाता है। स्टेशन के हर प्लेटफॉर्म की लाइव डीआरएम अपने ऑफिस में देखते हैं। इसके बावजूद स्टेशन पर वह उमड़ती भीड़ को नहीं देख सके। वही दूसरी तरफ से रेलवे की ओर से लगातार जनरल टिकट दिए गए। इससे भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ का दबाव बढ़ गया। बताया जा रहा है कि प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। ऐसे में भीड़ प्लेटफॉर्म पर बढ़ गई। लेकिन रेलवे की तरफ से ट्रेन रद्द करने की बात से साफ इंकार किया जा रहा है। बल्कि कहा तो यह जा रहा है कि चार स्पेशल ट्रेन चलाईं गईं। घटना के बाद देर रात तक इस मामले में रेलवे की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार का कहना है कि आम तौर पर टिकट विंडो पर भीड़ को देख कर विशेष ट्रेनें का संचालन किया जाता है। शनिवार को अधिक भीड़ को लेकर कोई इनपुट नहीं था और न ही टिकट विंडो पर भीड़ थी। ऐसे में विशेष ट्रेनों की व्यवस्था नहीं की गई। बाद में भीड़ बढ़ी तब अतिरिक्त ट्रेन चलाई गईं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत अधिक थी, इसलिए चार और विशेष ट्रेनें चलाईं। सूचना मिली कि कुछ लोग बेहोश हो गए हैं उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ समय के लिए रेलवे स्टेशन पर प्रवेश रोका गया था, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, और यात्रियों को विशेष ट्रेन से भेज दिया गया है।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, दर्जनों घायल



जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** कुंभ स्नान के बाद काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों की बस रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर उसरा क्षेत्र में पलट गयी जिसके चलते दर्जनों यात्री घायल हो गये।

रविवार की भोर में मोहनसराय से गंगापुर जाने वाली रोड पर मोहनसराय की ओर से गंगापुर की तरफ जा रही यात्री से भरी बस सामने से आ रही फोर व्हीलर कार को पास देने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगभग आठ फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी। जिसमें अलग-अलग जगहों के कुल 30 यात्री सवार थे।

**हादसा**

**कार को पास देने के प्रयास में पलटी बस**

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक श्याम नारायण यादव ने स्थानीय लोगों की मदद से उक्त सभी बस सवार घायलों को बस का शीशा तोड़कर बाहर निकलवाया और एंबुलेंस द्वारा कबीरचौरा हॉस्पिटल में चौरल इंदौर मध्य प्रदेश निवासी लक्ष्मी नारायण चौहान उम्र 40 वर्ष, लोकेश पवार उम्र 35 वर्ष, नेहा व्यास उम्र 32 वर्ष, तथा सुख वृष्टि न्यू टाउन कोलकाता निवासी रणदीप ओझा उम्र 40 वर्ष को कबीर चौराहा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया इसके अलावा बंगाल निवासिनी पूजा चक्रवर्ती को आराजी लाइन सीएससी तथा बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी यात्री इलाहाबाद कुंभ स्नान करने के बाद प्राइवेट बस द्वारा वाराणसी काशी विश्वनाथ जी के दर्शन के लिए जा रहे थे।

## तीर्थयात्रियों से भरी स्कार्पियो वाहन से टकरायी, पांच घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के परिधि अस्पताल बहादुरपुर गांव के समीप चौबेपुर कट के पास सुबह 5 बजे वाराणसी गाजीपुर हाइवे पर बिहार से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए बिहार रजिस्ट्रेशन बीआर 06पीडी 7677 की स्कार्पियो सामने जा रही किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई जिससे 5लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कार्पियो ने 7 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल भेजवाया।घायलों में आरती पत्नी 45वर्ष सुजीत शाह ,पुनीता 40वर्ष पत्नी सोहाल , उदय साह पुत्र रामबिलास 55वर्ष, रजनीश25वर्ष पुत्र पलट साह, चालक नाम पता अज्ञात सभी निवासी मानपौर थाना बेला जिला सीतामढ़ी बिहार इनके श साथ इन्हीं के गांव से दो और लोग सवार थे जो घायलों के साथ हैं। घायल रजनीश और आरती देवी का इलाज सहारा प्राइवेट अस्पताल संदहां चिरईगांव व पुनीता, उदय शाह का इलाज हाईटेक अस्पताल सिंहपुर सारनाथ में परिजनों द्वारा कराया जा रहा हैं। मौके से स्कार्पियो को क्रेन से हटवाकर पुलिस थाने भेजवा दी।

## जुए में पत्नी का पैसा हारने पर मुकदमा

**वाराणसी।** कैन्ट के फुलवरिया कुम्भार पूरा निवासिनी विवाहिता ने कैन्ट थाने में पति द्वारा सट्टे में स्त्री धन हार जाने का विरोध करने पर पति, सास, जेठ, जेठानी द्वारा प्रताड़ित करने के मामलेमें मुकदमा दर्ज कराया। विवाहिता स्मृति सिंह के अनुसार उसका विवाह 2008 में फुलवरिया निवासी मृत्युंजय सिंह के साथ हुआ था। 13 वर्ष की बेटी के भरण पोषण की समस्या है जब कि पति सट्टे में बहुत सारा उसका गहना बेच चुका है। विरोध करने पर सास निर्मला सिंह, जेठ रोहित सिंह, व जेठानी अमृता सिंह निवासी फुलवरिया उसके व बेटी के साथ मारपीट करते है। बेटी व स्वंय के भरण पोषण के लिए कहीं जॉब करती हूं तो पति वहां भी जा कर बेइज्जत करता है। 15 फरवरी की जब वह जॉब के लिए बाहर जा रही थी पति मृत्युंजय ने मारपीट कर घायल कर दिया और बचाव करने जब बेटी आगे आई तो उसे भी मारापीटा गया। पीड़िता की तहरीर पर कैन्ट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

## ससुराल में युवक ने लगायी फांसी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सारनाथ के कोटवां गांव में ससुराल में एक युवक ने पड़ोस में स्थित बंद सीमेंट का डमरू बनाने की फैक्टरी के टीन शेड के एंगल सहारे दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। रविवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से एक शराब की बोतल, बैग एवं बाइक मिली।

बताया जाता है कि 24 वर्षीय शीशवल निषाद मूलरूप से ग्राम बहरा, थाना गद्दी, जिला जौनपुर का रहने वाला था। मृतक का साला सतपाल साहनी ने बताया शीशवल पिछले एक माह से ससुराल में रह रहा कर एसी बनाने का काम करता था। इधर दो दिनों से ही काम पर जाना शुरू किया था। वह शराब पीने का आदि था।

इस बात को लेकर परिवार में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता था। इससे तंग आकर शीशवल की मां ने फोन करके मृतक की पत्नी सुंदरी साहनी को शनिवार की शाम को ससुराल बहरा, थाना गद्दी, जिला जौनपुर बुला लिया। जब अपने ससुराल जाने के लिए घर से निकली, उनके पीछे ही शीशवल भी निकल गया। रात में सुंदरी से पूछने पर पता चला कि वह जौनपुर नही पहुचा। मृतक के शराब पीने से सभी लोग परेशान थे जिसको लेकर अपने पिता विनोद से भी कहासुनी हुई थी। बताया कि शीशवल की शादी पांच वर्ष हुई थी। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उनको एक दो वर्ष की पुत्री है।

# ग्रामीणों की पिटाई से घायल युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** बाइक की मुठिया से धक्के से गिरकर घायल होने पर बुजुर्ग के परिजनों व ग्रामीणों द्वारा बाइक सवार की बुरी तरह पिटाई के बाद ट्रामा सेंटर में भर्ती युवक मंदीप सोनकर 21 वर्ष की शनिवार की रात मौत हो गई।

बताते चलें कि फूलपुर थाना क्षेत्र के कठिरांव (जंगलपुर) निवासी मंदीप सोनकर एक फरवरी को घर से नोनारी बाजार स्थित सब्जी मंडी बाइक से जा रहा था। तभी फूलपुर के नान्हूपुर गांव के पास सिंचाई के लिए पाइप बिछा रहे बुर्जुग से बाइक की मुठिया से धक्का लगने से वह गिर गया जिससे उसे हल्की चोटें आई। लेकिन बीच गांव के ग्राम प्रधान व मनबढ़ पहुंचे और युवक मंदीप की बेरहमी से पिटाई करने लगे। जिससे उसकी किडनी, लिवर व आंत में गहरी चोटे आई थी। उसे गंभीरावस्था में बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहाँ 15 दिनों तक जिंदगी बचाने के लिए जद्दोजहद में जुटे चिकित्सक व परिजनों को निराशा हाथ लगी और उसकी शनिवार की रात 11 बजे मौत हो गई। मौत की सूचना गांव पहुचने पर शोक की लहर दौड़ गई।

**आक्रोश**

**गांव में दिखा गुस्सा, ग्राम प्रधान समेत चार नामजद**

पीएम के बाद सांयकाल में गांव पहुचने पर लोगी में आक्रोश दिखा और आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर शव को कठिरांव चौराहे पर रखकर जाम करने की कोशिश की। लेकिन इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश सिंह मयफोर्स डटे रहे और लोगों को समझा बुझाकर शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर परिजन चले गए। बताते चलें कि पुलिस मृतक के भाई संदीप के तहरीर के आधार पर धारा 308 के तहत ग्राम प्रधान राय साहब, रोहित, अरविंद व विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। ग्रामीण चक्का जाम कर गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### दर्शनार्थी की मौत

**वाराणसी।** बिहार से दर्शन को आये एक व्यक्ति की रविवार को दशाश्वमेध के पास अचानक तबीयत बिगड़ने गयी, साथ के लोग उन्हें लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बिहार के बेगूसराय निवासी दर्शनार्थियों का एक दल प्रयागराज व काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन को आया था। इनमें दीप नारायण पोद्दार 62 वर्ष परिवार के साथ आज बनारस आ गये थे जबकि दूसरे लोग प्रयागराज पहुंच गये थे। आज इन लोगों को बाबा का दर्शन कर प्रयागराज जाना था। दीप नारायण परिवार के साथ दशाश्वमेध घाट के रास्ते दर्शन करने को जा रहे थे। रस्ते में अचानक तबीयत बिगड़ी गयी। साथ के लोग उन्हें लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### वरुणा में मिला अज्ञात शव

**वाराणसी।** लालपुर थाना क्षेत्र के मकबूल आलम रोड हुकुलगंज के राज कॉलोनी के पीछे वरुणा कारीडोर नदी में अज्ञात शव मिला, जिसे पुलिस ने गोताखोर की मदद से बाहर निकलवाया। बताया जा रहा कि अज्ञात शव 35 वर्ष होगी,पुलिस ने शव को निकाल कर शिवपुर स्थित मर्चरी में रखवा दिया है और उसके शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

# झकझोर देती हैं प्रेमचंद की कहानियां

**वाचन**

**प्रेमचंद की कहानी का 1462 दिवस पूर्ण**

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** प्रेमचंद की कहानियां पाठक को झकझोर देती हैं। उनमें मानवीय संवेदनाओं को प्रमुखता रहती है। वे कहानियों में मानव मन के भावों को कुशलता से परोसकर पत्रों के मध्यम से उन्हीं के परिवेश की भाषा में उनके समाज का पूरा सच अभिव्यक्त कर देते हैं।

उक्त कथन ट्रस्ट के संरक्षक प्रो श्रद्धानंद ने संस्कृति विभाग उ प्र व जिला प्रशासन वाराणसी की प्रेरणा से प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट लमही वाराणसी, द्वारा प्रेमचंद स्मारक स्थल लमही में आयोजित सुनों मैं प्रेमचंद कहानी पाठ 1462 दिवस पूर्ण होने पर प्रेमचंद की कहानी पत्नी से पति का पाठन वरिष्ठ कवयित्री बीना त्रिपाठी ने किया। सम्मान ट्रस्ट के संरक्षक प्रो. श्रद्धानंद व डाक्टर संजय श्रीवास्तव, निदेशक राजीव गोंड ने किया। कहानी पाठ के बाद एक जागरूक पाठक सूर्यकान्त त्रिपाठी ने प्रेमचंद की कथाओं के कई नारी पात्रों यथा- मिस इन्दिरा, करुणा, रामा, कजाकी की मां, आशा, मिस पद्मा आदि के आलोक में आज पठित कहानी की नायिका गोदावरी के गुणों की समीक्षात्मक चर्चा किया। इस अवसर शिवकुमार, रोहित गुप्ता, अजय यादव, संजय श्रीवास्तव, राहुल विश्वकर्मा, राहुल यादव, सुजीत सिंह आदि ने कहानी सुनी। संचालन आयुषी दूबे व सभी का स्वागत मनोज विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन डा राजेश श्रीवास्तव ने किया।

## बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों का प्रवेश वर्जित

**आदेश जारी**

**संपूर्णानंद संस्कृत विवि परिसर में यातायात नियमों का पालन अब सभी के लिए अनिवार्यः कुलपति**



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में यातायात नियमों का पालन करना अब सभी के लिए अनिवार्य हो गया है। कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि परिसर में दोपहिया वाहन वालों को बिना हेलमेट और चार पहिया वाहन वालों को बिना सीट बेल्ट के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

कुलसचिव राकेश कुमार ने बताया कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश शासन के परिवहन अनुभाग-3, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार लिया गया है। इन निर्देशों में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक है।

इसी प्रकार जो अधिकारी व कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य हो।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी निर्णय लिया है कि परिसर के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जांच की जाएगी। यदि इन निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जाएगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय परिसर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और छात्रों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर 84 हजार की ठगी में मुकदमा

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के बसनी बिषेनपुर गांव निवासी एक सेवानिवृत्त कर्मी के साथ मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदलकर चौरासी हजार रूपए निकाल लिये जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस आयुक्त जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है जिसके सापेक्ष में स्थानीय पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त को दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी छोटे लाल ने आरोप लगाया है की मैं बीते 27 जनवरी को बसनी बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसा निकालने गया था इस दौरान मदद के नाम पर केबिन में घुसे दो अज्ञात लोगों ने उनका एटीएम कार्ड बदलकर चालीस हजार नगद निकाल कर शेष रुपये से खरीदारी कर लिया।

# 76 हजार की लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



**चौबेपुर।** क्षेत्र के सोनबरसां बाजार में पांच फरवरी को बैंक ऑफ बड़ौदा की फ्रेंचाइजी शाखा की बैंक मित्र नीलम भारती पत्नी जयप्रकाश भारती निवासी परनापुर चौबेपुर बैठी थी कि दो लोग आकर आधार कार्ड से 10हजार रुपए निकालने की बात कही। जब बैंक मित्र रुपए निकालने के लिए बैठी तभी एक युवक ने प्यास लगी है पानी मांगा। जब बैंक मित्र पानी लेने अपने दुकान के पिछे गई तो दोनों युवक उनके दरार में रखे पर्स से 76हजार रूपए, आधार कार्ड,पैन कार्ड, बैंक आफ बड़ौदा का एटीएम लेकर भाग निकले।

सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज कैमरे से जांच कर रही थी। बैंक मित्र की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया था। उस मामले में पुलिस ने बलुआ रिंग रोड से शनिवार की रात 10बजकर 50 मिनट पर चेकिंग अभियान के दौरान घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में विशाल गुप्ता पुत्र भैरों प्रसाद गुप्ता निवासी सलारपुर, मनीष गोंड पुत्र जगमोहन निवासी रसूल गढ़,सूरज गुप्ता पुत्र भैयाजी गुप्ता निवासी सूजा बाद बंधा रोड रामनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार तीनों के पास से लूट के 15 हजार 620 रुपए नगद, तीन मोबाइल फोन,एक एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड,व एक काले रंग की पल्सर इन लोगों की निशान देही पर बरामद किया गया है। जिसमें विशाल गुप्ता का अपराधिक रिकॉर्ड में आर्म एक्ट में रामपुर जौनपुर, केराकत में दर्ज. है। सूरज गुप्ता अपराधिक रिकॉर्ड केराकत जौनपुर में है।

## सिविल व भंडार डिपो की टीम बनी विजेता

**वाराणसी।** बनारस इंजन रेल कारखान में आयोजित अंर्तविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 के फाइनल मुकाबले में रविवार को सिविल एवं भंडार डिपो की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लोको-1 को 13 रन से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

सिविल एवं भंडार डिपो की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 163 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के शानदार बल्लेबाज मुन्ना यादव (43 रन), सुनित कुमार (28 रन), इमरान खां (24 रन) और अमित कुमार (18 रन) ने उपयोगी योगदान दिया। लोको-1 की गेंदबाजी में अमित सिंह ने 4 विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि राजेंद्र यादव, दीपक बिष्ट और राजेंद्र पटेल ने 1-1 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोको-1 की टीम ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 151 रन ही बना सकी। लोको-1 की ओर से मो. राजेंद्र यादव (71 रन) और अमित सिंह (28 रन) ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सिविल एवं भंडार डिपो के गेंदबाजों ने सधी हुई लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए लोको-1 को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया। जगदीश सोरेन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा सुनित कुमार (1 विकेट, 26 रन), नवीन यादव (1 विकेट, 25 रन) और विनय कुमार (1 विकेट, 18 रन) ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए जगदीश सोरेन को ₹मैन ऑफ द मैच₹ के खिताब से नवाजा गया। इस रोमांचक मुकाबले के अवसर पर एम.पी. सिंह, मुकेश कारीढाल, हरीश सिंह कुरीयाल, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल भावना का आनंद लिया।

## 'अधिवक्ता ऐक्ट में संशोधन अधिकारों का हनन'

**वाराणसी।** भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट में किये जा रहे संशोधन को लेकर अधिवक्ताओं में रोष है सभी ने कहा कि यह संधोशन अधिवक्ताओं के अधिकारों पर अंकुश लगाने वाला है। इसके साथ ही अधिवक्तओं की सुरक्षा पर भी सवाल है। संशोधन के विरोध में अधिवक्तागण अनूप कुमार सिंह एडवोकेट पूर्व सचिव प्रशासन एवं एडॉ. शशि वर्मा अध्यक्ष युवा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में जिला प्रशासन के द्वारा प्रधानमंत्री, विधि मंत्री और मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। सभी ने ज्ञापन देते हुए इस संशोधन का विरोध किया। कहा कि यह संशोधन तत्काल प्रभाव से निरस्त नहीं किया जाता है तो हम सब आंदोलन प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे उपरोक्त प्रतिनिधि मंडल में एडॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, एड. शशि वर्मा, एड. अतुल्य मिश्रा, एड. इमरान अहमद, एड. विपिन प्रताप सिंह, एड. रमेश कन्नौजिया, सोनू, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

# स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू करे सरकारः नरेंद्र शर्मा

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**चांदपुर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का तृतीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न**

**वाराणसी।** चांदपुर स्थित सरस्वती महिला महाविद्यालय के मैदान में रविवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित तृतीय वार्षिक अधिवेशन में पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 1100 से ज्यादा विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू करने के लिए आवाज बुलंद की गई।

एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र शर्मा ने मंच से मान्यता के सरलीकरण की मांग की। सरकार से मांग की कि निजी विद्यालयों को किसी भी प्रकार के सरकारी टैक्स या फिर कामर्शियल श्रेणी से बाहर रखा जाए।आरटीई की शुल्क प्रतिपूर्ति दर 450 से बढ़ाकर कर 2000 रुपये प्रति माह की दर से सुनिश्चित की जाए। देश में स्कूल सेफ्टी एक्ट को अमल में लाया जाए। बेरोजगारी भत्ता की तर्ज पर सरकार की तरफ से निजी विद्यालयों के डिग्रीधारी शिक्षकों व कर्मचारियों को दस हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय दिया जाए।

शिक्षा का अधिकार कानून में संशोधन की मांग करते हुए जगह के हिसाब से मान्यता के नियम को सरल करने की मांग समेत स्टेशनरी व पठन-पाठन व शिक्षा से जुड़ी समस्त सामग्रियों को टैक्स फ्री करने की मांग की गई। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामाश्रय पटेल ने रोहनिया विधायक डाक्टर सुनील पटेल के प्रतिनिधि डाक्टर नरेंद्र पटेल के माध्यम से विधानसभा में मुद्दा उठाने के लिए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रमुख एवं अवर सचिव सीबीएसई डाक्टर अखिलेश कुमार मौजूद रहे।

इस दौरान प्रमुख रूप से रघुवर दास विश्वकर्मा, शिव शंकर सिंह, मदन मोहन विश्वकर्मा समेत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरे इण्टरमीडिएट अंकपत्र में मेरे पिता का नाम राजेश वर्मा अंकित है जो गलत है। सही नाम राजेश कुमार वर्मा है। संस्कार वर्मा पुत्र राजेश कुमार वर्मा पता-3सी-34 आवास-विकास कालोनी, दौलतपुर, पाण्डेयपुर, वाराणसी।



वाराणसी में रविवार को रोडवेज बस स्टेशन पर भी यात्रियों की रही भीड़।

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
87700/inc.GST


चांदी (99.50)
97550/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भारत



# पीडीए की विचारधारा के लोग एक मंच पर होंगे, तभी मिलेगी सत्ता

**बोले बाबू सिंह कुशवाहा**

### पिसौर में समाजवादी पार्टी ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की जयंती मनायी





**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी ने शिवपुर विधानसभा के पिसौर, दनियालपुर मौर्या बस्ती में बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की रविवार को जयंती मनाई। मुख्य अतिथि जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा समेत उपस्थित लोगों ने बाबू जगदेव प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि पीडीए की विचारधारा के लोग एक मंच पर होंगे, तभी सत्ता मिलेगी।

मुख्य अतिथि सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि इन्हें बिहार के लेलिन के नाम से जाना जाता है। इन्होंने एक अच्छे समाज को गढ़ने में जान लगा दी थी। जगदेव बाबू समतामूलक शिक्षा व्यवस्था के पक्षधर और एक सामान व अनिवार्य शिक्षा के पैरोकार थे। जगदेव बाबू क्रांतिकारी तथा ओजस्वी विचारों के प्रखर पक्षकार थे। सांसद ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने, जो पीडीए समाज के उत्थान के लिए वीणा उठाया है, उसे मजबूत करना होगा। जब तक पीडीए के लोग आपस में एक जगह बैठकर भाईचारा नहीं बनाएंगे। तब तक कोई हक और अधिकार मिलने वाला नही है।

उन्होंने कहा कि हमारी कलम, किताब, आत्मसम्मान, स्वाभिमान आने वाली पीढ़ी का हक और अधिकार तभी सुरक्षित है। जब हमारी विचारधारा के लोग सत्ता पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था कि संविधान जब पूरी तरह लागू होगा, तभी लोकतंत्र मजबूत और सुरक्षित रहेगा। आप पढ़-लिखकर, आईएएस होकर कैबिनेट सचिव बनकर भी नौकर होंगे, आपको आदेश प्रधानमंत्री का ही मानना होगा। अध्यक्षता करते हुए सुजीत यादव लक्कड़ ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद एक निडर और साहसी योद्धा थे। समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए उन्होंने कुर्बानी दी थी। संचालन पार्षद गोविंद पटेल ने किया। कार्यक्रम में हीरालाल मौर्या, उमेश प्रधान, अक्षय प्रधान, पार्षद संजय यादव, मंजेश सरोज, रामविलास मौर्य, महेश यादव, डॉ. पन्नालाल राजभर, अनीता मौर्या, धर्मेंद्र यादव, रविंद्र मौर्य, जयप्रकाश कुंवर, पंकज यादव, विजय वर्मा, मानता प्रसाद एडवोकेट, बृजेश राजभर, अनिल मौर्य, मदन राजभर आदि ने विचार व्यक्त किये।

# तमिल दल ने भारत कला भवन व आईआईटी का किया अवलोकन



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** तमिलनाडु से आए दल ने रविवार को बीएचयू के सदस्य भारत कला भवन और आईआईटी परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान दल के सदस्यों ने भारत कला भवन में भव्य पेंटिंग गैलरी, मूर्तिकला गैलरी और मालवीय गैलरी को देखा। वहीं, बनारस स्टेशन पर तमिलनाडु से पहुंचे दूसरे जत्थे का स्वागत किया गया।

दल के सदस्यों ने आईआईटी-बीएचयू परिसर का दौरा किया। जहां सदस्यों ने अनुसंधान, नवाचार, खेल संरचनाओं और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं को देखा। अतिथियों का स्वागत बीएचयू के उपनिदेशक डॉ. निशांत ने किया।

इस दौरान छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा, सहायक क्यूरेटर डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. डीबी सिंह तथा दीपक भारतन ने अतिथियों का मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात पं. ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में आयोजित विशेष शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों और लेखकों ने भाग लिया। आईआईटी-बीएचयू के प्रो. आरके मिश्रा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 मातृभाषा में शिक्षा की अहमियत को रेखांकित करती है। उन्होंने इस दिशा में हो रहे कार्य की चर्चा की।

**काशी तमिल संगमम**

### नई शिक्षा नीति, मातृभाषा संगम साहित्य व विकसित भारत पर चर्चा

प्रो. आनंदवर्धन शर्मा ने काशी और तमिलनाडु के ऐतिहासिक संबंधों की चर्चा की। शोधार्थी डॉ. एस. अरुल ने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना, आर्थिक विकास और सुशासन पर युवाओं की भूमिका की चर्चा की। शिक्षिका डॉ. रचना शर्मा ने उच्च शिक्षा में किये जा रहे सुधारों में प्रदेश सरकार की भूमिका की जानकारी दी। छात्रा समाख्या पांडा ने काशी और तमिलनाडु के ऐतिहासिक संबंधों पर उद्गार व्यक्त किये। बताया कि बीएचयू में हो रहा नवाचार व अनुसंधान देश की उन्नति में योगदान दे रहा है। डॉ. नागेंद्र सिंह ने ऋषि अगस्त्य के जीवन और इस वर्ष की संगमम की थीम पर अपने विचार रखे। इस दौरान तमिल दल के प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव व विचार साझा किये।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे के बाद वाराणसी से प्रयागराज के लिए दो स्पेशल ट्रेन

जनसंदेश न्यूज

**आया होश**

### रेलवे का प्रशासनिक अमला दिखा सतर्क



**वाराणसी।** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद वाराणसी के रेलवे स्टेशन पर रेलवे का प्रशासनिक अमला सतर्क दिखाई दिया। जीआरपी के साथ आरपीएफ के जवान पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिए। ट्रेन में होने वाली भीड़ के साथ प्लेटफार्म पर होने वाली भीड़ को पूरी तरह से नियंत्रित करने के साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए दो और स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है ताकि महाकुंभ में जाने के लिए रेलयात्रियों को दिक्कत न हो इसके साथ ही भीड़ जमा न हो।

स्टेशन पर होने वाले अनाउंसमेंट की स्थिति को चेक किया गया और किसी भी तरह की लापरवाही न होने के निर्देश दिए गए।बता दें कि प्रयागराज जाने और वहां से आने वालों की संख्या में कमी नहीं हो रही है। पहले से स्पेशल ट्रेन चलाई गई है लेकिन जब घटना सामने आई तब विभागीय सतर्कता और भी ज्यादा दिखाई दी।

# तमिल छात्रों के समूह ने मंदिरों में किया दर्शन-पूजन

**भ्रमण**

### गंगा स्नान किया और मंदिरों के इतिहास, दिव्यता व भव्यता से हुए रू-ब-रू

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम-3 के दूसरे दिन रविवार को तमिलनाडु से आये छात्रों का समूह हनुमान घाट पहुंचा। जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां की पूजा करते हुए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं, मौजूद आचार्यों ने छात्रों को विस्तार से गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास के बारे में बताया।

गंगा स्नान के बाद सभी मेहमानों ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। सभी मेहमानों को मंदिरों के इतिहास, दिव्यता और भव्यता के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद तमिल मेहमान हनुमान घाट स्थित सुब्रह्मण्य भारती के घर गए। वहां उनके परिवार के सदस्यों से उन्होंने मुलाकात की। छात्रों में काफी कुछ जानने की जिज्ञासा दिखी।

उन्होंने सुब्रह्मण्य भारती के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात सभी कांची मठ पहुंचे और वहां के इतिहास के बारे में जानकारी ली। काशी में दक्षिण भारतीय मंदिर को देखकर युवाओं का दल उत्साहित दिखा।

पं. वेंकट रमण घनपाठी का कहना है कि काशी और तमिलनाडु का गहरा रिश्ता है। ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं, सदियों पुराना है। हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर मिनी तमिलनाडु बसता है। जहां दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों के हजारों परिवार बसते हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन तमिल ग्रंथों में उत्तर भारत के तीन तीर्थ नगरों प्रयागराज, काशी व गया की महत्ता बतायी गयी है। कहा गया है कि प्रयागराज में आत्मऋणण, काशी में देवऋण व गया में पितृऋण से मुक्ति मिलती है। मृत्यु के पश्चात आत्मा को बैकुंठ लोक में वास या मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस धार्मिक प्रक्रिया को मुंडन व वेणीदान कहा जाता है। इसके पश्चात काशी पहुंचकर सभी यहां काशीवास करते हैं। काशी में यह धार्मिक यात्रा कम से कम पांच दिनों की होती है। इस दौरान लोग बाबा विश्वनाथ व माता विशालाक्षी का दर्शन-पूजन करते हैं।

# अमृत सरोवर से अतिक्रमण अविलम्ब हटाएं : सीडीओ

**निरीक्षण**

### सीडीओ हिमांशु नागपाल ने हरहुआ स्थित सरोवर की वस्तुस्थिति देखी

जनसंदेश न्यूज



**हरहुआ।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने रविवार को अमृत सरोवर हरहुआ का निरीक्षण किया। वहां अतिक्रमण देख अतिक्रमणकर्ता को बुलाया और जानकारी ली। पेपर देखने के बाद सीधे एसडीएम पिंडरा से वार्ता की और सरोवर की भूमि पर से अविलम्ब अतिक्रमण हटवाने को कहा।

ग्राम प्रधान अनवर उर्फ अन्नू से सरोवर के प्राचीनता की जानकारी ली तो पता चला कि लगभग 100 साल पुराने सरोवर का निर्माण भोडा (अनेई) के सावजी ने लाल पत्थरों से धर्मार्थ कार्य के लिए कराया। सरोवर किनारे शिवमंदिर व कुआं भी बनवाया है। यह सगरा ताल से जुड़े होने से बराबर पानी से भरा रहता है। इसके पास ही श्राद्ध कर्म से लेकर शादी विवाह के मंगल कार्य, स्नान पर्व भी होता रहता है। पास में रामलीला मैदान भी है।

मन्दिर पर नियमित भजन कीर्तन होता चला आ रहा है। सीडीओ ने ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व के सरोवर के सुंदरीकरण के लिए बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा को खाली स्थानों पर फ्लावरिंग, झूला, बेंच व रोजगार की दृष्टि से स्टाल बनवाने सहित रंगाई-पुताई कराने का निर्देश दिया। आसपास गंदगी देख ग्राम प्रधान को सफाई कर्मी के पेरोल पर हस्ताक्षर न करने को कहा।

प्रधान ने बताया कि सरोवर के चारो तरफ पिचरोड व इंटरलॉकिंग कार्य हुआ है। अतिक्रमण के पास इंटरलॉकिंग का कार्य अवरुद्ध है। वहीं किनारे ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जूनियर व प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, व्यायामशाला, बारात घर, शिव मंदिर, विश्वकर्मा बाबा मंदिर व जवाहर बीर बाबा मंदिर स्थापित है। जहां नियमित लोगों का आवागमन और दर्शन-पूजन चलता रहता है। सीडीओ ने इसे टूरिज्म के रूप में विकसित करने पर विचार किया। इस दौरान सचिव गौरव विश्वकर्मा के अलावा क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्कूलों में अब 22 फरवरी तक अवकाश

**वाराणसी।** महाकुंभ के पलट प्रवाह को देखते हुए एक बार फिर शहरी क्षेत्र के एक से आठ तक के स्कूलों में 22 फरवरी तक छुट्टी बढ़ा दी गई है। पहले ये स्कूल 17 फरवरी से खुलने वाले थे। सीबीएससी की परीक्षा अपने कार्यक्रम के अनुसार होगी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम की ओर से दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के नगरीय क्षेत्र के कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों में परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों में 22 फरवरी 2025 तक पठन-पाठन ऑनलाइन माध्यम से रहेगा। खंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी निजी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रबंधक इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं। शहर और इसके निकटवर्ती इलाकों में बाहर से आने वालों की संख्या में कोई खास कमी नहीं आई है और गंगा स्नान से लेकर दर्शन करने वालों की तादाद ने शहर में बेतहाशा जाम की स्थिति पैदा कर रखी है।

# प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**काशी तमिल संगमम**

### नमो घाट पर लगी चित्र प्रदर्शनी देखने पहुंचे विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से नमो घाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम-3 में ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर नमो घाट पर लगायी चित्र प्रदर्शनी पंडाल में रविवार को दर्शकों के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक चित्र प्रदर्शनी में ऋषि अगस्त्य के जीवन एवं कार्यों के बारे में सचित्र वर्णन किया गया है। साथ ही साथ तमिलनाडु के अन्य महान ऋषि, सामाजिक सुधारक, बैज्ञानिक, शिक्षाविद, कवि और स्वतंत्रता सेनानी के जीवन एवं कार्यों के बारे में भी सचित्र जानकारी दर्शाया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों को भी प्रदर्शित किया गया है। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

# पक्के महाल के लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे

## कई लोगों का हाथ-पैर फैक्चर हो गया, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे

**हाल-बेहाल**

### दवा व सब्जी तथा अन्य सामान खरीद नहीं पा रहे

### भीड़ ने शिक्षा व चिकित्सा को सबसे ज्यादा प्रभावित किया

राधेश्याम कमल


डा. जयशंकर जय


कवि सुरेन्द्र वाजपेयी


महेन्द्र गुप्त


राधाकृष्ण गणेशन


डा. मंजरी पांडेय


विकास विदिप्त


विन्ध्याचल पांडेय


संगीता श्रीवास्तव

**वाराणसी।** बनारस में भारी भीड़ के चलते सबसे ज्यादा परेशानी पक्के महाल के लोगों को हो रही है। हालात यह है कि लोग घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। गलियों में जाम के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यहीं नहीं बहुत सारे लोग दवाइयां व सब्जी भी नहीं खरीद पा रहे हैं। इस भीड़ में कई लोगों के हाथ-पैर फैक्चर हो गये हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इस भीड़ ने चिकित्सा व शिक्षा को काफी प्रभावित किया। जनसंदेश टाइम्स ने शहर में भारी भीड़ को लेकर लोगों से बातचीत की।

साहित्यकार डा. जयशंकर जय कहते हैं कि इस भीड़ ने सभी को परेशानियों में डाल दिया है। इस समय स्कूल बंद चल रहे हैं। सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा शनिवार से प्रारंभ हो चुकी है। इस भीड़ ने शिक्षा व चिकित्सा को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। कवि सुरेन्द्र वाजपेयी कहते हैं कि सारी परेशानी शासन प्रशान की अनुभवहीनता है। इसी के चलते इतनी सारी परेशानी खड़ी हुई। मरीजों की एम्बुलेंस भी नहीं जा पायेगी। आम आदमी को इतना कष्ट कभी नहीं हुआ। इस बीच वीआईपी के आ जाने से और भी सड़क हो गया। वीआईपी को एकदम नहीं आना चाहिए। सुरेन्द्र मिश्र शीलू कहते हैं कि जहां श्रद्धा है वहां परेशानी नहीं है। काशी में जो भी आ रहा है वह श्रद्धा भाव से आ रहा है। यहां पर सनातन का भाव है। यह सनातनियों की भीड़ है। महेन्द्र गुप्ता कहते हैं कि

महेन्द्र गुप्त कहते हैं कि महाकुंभ के बाद की जो भीड़ है शहर में आ रही है वह बहुत ज्यादा बढ़ती चली जा रही है। विशेष रूप से मंदिर क्षेत्र के लोग विश्वनाथ मंदिर या काल भैरव मंदिर या संकटा मंदिर क्षेत्र के लोगों को अपने घरों में कैद होने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पुलिस प्रशासन पूरी सक्रियता से अपना काम कर रही है लेकिन फिर भी भीड़ नियंत्रित नहीं हो पा रही है। इससे सबसे ज्यादा पक्के महल के लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कलाविद् छायाकार-डा. राधाकृष्णन ने कहा कि जबसे बनारस सदृश अति प्राचीन धार्मिक स्थल को पर्यटन को प्रमुखता देकर धनोपार्जन का केन्द्र बनाया गया है, पूरा शहर जाम के चपेट में आ गया है। ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां भीड़ न हो। गंगा-घाट से लेकर गलियों तक में हर समय भीड़ रहती है। सात वार तेरह त्यौहार वाले शहर में अब दिन-रात भी भीड़ में तब्दील हो चुका है। हर तरफ तीर्थयात्रियों के अलावा उनकी तिमारदारी के लिए, चहुंओर तरह-तरह की दुकानें, टोटो-आटो, कचौड़ी, जलेबी, चाट, मिठाई, चाय,काफी, मोमो, चाऊमीन आदि का ठेलमपेल मचा हुआ है। जिससे किसी भी सड़क में चलने लायक स्थिति नहीं है। कवयित्री, लेखिका,डा. मंजरी पांडेय कहती है कि मीडिया के कमाल ने धमाल किया है।

आस्था के केन्द्र से अनैतिक, अप्रासंगिक समाचार दिखा कर लोगों को मदान्ध कर दिया है। आज समस्या उत्पन्न करने वाले हममें से ही लोग हैं जो हर हर गंगे बोलकर लोगों को बेतहाशा लूट रहें हैं। समस्याओं की ओर ध्यान जा नही रहा या दिया नही जा रहा।

आम बेचारी जनता असहाय सी दिख रही है। शिक्षक विकास विदीप्त महाकुम्भ का पलट प्रवाह और साथ-साथ रैदासी संतों -भक्तों से काशी आजकल भरी हुई है। शहर की भीड़ और यातायात को नियंत्रित करने में प्रशासन को भी नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं। इसी बीच बोर्ड की परीक्षाएँ भी प्रारंभ हो गई हैं। होटलों में एक-दो कमरे मिलना भी कठिन हो गया है। काशीवासियों को अतिरिक्त संयम दिखाने की आवश्यकता है। ऐसे में हम अनावश्यक शहर में न निकलें, बहुत जरूरी हो तो छोटे वाहनों का उपयोग करें। हम आगंतुकों के साथ भद्र व्यवहार करें और जहाँ तक संभव हो उनकी सहायता करें। कवि डॉ विंध्याचल पाण्डेय कहते हैं कि काशीवासियों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गयी है। मरीज की चिकित्सा,विद्यार्थियों की शिक्षा पूर्णतः प्रभावित हो रही है।लोगों को आवश्यक गृहस्थी के कार्यों में भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। व्यवसाय एवं नौकरी[सरकारी एवं प्राइवेट)दोनों गम्भीर रूप से प्रभावित है।

कुल मिलाकर आस्था व श्रद्धा का सम्मान करते हुए यह आकस्मिक दंश सहना ही पड़ेगा। डॉ संगीता श्रीवास्तव का कहती है कि कहां जाईं, का करीं , कईसे चलीं ? काशी सनातन काल से धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी रही है। बाबा विश्वनाथ मां अन्नपूर्णा और अपने गण समेत आनंद कानन में सदैव विचरण करते रहते हैं और अपने भक्तजनों को अपने आशीर्वाद से भरते रहते हैं। परंतु इस समय १४४वर्षों के बाद आए महाकुंभ की खगोलीय घटना ने संगम स्नान की मनोकामना को प्रबल कर दिया है दर्शनार्थियों का पलट प्रवाह बाबा विश्वनाथ को भी दुखी कर रहा है और जब बाबा दुखी हों, तो उनके भक्तों का दुखी होना स्वाभाविक है। मुख्य रोड़ पर तो भीड़ और जाम है ही, बनारस की गलियां भी भीड़ से जाम है। बोर्ड की परीक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं । छात्र-छात्राएं , अभिभावक तथा आम जन सभी इस असीम भीड़ और घंटों जाम की समस्या से जूझ रहे हैं । इतना ही नहीं आवागमन के साधन भी मनमाना किराया लेकर गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं, ऐसा करना जनता की विवशता है। यह समस्या सीनियर सिटीजन के लिए असहनीय है।

### विश्वसुंदरी पुल से लेकर डाफी टोल प्लाजा तक लगा जाम

राष्ट्रीय राज्यमार्ग 19 पर दूसरे दिन यानी रविवार को भी बाया लेन भीषण जाम की चपेट में था। विश्वसुंदरी पुल से लेकर डाफी टोल प्लाजा लेकर अखरी चौराहा के आगे तक जाम लगा रहा है। महाकुंभ से लौट कर वापस बिहार, बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, आसाम और उड़ीसा सहित अन्य स्थानों पर जाने वालों की गाड़ियां फंसी रही। डाफी से नारायणपुर चौराहा तक हाइवे का सर्विस मार्ग भी जाम हो गया है। सर्विस मार्ग जाम होने से स्थानीय लोगो की परेशानी जायदा बढ़ गई हैं। हाइवे जाम होने के बाद झारखंड-छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश जाने वाले कुछ वाहन चालक अखरी चौराहा कटकर बच्छांव, अदलपुरा, चुनार, अहरौरा, सोनभद्र की तरफ निकल जा रहे हैं। हाइवे पर जाम लगने का कारण टेंगरा मोड़ पर यू-टर्न लागू होना और हाईवे के बीच में सड़क की मरमत का कार्य चल रहा है। इसके कारण दोनों तरफ की एक एक लेन से ही गाड़ियों का आवागमन हो रहा है।

# नकलविहीन और शांतिपूर्ण बोर्ड परीक्षा कराने के निर्देश

वाराणसी। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बोर्ड परीक्षा नकलविहीन, शांतिपूर्ण, सकुशल, शुचितापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों और बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वह रविवार को बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के बाबत यातायात पुलिस लाइन सभागार में आवश्यक ब्रीफिंग कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है, जिसे सकुशल संपन्न कराने की ज़िम्मेदारी आप सभी की है। महाकुंभ के पलट प्रवाह को देखते हुए एक अतिरिक्त चुनौती है। सभी केंद्र व्यवस्थापक गाड़ियों की आवाजाही से संबंधित सेपरेट रूट तय कर लें ताकि कोई विद्यार्थी या अध्यापक भीड़ में न फंसे। सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने स्कूल में बच्चों की परीक्षा से संबंधित ब्रीफिंग अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि यातायात संबंधी कोई समस्या हो तो पास के लिए प्रशासन से संपर्क कर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। इस परीक्षा की गंभीरता को समझते हुए उत्तर प्रदेश बोर्ड की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप ही परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराए।

**ब्रीफिंग**

**यातायात संबंधित समस्या हो तो पास के लिए प्रशासन से तत्काल करें सम्पर्क : एस. राजलिंगम**

**सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने स्कूल के बच्चों की परीक्षा से संबंधित ब्रीफिंग सेशन अवश्य करा लें**

उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने परीक्षा केंद्रों को सेनेटाइज करा लें और अपने अधीनस्थों/कक्ष निरीक्षकों की ब्रीफिंग अवश्य करा लें। उन्हें परीक्षा के नियम, प्रक्रिया व अनुशासन संबंधी जिम्मेदारियों को समझा दें। आने वाले हर परीक्षा में कुछ चैलेंजर्स होते हैं, जिसके लिए हम सभी को तैयार रहना है। उन्होंने उपस्थित सभी मजिस्ट्रेटों और केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अध्ययन कर लेने के भी निर्देश दिए। एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा ने परीक्षा दौरान आने वाली समस्याओं तथा बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने परीक्षा के दौरान सिल बुकलेट के खोलने से लेकर वितरण सहित एब्सेंट कैंडिडेट के संबंध में, वेरिफिकेशन सीट भरने की प्रक्रिया, वीडियो रिकॉर्डिंग आदि जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह सहित समस्त सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सभी केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।




# बीएचयू की विशिष्टताओं और उपलब्धियों की प्रदर्शनी

## काशी-तमिल संगमम 3.0 के तहत नमो घाट पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। काशी तमिल संगमम 3.0 के आयोजन स्थल नमो घाट पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें विश्वविद्यालय की विशिष्टताओं व उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

प्रदर्शनी के पहले दिन शनिवार को दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय में डेंटल इंप्लांट, विज्ञान संस्थान के भौतिकी विभाग के तहत हाइड्रोजन चलित मोटरसाइकिल व चूल्हा, आयुर्वेद संकाय द्वारा विकसित विविध औषधियों, चिकित्सकीय पौधों, आयुर्वेद फार्मेसी के उत्पादों, महिला अध्ययन केंद्र के प्रकाशनों, दृश्य कला संकाय की कलाकृतियों आदि को प्रदर्शनी में रखा गया। विश्वविद्यालय का स्टाल आमजन में खासा आकर्षण का केंद्र रहा।

उद्घाटन समारोह से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विश्वविद्यालय के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को बीएचयू के सदस्यों ने हाइड्रोजन चलित मोटरसाइकिल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# एक साल बाद प्रवेश परीक्षा एक महीने में रिजल्ट!

जनसंदेश न्यूज

**प्रतीक्षा लंबी**

**काशी विद्यापीठ में शोध में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को अब भी इंतजार**

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 2023-24 में शोध में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को इंतजार करना पड़ेगा। स्थिति यह है कि एक साल बाद किसी तरह प्रवेश परीक्षा करवाई गई। एक महीने बाद परिणाम भी जारी कर दिया गया है, लेकिन विभागों की ओर से दाखिले की प्रक्रिया कब शुरू होगी, इस पर फैसला नहीं हो पाया है।




ऐसे में अभ्यर्थी प्रवेश के लिए तिथि का इंतजार कर रहे हैं। काशी विद्यापीठ में सत्र 2023-24 में शोध में दाखिला लिया जाना था। निर्धारित केंद्र पर 834 सीट के सापेक्ष 1111 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। महीने भर बाद आठ जनवरी को आंसर-की जारी की गई और फिर आठ फरवरी को परिणाम भी जारी कर दिया गया। खास बात यह है कि प्रवेश परीक्षा में केवल 429 अभ्यर्थी ही पास हो पाए।

परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करने के बाद विभागवार उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची तैयार करवाकर संबंधित विभागों को भेजी जा चुकी है। इसमें शोध के दाखिले के नियम के अनुसार विभागों को ही प्रवेश लेना है। वहीं से तिथि भी तय होगी।

## पाक से आए सिंधी समाज के लोग, किया अमृत स्नान

वाराणसी। सनानत के सबसे बड़े पर्व महाकुंभ में पाकिस्तान से भी लोग पहुंचे थे। सिंधी समाज के 68 लोगों ने गंगा स्नान कर पुण्य कमाया। इन लोगों को काशी का वीजा नहीं मिल पाया था> पाकिस्तान से आए सिंधी समाज के 68 लोगों ने महाकुंभ में आस्था की डुबकी तो लगा ली लेकिन उनकी काशी में दर्शन-पूजन की मुराद अधूरी रह गई। कारण, पाकिस्तान से उनको यहां के लिए वीजा ही नहीं मिला। हालांकि, उनके महाकुंभ में स्नान करने पाकिस्तान के मुसलमान काफी खुश हैं।वहां के मुसलमानों ने उन्हें न सिर्फ बधाई दी है बल्कि ये भी कहा कि आपने तो महाकुंभ स्नान कर जैसे हज कर लिया। सिंधी समाज का ये दल 28 फरवरी को पाकिस्तान रवाना होगा। महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भी सिंधी समाज के 68 सिंधी आए थे। प्रयागराज में पांच से आठ फरवरी तक स्नान व पूजन-अर्चन किया। जत्थे में शामिल गोविंद राम माखीजा और रामदास ने बताया कि हमें काशी का वीजा नहीं मिला। केवल प्रयागराज, रायपुर और हरिद्वार का ही वीजा मिला है। कहा कि महाकुंभ सनातनियों का महापर्व है। इसे पाकिस्तान में भी श्रद्धा और भक्ति की नजर से देखा जा रहा है।

# परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में हों शामिल

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सेमेस्टर परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा के दृष्टिगत कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी एवं कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। अधिकारीद्वय द्वारा जारी शुभकामना संदेश में परीक्षार्थियों से कहा है कि यह समय आपके शैक्षिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम आशा करते हैं कि आप सभी ने पूरी निष्ठा व मेहनत के साथ अपनी तैयारियां की हैं। हम जानते हैं कि परीक्षा का समय तनावपूर्ण हो सकता है, लेकिन आप परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ इसका सामना करेंगे, ऐसा हमें पूरा विश्वास है।

उन्होंने कहा कि आप सभी परीक्षा के दौरान पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। संतुलित आहार, पर्याप्त विश्राम और मानसिक शांति के लिए सही कदम उठाना आवश्यक है। तनाव से बचने के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं और केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही, परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने का प्रयास करें और यदि आप दोपहिया वाहन का उपयोग कर रहे हैं, तो कृपया हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें और गति पर नियंत्रण रखें। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य न केवल आपकी शैक्षिक सफलता को सुनिश्चित करना है, बल्कि आपका समग्र विकास भी है। याद रखें, मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं है और इसी के फलस्वरूप सफलता निश्चित है। अंत में उन्होंने कहा कि आपकी सफलता के लिए हमारी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ हैं। हम आशा करते हैं कि आप इस परीक्षा को आत्मविश्वास, अनुशासन और कठिनाई से निपटते हुए सफलता के साथ पूर्ण करेंगे।

**दी शुभकामना**

**काशी विद्यापीठ में सेमेस्टर परीक्षाएं आज से, कुलपति व कुलसचिव ने परीक्षार्थियों को दीं शुभकामनाएं**





## संक्षेप

### कृष्णा मिस्टर फ्रेशर व मानसी मिस फ्रेशर



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग में बीएफए के छात्र-छात्राओं का फ्रेशर एवं फेयरवेल समारोह का आयोजन रविवार को विभाग के सभागार में संपन्न हुआ। समारोह में बीएफए से प्रथम वर्ष के कृष्णा मिस्टर फ्रेशर, मानसी पांडेय मिस फ्रेशर तथा तृतीय वर्ष के मिस्टर फेयरवेल आकाश दुबे एवं मिस फेयरवेल शिवांशिका वर्मा को दिया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने चित्र के अलावा गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य आदि प्रस्तुत किया। अंत में विभागाध्यक्ष डा. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संचालन शिवा त्रिपाठी व साक्षी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डा. शत्रुघ्न प्रसाद, डा. रामराज, डा. मदन प्रसाद गुप्ता, डा. स्नेहलता कुशवाहा, शालिनी कश्यप, देवयानी राय, बलदाऊजी वर्मा, प्रवीण प्रकाश हिमांशु आदि लोग उपस्थित रहे।

### शगुन ने अभा अंतर विवि वेट लिफ्टिंग में जीता सिल्वर मेडल



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की शगुन राव ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता 59 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला में आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीतकर शगुन ने काशी विद्यापीठ का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, वित्त अधिकारी संतोष शर्मा, कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार, सचिव डा. नवरत्न सिंह, उप कुलसचिव हरीश चन्द आदि ने शगुन राव, टीम के प्रभारी डा. अमरेंद्र सिंह, कोच, मैनेजर को बधाई दी।

### पालिका की पूर्व चेयरमैन आशा गुप्ता का सम्मान



रामनगर। अटल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को भाजपा ने नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन व पार्टी की कर्मठ कार्यकत्री आशा गुप्ता का अंगवस्त्रम व फूल-माला पहना कर अभिनंदन किया। उन्होंने संगठन के महत्वपूर्ण दायित्व पर कार्य किया है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई के साथ के अपने कुछ संस्मरण भी साझा किए। स्वागत करने वालों में नगर अध्यक्ष प्रीती सिंह, महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, अशोक जायसवाल, राजेन्द्र शंकर सिंह पटेल, राजकुमार सिंह, रितेश पाल गौतम, मनोज यादव, संतोष गुप्ता, विनोद सिंह पटेल, कंचन निषाद, मंजू जैसल, भैय्यालाल सोनकर, मंजू देवी, परमेंद्र मिश्र, मुकेश कसेरा आदि लोग थे।

### शहर दक्षिणी में पीडीए चर्चा

वाराणसी। समाजवादी पार्टी महानगर की तरफ से शहर दक्षिणी विधानसभा के सेक्टर नंबर 55 प्रहलाद घाट में रविवार को पीडीए चर्चा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने इस देश में संविधान को कमजोर करने के लिए प्रयासरत वर्तमान सरकार के इरादे को समझने की खातिर पीडीए समाज को सचेत किया। इस दौरान अजहर अली सिद्दीकी, किशन दीक्षित, प्रदीप जायसवाल, अजय चौरसिया रवि यादव कल्लू, सन्नी राय, अब्दुल कलाम, राहुल यादव, राहुल गुप्ता शीला चतुर्वेदी, आयुष्मान चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों व छात्रों ने देखी भारत कला भवन की भव्यता

## नई शिक्षा नीति 2020 मातृभाषा में शिक्षा की अहमियत को करती है रेखांकित

जनसंदेश न्यूज

**काशी तमिल संगम 3.0**

**शैक्षणिक सत्र में नई शिक्षा नीति, मातृभाषा, संगम साहित्य व विकसित भारत पर चर्चा**

वाराणसी। बीएचयू में काशी तमिल संगमम 3.0 के अंतर्गत आयोजित बौद्धिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्वानों, शिक्षकों, लेखकों और विद्यार्थियों ने नई शिक्षा नीति, मातृभाषा, संगम साहित्य और विकसित भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर शिक्षक, विद्यार्थियों और लेखकों के 205 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत कला भवन का भ्रमण किया। वहां उन्होंने भव्य पेंटिंग गैलरी, मूर्तिकला गैलरी और मालवीय गैलरी का अवलोकन किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी-बीएचयू परिसर का दौरा किया, जहां सदस्यों ने अनुसंधान, नवाचार, खेल संरचनाओं और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं को देखा। प्रतिनिधिमंडल में तंजावुर विश्वविद्यालय, पांडिचेरी विश्वविद्यालय और भारती दास कॉलेज के छात्र शामिल थे। सभी अतिथियों का स्वागत बीएचयू के उपनिदेशक डा. निशांत द्वारा किया गया। इस दौरान छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा, सहायक क्यूरेटर डा. अनिल कुमार सिंह, डा. डीबी सिंह तथा दीपक भारतन ने अतिथियों का मार्गदर्शन किया।

तत्पश्चात पंडित ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में आयोजित विशेष शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों और लेखकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सत्र के मुख्य वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण विचार रखे। आईआईटी-बीएचयू के प्रो. आरके मिश्रा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 मातृभाषा में शिक्षा की अहमियत को रेखांकित करती है। उन्होंने इस दिशा में हो रहे कार्य की चर्चा की। प्रो. आनंदवर्धन शर्मा ने काशी और तमिलनाडू के ऐतिहासिक संबंधों की चर्चा की। उन्होंने महान कवि सुब्रमण्यम भारती, पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम समेत तमिलनाडु के अनेक महान व्यक्तियों के जीवन व योगदान की चर्चा की और बताया कि उनके कार्य ने देश को एक सूत्र में पिरोने में भूमिका निभाई। उन्होंने स्थानीय भाषाओं में शैक्षणिक सामग्री तैयार करने के महत्व को रेखांकित किया। आईआईटी-बीएचयू से शोध करने वाले डा. एस. अरुल ने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना, आर्थिक विकास और सुशासन (गुड गवर्नेंस) पर अपने वक्तव्य में युवाओं की भूमिका की चर्चा की। शिक्षिका डा. रचना शर्मा ने बताया कि कैसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों और योजनाओं से राज्य में शिक्षा क्षेत्र को नई रफ्तार मिल रही है। इनमें 73 नए कॉलेजों, तीन नए विश्वविद्यालयों की स्थापना और उच्च शिक्षण प्रोत्साहन निधि प्रमुख हैं।



बीएचयू की छात्रा समाख्या पांडा ने काशी और तमिलनाडु के ऐतिहासिक संबंधों पर बताया कि बीएचयू में हो रहा नवाचार व अनुसंधान देश की उन्नति में योगदान दे रहा है। डा. नागेंद्र सिंह ने ऋषि अगस्त्य के जीवन और इस वर्ष की संगमम की थीम पर अपने विचार रखे।

सत्र के अंत में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव व विचार साझा किए। अरुण वेंकट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व से काशी तमिल संगमम जैसा भव्य कार्यक्रम हो रहा है और जिसके तहत प्रतिभागियों को वह अनुभव करने का अवसर मिला, जिसे वे केवल सुनते आए थे। शिक्षिका भाग्यलक्ष्मी ने कहा कि काशी तमिल संगमम में वे जो देख सुन रही हैं उसे अपने विद्यार्थियों के साथ भी साझा करेंगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार कर रहा है।

# जेडी एकादमी नोएडा को हराकर यूपी 'ए' चैंपियन

## स्व. शिव कुमार सिंह मेमोरियल प्राइजमनी इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। सरदार पटेल इंटर कालेज बावनबीघा के में चल रही स्व. शिव कुमार सिंह मेमोरियल प्राइजमनी इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को प्रतियोगिता का समापन चंदौली सांसद वीरेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ए टीम ने जेडी अकादमी नोएडा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दूसरे दिन लीग मैच में वाराणसी ने बीके अकादमी को 45-29 के अंकों से हराया। उत्तर प्रदेश ए ने जेडी अकादमी नोएडा को 25-09 के अंकों से हराया। युवा एकता कबड्डी अकादमी और मेरठ का अंक 18-18 अंक रहा। वाराणसी ने उत्तर प्रदेश बी को 26-19 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। केएसएस नैन अकादमी बागपत ने बीके अकादमी मेरठ को 40-38 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहले सेमीफाइनल में जेडी अकादमी नोएडा ने वाराणसी को 30-26 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ए ने एकतरफा मुकाबले में केएसएस नैन अकादमी बागपत को 42-16 के अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



फाइनल में उत्तर प्रदेश ए ने जेडी अकादमी नोएडा को 31-25 के अंकों से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जेडी अकादमी नोएडा तथा वाराणसी एवं केएसएस नैन अकादमी बागपत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पूरी प्रतियोगिता में राहुल चौधरी, अर्जुन देशवाल, विनय कुमार, साहुल कुमार,मो.अमान, सचिन यादव का खेल बहुत ही सराहनीय रहा। तृतीय पुरस्कार 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार प्रशांत सिंह साफ्टवेयर इंजीनियर के द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को पुरस्कार वितरित किया। विशिष्ट अतिथि एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, आनंद मोहन उर्फ गुड्डू, डा. अनिल यादव, राधेश्याम यादव, अशोक पांडेय, लक्ष्मी पटेल प्रधान, मुन्ना पटेल, बचई राम आदि उपस्थित रहे।

संचालन उप्र कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह ने किया।

# गंभीर गर्भवती महिलाओं के इलाज पर कार्यशाला

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में गंभीर गर्भवती महिलाओं के आईसीयू में इलाज पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन फंडामेंटल क्रिटिकल केयर सपोर्ट (यूएसए) के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानलेवा स्थितियों पर गंभीर चर्चा की गई। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डा. संदीप लोहा ने बताया की कार्यशाला के लिए पीजीआई रोहतक से प्रोफेसर कुंदन मित्तल और प्रोफेसर प्रशांत कुमार विशेष रूप से आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम में अन्य वक्ता डा. अरुण राज पांडेय, डा राजेश मीणा , डा. बिक्रम गुप्ता , डा. घनश्याम यादव, डा. राजीव दुबे व अन्य रहे। कार्यशाला का उद्घाटन डीन रिसर्च प्रोफेसर गोपाल नाथ, प्रोफेसर एपी सिंह , प्रोफेसर संगीता राय की उपस्थिति में हुआ । धन्यवाद ज्ञापन डा. बद्री प्रसाद दास ने किया ।

# हैंडबाल में वाराणसी मंडल ने जीता रजत पदक

## झांसी में 14 से 16 फरवरी तक ओपन स्टेट आमंत्रण महिला हैंडबाल हुआ

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। झांसी में 14 से 16 फरवरी तक आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण महिला हैंडबाल प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की टीम ने रजत पदक जीता।

झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अयोध्या ने वाराणसी को 25-22 गोल से पराजित किया। दोनों टीमों ने शुरू से ही तेज खेल का प्रदर्शन किया। हाफ टाइम तक स्कोर 12-12 था। दूसरे हाफ में भी वाराणसी की काजल पटेल, सताक्षी पटेल और शिवांगी पांडेय ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

अंतिम दस मिनट में अयोध्या की टीम के आक्रमण को वाराणसी की डिफेंस लाइन मजबूती से नहीं रोक सकी। वाराणसी की तरफ से काजल पटेल, सताक्षी पटेल और शिवांगी पांडेय ने सात-सात तथा प्रीति ने एक गोल किया। वाराणसी मंडल की टीम में विकास इंटर कालेज की नौ छात्राएं शामिल थीं।

सुबह के सत्र में वाराणसी ने सेमीफाइनल में अलीगढ़ को 20-11 से पराजित किया। वाराणसी की तरफ से शिवांगी पांडेय, काजल पटेल, सताक्षी पटेल और अंतिमा ने तीन- तीन, स्नेहा, प्रीति व अनेशा ने दो-दो तथा सानिया और मानसी ने एक-एक गोल किया। कोच तरुण कुमार थे।



# बिजली विभाग के सिस्टम में फॉल्ट ने बढ़ायी लोगों की परेशानी

**गर्मी की आहट**

### बिजली की आंख मिचौली शुरू, कम मिल रही बिजली आपूर्ति



**बलिया।** बिजली विभाग के सिस्टम में फॉल्ट ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। गर्मी की आहट से ही बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो गई है। करोड़ों रुपये खर्च होने पर भी बिजली का सिस्टम पटरी पर नहीं दिखाई दे रहा है। फॉल्ट और अनियमित कटौती के कारण गांवों में 18 के बजाए 12 घंटे बिजली मिल रही है तो शहरों में भी 24 के बजाए 20 घंटे बिजली मिल रही है। सरकार ने बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कई योजनाएं संचालित की हैं। इसके तहत उपकेंद्र समेत अन्य जगहों पर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की गई है। इसके बाद भी फॉल्ट की परेशानी कम नहीं हो रही है। शहर के कदम चौराहा व बहेरी क्षेत्र समेत शहर के मुख्य बाजार में विद्युत कटौती आम बात हो गई है। इन दिनों बिजली की समस्या से ग्रामीण बेहाल हो रहे हैं। बिजली के समय पर नहीं आने से ग्रामीणों के बहुत से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शहर में चौबीस घंटे में 20 से 22 घंटे सप्लाई हो पा रही है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसकी मुख्य वजह बिजली की अनियमित कटौती, लो वोल्टेज, जर्जर तार और खंभे, ओवरलोड है। बदहाल आपूर्ति से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। खेती की सिंचाई बाधित हो जा रही है। बिजली कब आएगी और कब जाएगी, इसका पता नहीं रहता है। कटौती से बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी में बाधित हो रही है।

**परीक्षार्थियों को तैयारी में हो रही दिक्कत**

बिजली कटौती व ट्रिपिंग के चलते बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वालों के सामने संकट खड़ा हो गया है। बिजली कब कट जाएगी, इसका कोई समय का निर्धारण नहीं है। ऐसे में परीक्षा की तैयारी करन वालों के सामने कई तरह की दिक्कत आ जा रही है। बिजली का आना व जाना परीक्षार्थियों के लिए समस्या बनी हुई है।

> शासनादेश के अनुसार बिजली की सप्लाई होती है। फॉल्ट आने पर ही कुछ समय के लिए कटौती होती है। प्रयास होता है कि फॉल्ट को जल्द दूर किया जाए। ओवरलोड खत्म करने के लिए ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की जा रही है।
>
> **आरके सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड तृतीय**

## दो महिला डांसरों को बदमाशों ने पीटा

**बलिया।** बांसडीहरोड में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां दो महिला डांसरों पर पांच अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना शनिवार की रात करीब 12 बजे की है, जब दोनों कलाकार अपने प्रोग्राम से लौट रही थीं। आर्केस्ट्रा संचालिका रोजी की शिकायत के अनुसार, उनके दो नृत्य कलाकार काजल और शीलाखान अपने कार्यक्रम के बाद घर लौट रहे थे। सती मां स्थान के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें और उनके साथी अनंत कुमार को रोक लिया। आरोपियों ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया और फिर लात, घूंसे, मुक्के और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। रविवार को पीड़ितों की ओर से आर्केस्ट्रा संचालिका ने थाने में लिखित तहरीर दी है। बांसडीरोड थाने के थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

# पंचम वेद नाटक का हुआ भव्य मंचन, मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



नाटक का मंचन करते कलाकार।

**बलिया।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव के अवसर पर आयोजित विश्व जन रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें देश की दो हजार से अधिक संस्थाओं ने एक साथ एक ही नाटक का आनलाइन प्रदर्शन कर बनाया विश्व रिकॉर्ड। बलिया से संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की भागीदारी रही। बलिया कलेक्ट्रेट स्थित ड्रामा हाल में 15 फरवरी को देर शाम भरत मुनि के नाट्य शास्त्र पर आधारित पंचम वेद नाटक का मंचन किया गया। नाटक में बताया गया कि किस तरह भरत मुनि ने चारों वेदों को मिलाकर नाट्य शास्त्र की रचना की ताकि वेद का जो निचोड़ है उसका लाभ आम जन को भी मिल सके। नाटक में यह भी संदेश दिया गया कि नाटक करना एक सामाजिक कार्य है, इसका समाज से सीधा जुड़ाव है। इसलिए नाटक का सामाजिक सरोकार होना बहुत जरूरी है। नाटकों के माध्यम से हम ना सिर्फ एक बेहतर समाज का निर्माण करते हैं बल्कि हम एक बेहतर मनुष्य भी बनाते हैं।

**कार्यक्रम की इनकी रही उपस्थिति**

आशीष त्रिवेदी द्वारा निर्देशित इस नाटक में ट्विंकल गुप्ता, ओमवीर खरवार , प्रीतम वर्मा, शिवम कृष्ण, रितिक गुप्ता, आकाश यादव, सागर, तुषार, दूधनाय यादव, खुशी कुमारी, रिया वर्मा, मौनिका गुप्ता ने शानदार अभिनय किया। मेकअप कास्ट्यूम और सह निर्देशन ट्विंकल गुप्ता ने किया। नाटक से पहले कवियित्री डॉ कादम्बिनी सिंह और शिक्षिका वन्दना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकड़ो दर्शक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक से टकरायी कार, पांच घायल

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र में एनएच 31 पर रविवार को तड़के एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई। प्रयागराज संगम से स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं की नेक्सा कार तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घटना सुबह लगभग तीन बजे कपूरी गांव के सामने हुई, जब अभिषेक सिंह अपनी कार में परिवार और रिश्तेदारों के साथ यात्रा कर रहे थे। कार में सवार यात्रियों में नायका टोला बैरिया की अनीता (50), रामपुर टोला के अभिषेक सिंह (25) और छपरा जिले के बनियापुर से राजकुमारी (53), गोलू कुमार (25), रेखा देवी (45), मुन्नी देवी (48) और श्लोक कुमार (23) शामिल थे। फेफना थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया। अनीता देवी की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह का समय होने का फायदा उठाते हुए ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# पर्याप्त मात्रा में सरकार चलाए पैसेंजर ट्रेन

**यात्री सुविधा**

### ट्रेनों में शौचालयों की हालत बदतर, यात्री होते है परेशान

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया (बलिया)।** भारतीय रेल से समाज के सभी वर्ग के लोग यात्रा करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में जाते हैं। उन्हें गंतव्य तक पहुंचने के लिए रेलवे महत्वपूर्ण साधन है। हालांकि इस यात्रा के दौरान यात्रियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इसमें लंबी वेटिंग लिस्ट, कंफर्म सीट के लिए भीषण प्रतिस्पर्धा, टिकट की ब्लैकमेलिंग, खराब गुणवत्ता वाले खाने-पीने के समान, यात्रियों और उनके सामानों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं और स्लीपर तथा जनरल कोचों में शौचायलयों की बदतर स्थिति प्रमुख है। जबकि रेलवे से टिकट खरीद कर यात्री यात्रा करते हैं। तो उन्हें पूरी सुविधा मिलने का हक है।

सबसे ज्यादा खराब स्थिति दैनिक यात्रियों की है। जो ट्रेन से प्रतिदिन आते जाते हैं, और एमएसटी बनाकर यात्रा करते हैं। उनके लिए ट्रेन की यात्रा काफी कठिन हो गई है। त्योहारों में एमएसटी होते हुए भी ट्रेनों से आने-जाने में भारी परेशानी होती है। महिलाओं और बच्चों एक दूसरे ट्रेनों के डब्बे में भारी संख्या मे कोचें रहते हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पर्याप्त संख्या में पैसेंजर ट्रेन चलवाए। जिससे लोगों को असुविधा न हो।



> बैरिया निवासी पदुम प्रसाद गुप्ता का कहना है कि दैनिक यात्रियों के लिए पैसेंजर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। उन्हें समय से चलाने के लिए रेल अधिकारियों को प्रतिबद्ध होना चाहिए। देखा गया है कि पैसेंजर ट्रेनों को घंटों इंतजार में खड़ा करके मेल एक्सप्रेस गाड़ियों को पार कराया जाता है। जिस से दैनिक यात्रियों को घोर परेशानी होती है।



> प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौबे का कहना है कि पैसेंजर ट्रेनों के बेहतर संचालन व बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता है। पैसेंजर ट्रेनों की साफ सफाई शौचायलयों की ठीक-ठाक स्थिति और समय की प्रतिबद्धता अगर ठीक रहे तो दैनिक यात्रियों के लिए मुश्किलें कुछ कम हो जाएगी।



> प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार राय का कहना है कि भारत में सबसे अधिक लोग ट्रेनों से यात्रा करते हैं। ट्रेन में निश्चित रूप से परिचालन रखरखाव साफ-सफाई में लापरवाही बरती जाती है। भ्रष्टाचार भी चरम पर है। ऐसे में रेल मंत्री को रेलवे के कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए। ताकि यात्रियों को सुविधा मिले।



> प्रोफेसर सुभाष चंद्र सिंह का कहना है कि ट्रेनों के निजीकरण के बिना यह समस्या पटरी पर आने वाली नहीं है। पहले लोग सरकारी नौकरी के लिए मारामारी करते हैं। हर हाल में सरकारी नौकरी हासिल करना चाहते हैं, और जब नौकरी मिल जाती है। तो मनमानी चरम पर हो जाती है। रेलवे के अधिकांश मुलाजिम स्वेच्छाचारी हो गए हैं। उनके कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए। संभव हो तो रेलवे का निजीकरण करके समस्या का ही समापन कर देना चाहिए।

## संक्षेप

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**सहतवार (बलिया)।** रामनेवाज मिश्रा सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार की दोपहर में द किंडर गार्डन एकेडमी सुवहल के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग कक्षा तीन से पांचवी तथा सीनियर वर्ग कक्षा 6 से कक्षा 8 तक लिखित परीक्षा आयोजित हुई। उक्त सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 633 प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय का प्रधानाचार्य उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम 23 फरवरी को घोषित होगा। साथ ही इसी दिन क्षेत्र के विशिष्टजनों का भी सम्मान समारोह का आयोजन होना है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की तरफ से 1 वर्ष का फीस माफ कर दिया जाएगा। साथ ही द्वितीय, तृतीय सहित 10 स्थान तक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्ट पुरस्कार से नवाजा जाएगा। बताया कि इस पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ विपिन पाठक संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र भाजपा होंगे। विद्यालय प्रबंधक रोशनी मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहां कि बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए संस्था हमेशा खड़ा रहेगा। शिक्षक सौम्या सिंह, आदित्य सिंह, अंकित चौबे, राजू पटेल, आदित्य शर्मा, पुष्कर कुमार, राहुल मिश्रा, ज्ञानेंद्र पाठक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शहर कोतवाली पुलिस टीम को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सूरज कुमार पुत्र अजय राम व राहुल कुमार पुत्र अजय राम निवासी मालगोदाम रोड हरिजन बस्ती, शहर कोतवाली, को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी को वादी मुकदमा ने शिकायती पत्र पत्र कि उसे मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए आरोपी मार-पीट रहे थे। शोर सुनकर उसका भाई बीच-बचाव करने आया तो जान से मारने की नियत से आरेपियों ने गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। इससे बचाव किया तो चाकू उसके पेट में जा लगी। यदि चाकू मेरे भाई की गर्दन पर लगती तो उसकी मौत हो जाती। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी। इसी क्रम में रविवार को उप निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच, मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सूरज कुमार व राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह व अजय कुमार, कां. विक्रम सिंह तथा अमरजीत शामिल रहे।

# वोट बैंक के स्वार्थ में विधायक द्वारा मानवता को तिलांजलि देना निंदनीय

**बोले उपेंद्र तिवारी**

### मामला यादव बस्ती में जाकर मनबढ़ों द्वारा मारपीट करने का



लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी।

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं फेफना विधानसभा के पूर्व विधायक उपेंद्र तिवारी ने वर्तमान क्षेत्रीय विधायक व सपा जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव पर अपने फायदे के लिए संवेदनहीन राजनीति करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने विगत सप्ताह फेफना थानांतर्गत पक्की कोट गांव में यादव बस्ती को लक्ष्य करके उसी गांव के मुस्लिम बस्ती के मनबढ़ों द्वारा किये गए हमले एवं उसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक द्वारा पीड़ित पक्ष एवं पुलिस पर समझौता करने का दबाव बनाए जाने की कड़ी निंदा किया हैं।

कहा कि वोट बैंक के स्वार्थ में विधायक द्वारा मानवता को तिलांजलि देना शर्मनाक हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए का नारा देती हैं। इस घटनाक्रम पर अखिलेश यादव को जवाब देना चाहिए कि क्या यदुवंशी समाज उनके लिए सिर्फ वोट बैंक हैं, क्या पीडीए सिर्फ छलावा हैं। पूर्व मंत्री ने बताया कि एक राय होकर यादव बस्ती पर हमला उस समय किया गया जिस समय बस्ती के सभी पुरुष सदस्य बस्ती के ही स्व दारोगा यादव के शव का अंतिम संस्कार करने गंगा घाट गए थे। घर पर महिलाएं, युवतियां एवं बच्चे थे। मामूली बात को लेकर पूरे बस्ती में अराजक तरीके से हमला किया गया। घरों के दरवाजे, खिड़कियां, ग्रील, लाइट तोड़े गए। 15 वर्षीय छात्रा सीमा यादव को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि उसकी याददास्त चली गई कोमा की स्थिति में हैं। इसके बाद भी क्षेत्रीय विधायक पीड़ित परिवार के घर न जाकर, आरोपित लोगों के बचाने के लिए फर्जी क्रॉस केस दर्ज करवाई और अब समझौता का दबाव बना रहे है। कहा कि घटना में थाना के हल्का इंचार्ज की भूमिका भी संदिग्ध हैं। कहा कि पुलिस अधिकारियों को 24 घंटे में आरोपितों गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया हैं। उनके साथ चितबड़ागांव चेयरमैन अमरजीत सिंह, टुनटुन उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष मोतीचंद गुप्ता, हरेंद्र सिंह, अजय सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## गंगा भक्तों ने मापी गंगा की गहराई

**बलिया।** गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के तहत जिले के माल्देपुर गंगा घाट पर पतित पावनी मां गंगा के मध्य में गंगाजल की अधिकतम गहराई की माप जोख रविवार को की गयी। इस दौरान मध्य में 16 फीट पानी मिला। गंगा भक्तों ने वजनदार पत्थर रस्सी के सहारे समतल तक लटकाया एवं उसका माप किया। इस क्रम में गंगा भक्तों एवं स्नानार्थियों को संबोधित करते हुए गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने कहा कि गंगा में बांध वं बैराज के कारण दिनोदिन पानी का प्रवाह कम होता जा रहा है। देश एंव दुनिया में गंगा के प्रति अथाह आस्था एंव आध्यात्मिक महत्व को देखते हुए उन्होंने गंगा के संपूर्ण 2525 किलोमीटर के सफर को सरकार से नो प्रोजेक्ट जोन घोषित करने की मांग की। कहा कि गंगा राष्ट्रीय नदी घोषित है लेकिन संज्ञा के अनुरूप उसमें गंगा जल की मात्रा नहीं है। कहा कि गंगा प्रदूषण अभी भी निरंतर गंगा की महिमा एवं गरिमा पर चोट पहुंचा रही है। इस अवसर पर राहुल यादव, विनय कुमार पांडेय, अभिषेक आनंद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

**बलिया।** पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 16 फरवरी 2025 को आयोजित इस शिविर में वेदांता हॉस्पिटल बलिया के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. फतेह बहादुर सिंह, डॉ. ज्योति वर्मा और डॉ. तबस्सुम की टीम ने शिविर में पुलिस परिवार के सदस्यों का नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तचाप की जांच की। साथ ही पैथकाइंड लैब की टीम ने निशुल्क कैल्शियम, शुगर, कोलेस्ट्रॉल और हीमोग्लोबिन टेस्ट की सुविधा प्रदान की। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव ने चिकित्सा टीम को स्मृति चिह्न और उपहार देकर सम्मानित किया। यह शिविर वामा सारथी द्वारा जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार पुलिस कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण के लिए आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा था। मौके पर पुलिस लाइन के कर्मचारी और उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संगठन में रहकर कर्मचारियों के हितों की लड़ाई सर्वोपरि




नवनिर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत करते कर्मचारी संघ के सदस्य

**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का जनपदीय चुनाव व सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह रविवार को टाउन इंटर कालेज के सभागार में सम्पन्न हुआ। संगठन के चुनाव में सर्वसम्मति से बेरुआरबारी इंटर कालेज के प्रशांत कुमार राय को अध्यक्ष व आमघाट इंटर कालेज के राजीव कुमार सिंह को मंत्री चुना गया। वहीं, करम्मर इंटर कालेज के अजय सिंह को संरक्षक बनाया गया।

संगठन के चुनाव से पूर्व अधिवेशन की औपचारिक शुरूआत मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान करने के बाद सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी इंद्रसेन सिंह की देखरेख में पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। सहायक चुनाव अधिकारी राकेश पाण्डेय ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष, मंत्री व संरक्षक के अलावा टाउन इंटर कालेज के क्लर्क पंकज गुप्ता को कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे, उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह, आय व्यय निरीक्षक अमित कुमार सिंह, जिला उपमंत्री ज्ञानप्रकाश राय, वरिष्ठ संगठन मंत्री अंजनी कुमार सिंह, संगठन मंत्री विजयलक्ष्मी सिंह, संयुक्त मंत्री विनीत कुमार तिवारी व प्रचार मंत्री रोहित कुमार सिंह को चुना गया।

**बोले अजय शर्मा**

### प्रशांत कुमार अध्यक्ष व मंत्री बने राजीव कुमार सिंह

प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन में रहकर कर्मचारियों के हितों की लड़ाई सर्वोपरि होना चाहिए। कर्मचारियों के हितों के लिए कुबार्नी देने के लिए हमेशा तैयार रहने की आवश्यकता है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रशांत राय ने धन्यवाद देते हुए कहा कि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। मैं हर समय अपने कर्मचारी भाइयों के लिए तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री संजय पुंडीर, पर्यवेक्षक वेदप्रकाश द्विवेदी, देवरिया जिलाध्यक्ष, राजन कुमार पाण्डेय, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, अरविंद राय, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, भूपेश सिंह, पवन सिंह, शिवशंकर ओझा, रमाशंकर राम, शिवसागर यादव, बृजनाथ राम, भरत राम, सुरेश बहादुर सिंह, रंजना श्रीवास्तव आदि थीं। अध्यक्षता अजय कुमार सिंह व संचालन डा. सुरेश राम ने किया।

## नगर के सुंदरीकरण का कार्य शुरू, सीआरओ ने किया निरीक्षण



ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण करते सीआरओ व अन्य।

**बलिया।** जनपद में नगर पालिका के प्रमुख चौराहों के सुंदरीकरण और यातायात की दृष्टि से जाम से मुक्ति दिलाने हेतु टेंडर या अन्य वित्तीय प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। अब नगरपालिका के सुंदरीकरण की दिशा में एक नवीन अध्याय का प्रारंभ होगा जिसमें सर्वप्रथम नगर पालिका रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज के ऊपर और नीचे सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीआरओ त्रिभुवन ने बताया कि ओवर ब्रिज के ऊपर सुंदर बटरफ्लाई लाइट के साथ सुंदर लाइट से सजाया जाएगा। ओवरब्रिज के नीचे मिट्टी भराई, स्टेनलेस स्टील कार्य और सुंदर वृक्ष एवं लाइट से सजाया जाएगा। पानी की टंकी चौराहा, जगदीशपुर चौराहा, बिशनीपुर चौराहे में बिजली पोल को हटाए जाने के साथ में चौड़ीकरण का भी काम शुरू कर जाएगा। महाराणा प्रताप चौराहा तिराहा का नवीन निर्माण कार्य जारी है। कलेक्ट्रेट के आसपास मिड्डी चौराहे को जाने वाला रास्ता, कुंवर चौराहे से टीडी कॉलेज मार्ग तथा ऑफिसर्स कॉलोनी के तरफ जाने वाले रास्ते को एवं न्यायालय दीवानी न्यायालय की ओर जाने वाले रास्ते को तिरंगा लाइटों से सजाया जाएगा।

## विकास कार्यों के लिए 1.46 करोड़ रुपये हुए स्वीकृत

**बेल्थरारोड (बलिया)।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत 1.46 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इससे नगर के विभिन्न वार्डों में आधा दर्जन से अधिक सड़कों का निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत वार्ड नंबर दो में 16 व 18 लाख, वार्ड नंबर पांच के विभिन्न मोहल्लों में 67 लाख की लागत से चार अलग-अलग गलियों के सड़क को सीसी रोड, वार्ड नंबर छह में 27 लाख और वार्ड नंबर आठ में 35 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुंडैल ढाला आंबेडकर तिराहा व चंद्रशेखर पार्क में हाई मास्ट लाइट लगेंगे। विभिन्न वार्डों में इंटरलॉकिंग, हल्दीरामपुर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की पक्की बाउंड्री, नगर पंचायत कार्यालय पर मीटिंग हॉल का निर्माण कराया जाएगा।

# नासूर बनी जाम की समस्या जिम्मेदार बने मूकदर्शक

**जाम का झाम**

### जाम के कारण पैदल आवाजाही भी कठिन, लोग परेशान



बैरिया में जाम में फंसे लोग।

**बैरिया (बलिया)।** जाम की समस्या बैरिया मे लोगो के नाक मे दम कर दिया है। आए दिन जाम के झाम में फंसा बैरिया के लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को वाहनों की तो बात दूर जाम इस कदर लगा कि पैदल भी आना जाना कठिन हो गया। जिम्मेदार लोग मूक दर्शक बने हुए हैं। जबकि आम जनता जाम के चलते काफी परेशान है। उल्लेखनीय है कि बैरिया बाजार से अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहा है। अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय प्रशासन केवल कोरम पूरा कर रहा है। आज अतिक्रमण हटाया जा रहा है, और दूसरे ही दिन लोग अतिक्रमण पुनः कर ले रहे हैं। ऐसे में प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई क्यों नहीं करता। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। बैरिया में तहसील मोड़ से लेकर रविदास मंदिर तक आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। बैरिया त्रिमुहानी पर पुलिस वाले भी मौजूद रहते हैं। बावजूद इसके जाम का झाम कम नहीं हो पा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि बिहार झारखंड नेपाल व पूर्वोत्तर के राज्यों से महाकुंभ स्नान करने के लिए सैकड़ो वाहनों के प्रतिदिन इस रास्ते से आने जाने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जबकि कुछ लोग अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ऐसे में महाकुंभ आने-जाने की बात तो अस्थाई है। बाजार से अस्थाई रूप से अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जा रहा है। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान अपेक्षित करते हुए बैरिया बाजार से अतिक्रमण पूरी तरह से हटवाने का आग्रह किया है। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार ने स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह पहले अतिक्रमण हटाया गया है। अब जो लोग अतिक्रमण करेंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नगरा बाजार में शौचालय जर्जर, जिम्मेदार बेपरवाह

समस्या

## महिलाओं और युवतियों को होती है भारी परेशानी

जनसंदेश न्यूज


जर्जर पड़ा शौचालय।

**बलिया।** नगरा नगर पंचायत बनने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के प्रयास से लोगों की सुविधा के लिए जनहित में शौचालय बनवाया गया था मगर जर्जर हो जाने के बाद से आज तक किसी ने सुधि नहीं ली जिससे लोगो को इस भारी समस्या से जुझना पड रहा है। बाजार में सार्वजनिक शौचालय की समस्या गंभीर धारण कर चुकी है। एक हजार से अधिक दुकानों वाले इस बाजार में प्रतिदिन करीब आठ से दस हजार लोग खरीदारी के लिए आते हैं जिसमें 50 प्रतिशत महिलाएं और युवतियां हैं, लेकिन यहां एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है।

नगर पंचायत बने 5 साल हो चुके हैं और महिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 14 वार्डों में से 5 वार्डों की सभासद भी महिलाएं हैं फिर भी इस बुनियादी सुविधा की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बाजार में आधा दर्जन बैंक, ब्लॉक कार्यालय, थाना, डिग्री कॉलेज व इंटरमीडिएट कॉलेज स्थापित है। ढाई दशक पहले बना एकमात्र शौचालय खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है और उस स्थान पर अब मछली मंडी लगती है।

स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि नगर पंचायत बनने के बाद यह समस्या हल हो जाएगी लेकिन 5 साल बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है यह स्थित केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की मनसा की विपरीत है जिसका उद्देश्य हर घर व सार्वजनिक स्थान पर शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना है, विशेष रूप से बाहर से आने वाली महिलाओं और युवतियों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। वाराणसी गोरखपुर और लखनऊ जैसे शहरों के लिए बस आदि पकड़ने के लिए काफी संख्या में लोगों का आवा जाही रहती है फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ में बलिया की महिला गायब



**बलिया।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ में बलिया की एक महिला गायब हो गयी है। इसकी जानकारी होते ही बलिया स्थित महिला के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गुप्तेश्वर यादव बलिया जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली स्टेशन पर वह मौजूद थे। इसी बीच भगदड़ मच गयी जिससे उनकी पत्नी तारा देवी 50 वर्ष का हाथ मेरे हाथ से छूट गया और वह भीड़ में गुम हो गयी। मैंने काफी देर तक उन्हे खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। स्वतंत्रता सेनानी से हम लोग जा रहे थे। मैंने रेलवे पुलिस में भी शिकायत दे दी है।

# पत्रावलियां खारिज करने पर बलिया के अधिवक्ताओं ने मचाया हंगामा

बैठक

## अधिवक्ताओं का हुजूम जिला जज से मिलकर दर्ज कराई शिकायत

## जिला जज ने कार्रवाई के दिए आश्वासन

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** रसड़ा सिविल जज (जू डी) द्वारा मुकदमे खारिज करने को लेकर सिविल बार एसोसिएशन एवं क्रिमिनल बार एसोसिएशन का संयुक्त मीटिंग शनिवार को सिविल बार संगठन भवन में शोर-शराबे के बीच संपन्न हुआ और मीटिंग में उक्त न्यायालय के विरुद्ध कार्रवाई हेतु संयुक्त रूप से जिला जज अमित पाल सिंह को दिया गया। वैसे तो संयुक्त रूप से अधिवक्ता गण पुलिस की कार्यशैली, मनमानेपन एवं सब्जी मंडी से समस्त न्यायालय पुराने कोर्ट में पुनः वापसी को लेकर अधिवक्ताओं का अनवरत हड़ताल जारी है। सब्जी मंडी में तमाम परेशानियों को लेकर जाना नहीं चाहते है तथा अनवरत हड़ताल जारी है। वैसे खुला डैस पर जिला जज अमित पाल सिंह ने अधिवक्ताओं को आश्वस्थ किए कि जैसे आप लोग सहयोग कर रहे है उसी तरीके से आपके सम्मान को ठेस पहुंचने नहीं देंगे और सहयोग करते रहेंगे। संयुक्त मीटिंग अध्यक्ष मंडल देवेंद्र कुमार दुबे, रणजीत कुमार सिंह के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर पांडे, देवेंद्र नाथ मिश्रा, शेषनाथ तिवारी, सुरेंद्र नाथ तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, जेपी उपाध्याय, मनोज राय हंस, अमरनाथ सिंह, हरेंद्र सिंह, शैलेश कुमार सिंह, पिंटू सिंह, अखिलेश सिंह (बार काउंसिल), चंद्रजीत सिंह यादव आदि वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिसका संचालन महासचिव जय पांडे व रामविचार यादव ने किया।



## पत्रकार को भातृ शोक, दी गयी श्रद्धांजलि

**बैरिया (बलिया)।** वाराणासी से प्रकाशित एक हिन्दी दैनिक के संवाददाता डोमन टोला निवासी सुनील पांडेय के बड़े भाई धनंजय पांडेय उम्र 64 साल की असामयिक निधन शनिवार की देर रात इलाज के दौरान हो गया। शनिवार की शाम अचानक खराब हुआ। आनन फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनके हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हो गया। निधन के सूचना पर क्षेत्र के गणमान्य लोगो ने शोक प्रकट किया है। वहीं प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बैरिया ने रविवार को बैरिया डाक बंगले में शोक सभा का आयोजन कर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# खड़े ट्रैक्टर पर चोरों ने किया हाथ साफ



बांसडीह (बलिया)। कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर में शनिवार आधी रात चोरों ने बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर खड़ी ट्रैक्टर पर हाथ साफ कर दिया और वहां से गाड़ी लेकर निकल भागे। ट्रैक्टर चोरी की घटना जानकारी दुकानदार कों तब हुई जब वह अगले दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बकवा निवासी उमेश सिंह परिहार की शिवरामपुर में सड़क किनारे बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। उनकी ट्रैक्टर भी रोज की भांति दुकान पर हीं खड़ी रहती है। दुकानदार शनिवार शाम से दुकान बंद कर घर चले गए। इसी दौरान देर रात चोरों ने उनके दुकान के सामने खड़ी ट्रैक्टर चोरी कर लिया।

सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित व्यवसायी द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। सूचना पाकर पहुंचीं पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरों को चेक करने पर यह पता चला कि समय रात 02:35 पर वहां से दो चोरों द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने की वारदात दिख रही है। चोर ट्रैक्टर लेकर बलिया की तरफ गये हैं। प्रकरण में पुलिस टीम ट्रैक्टर की खोजबीन में जुटी है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक्टर बरामद करने के प्रयास किये जा रहें हैं। जल्द ही ट्रैक्टर सहित शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रेलवे स्टेशन पर 45 लाख रुपये के साथ एक व्यक्ति को जीआरपी ने किया गिरफ्तार



बलिया। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में करीब 45 लाख रुपये की नकदी ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमित कुमार शर्मा पुत्र निरंजन शर्मा निवासी मोहल्ला माखनपुर थाना गुलजार बाग जिला पटना बिहार के रूप में हुई है। जीआरपी थानाध्यक्ष विवेकानंद के नेतृत्व में टीम प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर रूटीन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पूर्वांचल एक्सप्रेस के आगमन के समय एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, जो ग्रे रंग का बैग लेकर फ्लाईओवर की सीढिं से उतर रहा था। जीआरपी ने उसे रोक कर तलाशी ली तो बैग से 44,99,300 रुपये की नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह इस राशि को बलिया से पटना में डिलीवर करने जा रहा था। इतनी बड़ी रकम की जानकारी मिलते ही जीआरपी ने आयकर विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंची आयकर विभाग की टीम ने बरामद नकदी को अपने कब्जे में लेकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। जीआरपी द्वारा उपरोक्त रुपए के सम्बन्ध में कागजात मांगे जाने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका न ही कोई सन्तोषजनक जवाब दिया है। उपरोक्त बरामद रुपए के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही में पुलिस जुट गयी। अवैध धन के परिवहन के इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## संक्षेप

### नवागत थानाध्यक्ष कौशल पाठक ने पदभार किया ग्रहण

**बलिया।** स्थानीय थानाध्यक्ष के रुप में कौशल पाठक ने शनिवार को अपना पद भार ग्रहण कर लिया इसके पश्चात उन्होंने बातचीत में बताया कि किसी को कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अपराधियों को नकेल कसने के साथ ही विभिन्न मुकदमों में वांछित अपराधियों की धड पकड़ की जाएगी। श्री पाठक ने आगे कहा कि बाजार में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने व बेचने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी समस्या से पीड़ित व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। हर पीड़ित फरियादी अपनी समस्या के समाधान के लिए मुझसे मिल सकता है। बाजार के पटरियों व सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों को हटाने की चेतावनी दी। कहा कि अतिक्रमण नहीं हटा तो आवश्यकतानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह के दोकटी स्थानान्तरण हो जाने के पश्चात खाली हुए पद पर आए हैं।

### आरोग्य मेले में की गयी मरीजों की जांच

**सिकंदरपुर (बलिया)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिकंदरपुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र ईसार पीथापट्टी 19 मरीजो का इलाज एवं दवा वितरित किया गया। वही फार्मासिस्ट योगेंद्र कुमार अवकाश पर थे। डॉ रामकिशुन ने बताया की केंद्र पर कुल 56 प्रकार की दवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। अभी भी इस केंद्र पर 50 प्रकार की दवा व इंजेक्शन उपलब्ध है। जो आज आरोग्यम मेला में आये हुए मरीजो में दवा वितरित किया गया।

### प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कार्यभार किया ग्रहण

**बेल्थरारोड (बलिया)।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दृष्टि से जनपद में कुल 24 थाना के निरीक्षकों तथा थाना प्रभारी उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह का रसड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक तो दूसरी तरफ उनकी जगह पर पकड़ी थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह को उभांव थाने के नए थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया है। उभांव थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने रविवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### थारु बस्ती में विकसित होगी स्वास्थ्य सुरक्षाः डॉ. संजय

**मऊ।** जनजाति थारु बस्ती के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता के साथ उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर भी शारदा नारायण हास्पिटल प्रतिबद्ध है। पूरी बस्ती का सर्वे करने के उपरांत सबके आधार एवं राशन कार्ड के साथ आयुष्मान कार्ड की जांच की जाएगी। योजना से वंचित लोगों को सुविधाओं का लाभ प्रदान किए जाने को लेकर संबंधित कार्य कराये जाएंगे। विकास के कोसों दूर थारु बस्ती में पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने रविवार को थारु बस्ती में शारदा नारायण हास्पिटल के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में ये बातें कही। रिसर्च सोसाइटी फार द स्टडी ऑफ डायबिटिज इन इंडिया यूपी चेप्टर व सेवा भारती ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में सक्रिय प्रतिभाग किया। शिविर में 89 लोगों की आंख, ब्लड-प्रेशर एवं शुगर की जांचकर दवाओं का वितरण किया गया।

# गोवध का एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बेल्थरा रोड (बलिया)।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्र के कुशल नेतृत्व में जाते-जाते उभांव थाने का गोवध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे का वांछित अभियुक्त रियाज कुरैशी को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह ने रविवार की प्रातः में सहयोगी पुलिस टीम के साथ सफलता पायी है। पुलिस के अनुसार उभाँव थाने के प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी, रात्रि गस्त करते हुए चौकिया मोड़ पर मौजूद थे। रात्रि गस्त चेकिंग के दौरान उभांव थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0-323/2024 धारा 3/5/8 गोबध निवारण अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रियाज कुरैशी पुत्र जैनुल कुरैशी ग्राम अवायां को मुखबीर की सूचना पर अवायां मोड दुर्गा मन्दिर के पास से समय प्रातः 07:30 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय चालान किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह, उप निरीक्षक रामधारी सोनकर, का0 मनीष जायसवाल आदि शामिल रहे।

### 7000 लीटर अवैध शराब को पुलिस ने किया नष्ट

मनियर। स्थानीय थाना पुलिस ने 7000 लीटर अवैध शराब को रविवार को नष्ट कर दिया। इस संबंध में मनियर पुलिस ने बताया कि ये शराब 249 मुकदमों में पकड़ी गई थी जिसको तहसीलदार बांसडीह, प्रभारी क्षेत्राधिकारी बांसडीह व आबकारी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट किया गया। बातचीत में मनियर थाना प्रभारी ने बताया कि शराब बनाने व तस्करी करने वालों के खिलाफ बलिया पुलिस बड़ी कार्रवाई कर रही है इसके संदर्भ में आए दिन शराब तस्करों पर पुलिस का डंडा चल रहा है।मनियर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई शराब तस्करों पर कार्रवाई की गई है, कई तस्करों को जेल भी भेजा गया है। अगर कोई भी शराब मामले में लिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रसड़ा (बलिया)।** रसड़ा-बलिया रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात करीब सवा नौ बजे रेलवे ट्रैक पार करते वक्त एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छितौनी निवासी कमलेश यादव उर्फ भोलू 22 वर्ष पुत्र दीनानाथ यादव के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था। इस बीच बलिया-मऊ पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

# 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई, हुआ आयोजन



**सिकंदरपुर (बलिया)।** सिकंदरपुर क्षेत्र के रहिलापाली स्थित वंदना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव व विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर रवि कुमार रहें। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन्दना कोचिंग वेलफेयर सोसाइटी जिस तरह गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए काम कर रही है। यह अपने आप में बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इस कोचिंग संस्थान को हर प्रकार की सहायता के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि छात्र-छात्राओं की कभी विदाई नहीं होती बल्कि आगे आने वाले जीवन में समाज के प्रति और ज्यादा संस्कारवान अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रक्रिया है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने हाथों से लगभग 200 बच्चों को परीक्षा पैड, समय सारणी और मेडल देकर विदा किया।

मौके पर डॉ. उदय पासवान प्राचार्य, भगवान पाठक पूर्व विधायक, सुशील, सतेन्द्र, जयराम, आकाश, आशुतोष, क्षितिज सिंह, जहीर आलम अंसारी, धनंजय, लाल बच्चन, सोनू कुमार, भूपेंद्र सर, आदि मौजूद रहे। अंत में कोचिंग के अध्यापक सनोज कुमार, विनोद कुमार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गेश शर्मा तथा संचालन सुनील राव ने किया।

# वक्फ बाई यूजर को हटाने की चेष्टा गलत है होगा आंदोलनः खालिद सैफुल्लाह रहमानी



**मऊ।** आल इण्डिया पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की एक प्रेस कांफ्रेंस पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल के आवास मस्कन पर सम्पन्न हुयी। पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने मौलाना के बारे में बताया कि मौलाना मात्र आल इण्डिया पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही नहीं अपितु यह फेकह एकेडमी के जनरल सेक्रेट्री एवं अन्य कई सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के संरक्षक भी हैं। मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने पत्रकारों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया। उन्होंने अनुच्छे 25 एवं 26 का हवाला देते हुये कहा कि भारत में सभी नागरिकों को उनके धार्मिक आस्था के अनुरूप कृत्य करने एवं किसी भी धर्म को अनुश्रण करने का हक हासिल है। उसकह प्रचार प्रसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 26 में स्पष्ट कहा गया है कि दो लोगों के बीच यदि वह दोनों मुस्लिम हैं तो विवाद मुस्लिम पर्सनल ला के हिसाब से ही हल किया जायेगा। उन्होंने अफसोस के साथ कहा कि 1972 में इन्दिरा गांधी सरकार ने गोद लेने का कानून बनाया जिसमें मुसलमानों को भी शामिल किया जो इस्लामी नजरिये के खिलाफ है क्यों कि यह रिश्ता गोद लेने या जुबान के बोल से कायम नहीं होता है। इसी के बाद आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ की बुनियाद रखी गयी ताकि मुस्लिम कानून-ए-शरीयत की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि बोर्ड में शीआ, सुन्नी, बरेली, देवबन्दी, अहलेहदीस, हनफी, बोहरा एवं अन्य सभी फिरके और मस्लक के लोग शामिल हैं इसमें अन्य मुस्लिम संस्थायें भी सम्मिलित हैं। बोर्डे में सभी मुस्लिम संगठनों के लोग एक जुट होकर अपनी राय देते हैं। बफ्फ बिल पर बोलते हुये बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद साहब ने कहा कि वफ्फ बिल लाकर सरकार मुसलमानों के हक एवं अधिकार को समाप्त करना चाहती है जिसका बोंड पुरजोर विरोध करता है क्यों कि यह मूल अधिकरों के विरूद्ध है। बड़ी अजीब बात है कि जिस धर्म के स्थल हैं उसमें उसी धर्म के पदाधिकारी हुआ करते हैं और यही होना भी चाहिये परन्तु इस कानून में 2 गैर मुस्लिम पदाधिकारियों को रखे जाने की शर्त गलत है। जिलाधिकारी सरकार का प्रतिनिधित्व करता है इस लिये विवाद की सूरत में सीधे न्यायालय में वाद जाना चाहिये, जो इस एक्ट में नहीं है। इस एक्ट में कानू-ए शरीअत को तोड़कर बहुत सी बातें शामिल की गयी हैं जो हमें मंजूर नहीं है। वक्फ के सम्बन्ध में पूछे गये एक प्रश्न का उत्तर देते हुये उन्होंने कहा कि वफ्फ बिल से बहुत बड़ा नुक्सान है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारा किसी सरकार से कोई विवाद नहीं है हम सरकार द्वारा बनाई गगयी गलत नीतियों का विरोध करते हैं और भविष्य में भी लोकतांत्रिक तरीके से शान्तिपूर्ण विरोध एवं प्रदर्शन करेंगे और हर प्रकार की लड़ाई लड़ेंगे। समस समय पर सेमिनार एवं कांफ्रेंसेस के माध्यम से विवादित मुद्दों पर बहस करके समाधान निकाला जाता है। इस दौरान आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल ला के सदस्य मौलाना जमाल अहमद नदवी, भी मौजूद थे।

## अश्वमेध यज्ञ के लिए मातेश्वरी भक्तों ने निकाली जन जागरण यात्रा



**दोहरीघाट, मऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम परिसर से मातेश्वरी भक्तों ने भारी संख्या में षष्ठम अश्वमेध महायज्ञ के लिए जन जागरण यात्रा निकालकर जनमानस को और सुमित यज्ञ में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया तथा गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए आवाज उठाई। बेजुबान पशुओं की हत्या करना महा पाप है के नारे लगाए तथा लोगों को 21 फरवरी को अश्वमेध यज्ञ में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

सदगुरु महाराज के निर्देशन में गोठा बाजार, अमिला बाजार, सूरजपुर, रसूलपुर, दोहरीघाट, इब्राहिमाबाद, खरकौली, शाहपुर, हेमई, बसारतपुर, अहिरानी, मोहम्मदपुर, सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव से जुलूस भ्रमण करते हुए बड़हलगंज जिला गोरखपुर गया वहां से देर शाम वापस मातेश्वरी महाधाम में आकर सम्पन्न हुआ।

# श्रद्धालुओं को आवागमन में ना हो किसी भी प्रकार की परेशानी : जिलाधिकारी

देखी व्यवस्था

## डीएम व पुलिस अधीक्षक के साथ बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

जपसंदेश न्यूज



**मऊ।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है यात्रियों को बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन तथा मऊ से गुजरने वाले मार्गो पर किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मुकम्मल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

महाकुंभ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र व पुलिस अधीक्षक इलमारन जी द्वारा रविवार को बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया एवं यातायात व्यवस्था में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्या का सामना न करना पड़े तथा प्रमुख चैराहों व मार्गो पर कहीं पर भी जाम जैसी स्थिति न उत्पन्न हो इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए आवागमन को सुचारू रूप से संचालित कराएं। बस स्टेशन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रोडवेज के अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्धारित रूटों पर समय से बसों का संचालन कराएं जिससे श्रद्धालु सुगम यात्रा करते हुए अपने गंतव्य स्थान तक आसानी से पहुंच सके। इसके साथ ही उन्होंने बस स्टेशन पर शौचालय साफ सुथरे तथा संचालित रखने के साथ ही पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्टेशन अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर यात्रियों से उनके आवागमन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान पुत्र ने मासूम पर चढ़ाया स्कॉर्पियो, मौत

## आरोपी को न्यायालय ने चौदह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** सुहवल थाना अंतर्गत बीते शनिवार की देर शाम को स्कार्पियों के चपेट में आने से मासूम आर्यन उम्र करीब 5 वर्ष की मौत के मामलें में पुलिस ने स्कार्पियों चालक प्रधान पुत्र के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा देर रात्रि को पंजीकृत कर मामलें की छानबीन शुरू कर दी।साथ ही पुलिस ने इस दौरान हादसे में शामिल स्कार्पियों जप्त कर उसे सीज करने के साथ ही मामलें में वांछित प्रधान पुत्र अभिषेक यादव उर्फ बब्बी को उसके घर से हिरासत में ले लिया,और थाने लेकर चली आई,पुलिस ने मामलें में पूछताछ के बाद आरोपी का मेडिकल मुआयना कराने के उपरांत उसे सम्बन्धित कोर्ट में पेश किया,जहाँ से उसके उपर



लगाए गये आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेंज दिया।वहीं पुलिस ने रविवार को मृतक मासूम आर्यन पांच वर्ष के पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हादसे के मामलें में मृतक मासूम आर्यन के चाचा राम अवध ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि उसका मृत भतीजा बीते शनिवार की देर शाम को सुहवल गाँव के मानदास बाबा मन्दिर परिसर में खेल रहा था,इसी दौरान उक्त आरोपी प्रधान पुत्र अभिषेक यादव उर्फ बब्बी ने जानबूझकर उसके मासूम भतीजे पर गाड़ी चढ़ा दिया,जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मालूम हो कि इस हादसे की जानकारी होते ही सीओ रामकृष्ण तिवारी मय भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये थे।

और शव को कब्जे में ले लिया था। इस हादसे के बाद मृत मासूम की मां रीमा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के मुताबिक मृतक अपने मां बाप का एकलौता पुत्र था,पिता रामभवन बाहर प्राइवेट काम कर परिवार का किसी तरह जीविकोपार्जन चलाते है।प्रभारी थानाध्यक्ष अंगद सिंह ने बताया कि हादसे में मृत मासूम के मौत के मामलें में प्रधान पुत्र के खिलाफ मुकदमा कायम कर उसे हिरासत में लेकर चालान कर हादसें शामिल स्कार्पियों को जप्त कर सीज कर मामलें की छानबीन शुरू कर दी गई है।

## स्कॉर्पियो के धक्के से अधेड़ की गई जान

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के तलवल मोड़ के पास शनिवार की देर शाम स्कॉर्पियो के धक्के से एक अधेड़ बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये वाराणसी ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम धरवां निवासी रामचंद्र बिंद उम्र (52) मजदूरी करके ऑटो पकड़ने के लिए फोरलेन तलवल मोड़ के पास रोड क्रास कर रहे थे। तभी वाराणसी से आ रही स्कॉर्पियो के चपेट में आ गए और बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के बाद आस पास के लोगों ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल भेजा। जहां से डॉक्टरों नें हालत गंभीर होने पर वाराणसी रेफर कर दिया।परिजनों के द्वारा वाराणसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन पुत्रियां रेखा, सुरेखा,किरन व दो पुत्र महेश,करन हैं।पत्नी पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यवसायी की मौत

**दुल्लहपुर।** थाना क्षेत्र के मेहंदीपुर निवासी किराना व्यवसाई समरूप गुप्ता की ट्रेन की चपेट में रविवार को लगभग ग्यारह बजे मौत हो गई। मौके पर पहुंची दुल्लहपुर पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। जिसके माध्यम से परिजनों को सूचित किया गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि समरूप गुप्ता पिछले कुछ महीनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मऊ की तरफ जा रही ट्रेन की आवाज समरूप गुप्ता को सुनाई नहीं दी, जिसके कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गए और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।स्वर्गीय योगेंद्र मद्धेशिया के पुत्र समरूप गुप्ता की मृत्यु से उनके परिवार पर दोहरी मार पड़ी है। परिवार में उनकी पत्नी लक्ष्मीना देवी और दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) हैं। परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य होने के कारण अब परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है।पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया है। स्थानीय प्रशासन से परिवार की सहायता की मांग की जा रही है।

## संक्षेप

### हैदरिया पर लग रहा जाम, प्रशासन भी लाचार



**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के बढनपुरा से गुजरा रहा राजमार्ग संख्या-31 का अंग्रेजी शासन के ओकी नदी पर बना सकरा पुल होने के आए दिन इह पुल के दोनों तरफ चार किमी पूरब मिजार्बाद और तीन किमी पश्चिम पखनपुर के हैदरिया तक रविवार की दोपहर से ही जबरदस्त जाम होने के कारण आवागमन देर शाम तक बाधित रहा है। जबकि जाम की समस्या से निपटने के लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा कुछ दिनों पहले हैदरिया पर अस्थाई पुलिस पिकेट बनाने का निर्देश दिया गया। ताकि जाम की समस्या से निजात पाया जा सके। यहां रैपिड एक्शन फोर्स के कुछ जवान भी तैनात किए गये हैं फिर इसका परिणाम अपेक्षित नही मिल रहा है और आए दिन जाम लगना इस राजमार्ग की नियति बन गयी है।बताते चलें कि जबसे पूर्वांचल एक्सप्रेस पर आवागमन आरंभ हुआ तभी से पश्चिम भारत क्षेत्र और पूर्वी भारत के बीच का आवागमन के लिए इस राजमार्ग फर बड़े बड़े वाहनों का आवागमन इह कदर बढ़ गया है पर बढ़नपुरा के पास यह पुल काफी सकरा होने के कारण एक साथ दो दिशाओं से एट साथ दो वाहनों का गुजरना संभव नही सकने के प्रतिदान जाम लग जाता है। जाम को रोकने के लिए हांलांकि एक्सप्रेस के कर्मचारी और पुलिस बल काफी प्रयास कर रहें हैं। लेकिन ढाक के वही तीन पात साबित हो रहा है। पुलिस बल का कहना ?है कि लंबे वाहनों के कारण जाम लग रहा है। वैसे हैदरिया पर छः छ घंटे की ड्यूटी लगी हुई है।

### हजरत मुहम्मद हसन अली शहीद के उर्स पर उमड़ी भीड़



**रेवतीपुर।** डेढगावां गाँव स्थित लोगों के आस्था का केंद्र दरगाह शरीफ पर हजरत मुहम्मद हसन अली शहीद का 53 वां सालाना ऊर्स पूरे अदब ओ एहतराम के साथ मनाया गया। दूर दराज से जायरीनों ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की। रेवतीपुर से आए मस्जिद के इमाम मौलाना शब्बीर अंसारी की सरपरस्ती में महफि ल का आगाज तिलावत ए कुरआन से हुआ। इस दौरान उन्होंने साहिब ए उर्स हजरत मुहम्मद हसन अली हयात ओ खिदमात पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि अल्लाह के वलियों से अकीदत ओ मोहब्बत रखना खुशनसीबी की बात है।उर्स के दौरान नात एवं मनकबय पेश की। कुल शरीफ की रस्म अदा कर मौलाना ने साहिब ए उर्स को ईसाल ए सवाब करते हुए आए अकिकतमंदो, मौलानाओं, जायरिनों आदि ने मुल्क व कौम की खुशहाली, अमनो अमान व सलामती के लिये दुआ करने के साथ ही चादरपोशी की। वहीं बड़ी संख्या में पुरूषो,महिलाओ एवं छोटे छोटे बच्चों ने मेला का लुत्फ उठाया और खूब खरीदारी की। इस अवसर पर मकसूद खान, नसीम खान, अफसरी बेगम, हरिपाल राय, अमित राय, बेचू प्रजापति, आलोक यादव, रंजीत यादव, राम धीरज, मुनीलाल गुप्ता, जूली खातून आदि भारी संख्या में महिला, पुरूष, बच्चे आदि मौजूद रहे।

### मिनी वैन-स्कूटी गड्ढे में पलटी



**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के रकसहा दिलदारनगर बाईपास मार्ग के बड़ी नहर चौराहे पर स्कूटी और मिनी वैन एक दुसरे के बचाने के चक्कर मे सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जानकारी के अनुसार दिलदारनगर बकरी मेला से बकरे को खरीद कर मिनी वैन से बिहार के मोहनिया जा रही थी और रकसहा बाईपास मार्ग चौराहे पर पहुची उधर भदौरा से दिलदारनगर को तेज गति से आ रही स्कूटी आमने सामने आ गई एक दूसरे को बचाने में दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई और स्कूटी वाहन के नीचे दब गई। गलिमत अच्छा रहा कि कोई घायल नहीं हुआ। बाद में जेसीबी से वाहन को बाहर निकाला गया और दोनों अपने अपने गंतव्य के लिए चले गए।

### दूध लदी डीसीएम सड़क पर पलटी, चालक घायल

**मरदह।** थाना क्षेत्र के करदह-कैथवली गांव के सामने वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर बीती देर रात्रि में दूध लदी डीसीएम गाड़ी अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गई। जिससे डेढ़ घंटे वाराणसी की ओर से गोरखपुर जाने वाले लेन का आवागमन बाधित रहा। मालूम हो कि मुजफ्फरनगर जनपद निवासी 30 वर्षीय चालक पंकज कुमार वाराणसी स्थित मदर डेयरी प्लांट से दूध लोड़ करके शनिवार की रात 11 बजे चला था। जिसको गोरखपुर शहर के गोलघर में जाना है। लेकिन वह जैसे ही थाना क्षेत्र के करदह-कैथवली गांव के सामने हाई-वे पर 1.45 बजे पहुंचा ही था कि चालक को झपकीं आ गयी और बगल से गुजर रहे ट्रेलर वाहन से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। जिससे बीच सड़क दूध से लदी डीसीएम गाड़ी डिवाइडर को तोड़ते हुए पलट गई और आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व अगल बगल के लोगों ने घायल चालक को वाहन से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज हेतु भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। इस संबंध थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात्रि में करीब दो बजे वाहन पलटने की सूचना मिली थी। वाहन को क्रेन के माध्यम से किनारा लगाया गया। तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सका,घायल चालक खतरें से बाहर है।

### सीएचसी-पीएचसी पर स्वास्थ्य आरोग्य मेले का आयोजन

**मरदह।** रविवार को विकासखंड के एक सीएचसी व तीन पीएचसी पर सुबह दस बजे से मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेला का आयोजन किया गया।जिसमें ब्लाक क्षेत्र के 63 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया।सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डा.अवधेश प्रसाद ने 28 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोड़ ने 13, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 13 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ. इमरान उस्मानी ने 9 मरीजों का इलाज किया। इस प्रकार मेला में कुल 63 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें लीवर के 2,सांस के - 8, बुखार के 12, मधुमेह - 2, पेट दर्द 3 - , एनिमिया - 1, हाईपर टेंशन 7 - अन्य रोगी 28 मरीजों को देखा गया। इस मौके पर राजेश सिंह, आरपी चौधरी, शैल कुमारी, कमलेश रावत, बिजेंद्र रावत, अनील कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा रविवार को सिटी रेलवे स्टेशन का जायजा लिया गया। महाकुम्भ को लेकर जनपद में जहाँ सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है वही डीएम एसपी द्वारा इस की मानिटरिंग के साथ ही मुख्य स्थानों पर निरीक्षण किया जा रहा ह। महाकुम्भ स्नान को लेकर जनपद के समस्त पुलिस के जवान भीड़भाड़ वाले स्थानों पर से लेकर संदिग्ध व्यक्तियों सहित वाहनों की तलाशी ली जा रहीं हैं। रविवार को डीएम एसपी ने सिटी रेलवे स्टेशन का जायजा लेने के साथ ही मातहतों को हिदायत दी गई कि सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखते हुए सही आने जाने वालों पर पैनी नजर रखीं जाए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी के साथ ही काफी तादात में जवान मौजूद रहे।

### एसपी ने चार का किया तबादला

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने चार पुलिस के जवानों का तबादला कर दिया। कृष्ण कुमार को रामपुर माझा थाने से हटाकर थाना साईबर का चार्ज दिया गया है तो शहर कोतवाली के बुजुर्गा चौकी पर तैनात अभिराज सरोज को रामपुर माझा थाना व बिंद कुमार को बिरनो से नगसर बालेन्द कुमार को बहादुर गंज चौकी से बिरनो थाने का चार्ज दिया गया है। ईरज राजा ने बताया कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाएं रखने के लिए ऐसी कार्रवाई की की जाती है।

### वारंटी गिरफ्तार

**दिलदारनगर।** वारन्ट के अनुपालन में गिरफ्तारी वारन्ट से सम्बन्धित वारन्टी लक्ष्मन यादव पुत्र सुबेदार यादव उम्र 20 वर्ष तथा रामअवध यादव पुत्र मुनेश्वर यादव उम्र 45 वर्ष निवासीगण भक्सी थाना दिलदारनगर को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

# महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समिति ने बनाई योजना

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व से लेकर एक सप्ताह तक लगातार मेले का आयोजन**

**मरदह।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके तहत विभिन्न शिवालयों की साफ-सफाई का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में हजारों आस्थावानों की आस्था के प्रतीक क्षेत्र के महाहर धाम में भी महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां चल रही हैं।महाशिवरात्रि पर महाहर धाम में शिवभक्तों का हुजूम उमड़ता है। जनपद के अलावा गैर जनपदों के शिवभक्त भी महादेव के दर पर मत्था टेकने आते हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व से लेकर एक सप्ताह तक लगातार मेले के आयोजन के साथ ही जलाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा।इस दौरान हजारों लोगों का जमावड़ा होगा।जिसके मद्देनजर रविवार को शिव मंदिर समिति के पदाधिकारियों की स्थानीय मंदिर परिसर में बैठक हुई।समिति के अध्यक्ष डॉ रामप्रवेश सिंह ने बताया कि आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर समिति अपने सभी प्रकार के रूकावटों को दुरुस्त करने के लिए रूप रेखा तैयार कर चुकी हैं जिसमें साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, बैरेकेटिंड, मेला, पेयजल, शौचालय, सहित कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया जिसको समयानुसार पूरा कराने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कासीमाबाद संजय यादव व क्षेत्राधिकारी अनिल चन्द्र तिवारी ने सभी तैयारियों का फीडबैक लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से रूप रेखा तैयार करते हुए कार्ययोजना बनाया। इस मौके पर सचिव वीरेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, सुनील सिंह, प्रवीण पटवा,वशिष्ठ शर्मा, सचिन्द्र सिंह, रामप्यारे गोड़, बृजेश सिंह, प्रदीप सिंह, धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# वर वधू को सीएम ने दिया आशीर्वाद, 'माई' का लिए आशीष



वर वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य परिजन।



श्रीराम सिंह के माता से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुभकामना आशीर्वाद देने पहुंचे**

**जखनियां।** स्थानीय क्षेत्र निवासी व वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत प्रचारक श्रीराम सिंह के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुभकामना आशीर्वाद देने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम सिंह की माता (माई) का आशीष लेना नहीं भूले, बल्कि उन्होंने माई का हाथ पकड़ अपने सर पर रखवाया। इस भावपूर्ण दृश्य से लोग भाव विभोर हो उठे। मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत प्रचारक श्रीराम सिंह के यहां उनके भतीजे अभिषेक सिंह का विवाह हेमा सिंह (शिवानी) संग वाराणसी स्थित एक मैरिज लान से शनिवार की शाम को संपन्न हुआ। स्वयंसेवक संघ प्रचारक श्रीराम सिंह व योगी आदित्यनाथ में काफी पहले से मधुर संबंध रहा है अपने प्रचारक जीवन काल के दौरान जब श्रीराम सिंह गोरखपुर, देवरिया जिले में जिला प्रचारक व विभाग प्रचारक के तौर पर कार्य कर रहे थे उस समय पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के साथ रहने का अवसर प्राप्त हुआ। उन संबंधों का निर्वहन सीएम आज तक करते हैं। गौरतलब हो कि प्रांत प्रचारक की माता की उम्र करीब सौ वर्ष हो चुकी है। जिनका आशीर्वाद लेने अभी गत जुलाई 2024 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ मोहन राव भागवत भी उनके घर पहुंचे थे। इस अवसर पर कानपुर प्रांत प्रचारक श्रीराम सिंह, रणजीत सिंह, सौरभ सिंह, राजकमल सिंह सहित उनका पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तमाम गणमान्य प्रचारक व शुभेच्छु उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय हड़ताल पर जाएंगे बैंक कर्मचारी

**निर्णय**

**प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में हुआ निर्णय**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन उ.प्र. की प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को शहर स्थित एक होटल में हुई। जिसमें बोलते हुए प्रान्तीय महामंत्री मदन मोहन राय ने कहा कि बैंक कर्मचारियों के संयुक्त मंच ने अपनी मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन छेड़ रखा है। बैंककर्मी एकजुट होकर 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने निर्णय लिया है। प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक प्रान्तीय अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रान्तीय पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। प्रान्तीय महामंत्री मदन मोहन राय ने कहा कि बैंक कर्मचारी काम के बोझ तले दबा है। बैंको में आउटसोर्सिंग यूनियंस के विरोध के बावजूद जारी है। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग पर भारतीय बैंक संघ व बैंक यूनियंस के बीच सहमति बन जाने के बाबजूद सरकार इसे क्लियरेंस नहीं दे रही है। केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विस का अनावश्यक हस्तक्षेप कार्मिक नीतियों को विपरीत प्रभावित कर रहा है। बैंक मैनेजमेंट की ओर से द्विपक्षीय समझौतों व सहमतियों का उल्लंघन किया जा रहा है। प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में अन्य वक्ताओं ने संगठन पर अपने विचार रखे। मंच पर प्रान्तीय अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यूपीएन सिंह, राजीव जैन, जितेंद्र शर्मा, संजय शर्मा आसीन रहे। आयोजक इकाई गाजीपुर की ओर से सत्येन्द्र गुप्ता 'सत्या' ने स्वागत भाषण देते हुए गाजीपुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व क्रांतिकारी इतिहास प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित किया। कमलेश सिंह, हृदय शंकर राय, शुभम सिंह, आलोक प्रकाश, कृष्णदेव सिंह, अशोक सिंह, बबिता यादव, संगीता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभावी भूमिका अदा की।




स्टाफ एसोसिएशन उ.प्र. की प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित मंचासिन पदाधिकारी और अन्य सदस्य।

# मधुसूदन को मिलना चाहिए पद्म पुरस्कार

**मनिहारी।** महादेव रामअधार दिव्यांश शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र औढ़ारी मठ सिखड़ी का जहां राबर्ट विश्वविद्यालय से डाक्टरेट की उपाधि लेकर फिल्म निमार्ता, कवि, साहित्यकार एवं प्रग्यारथी की भूमिका निभाने वाले धन्नजय कुमार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। जहां उन्होंने विद्यालय के दिव्यांश,मानसिक मंद बच्चों से प्यार बाटा एवं सामान्य बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे भोजऊपुर गांव निवासी 75 वर्षीय मधुसूदन यादव जो सैकड़ों की संख्या में पीपल, पाकड़, बरगद, आम, नीम, तब लगाया जब हैंडपंप, समरसेबुल नहीं थे।उन्होंने कुएं से पानी निकाल कर पौधों को सिंचित किया था।श्री यादव को सम्मानित करते हुए धन्नजय कुमार ने कहा कि ऐसे लोगों को पद्म पुरस्कार एवं मैग्सेसे जैसे सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजभूषण दुबे ने कहा कि ऐसे अपवादी लोगों का अभिनन्दन होना चाहिए। लेकिन ऐसे लोगों के तरफ शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जाता। संस्थान के प्रबंधक रमेश यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं पुनर्वास के लिए सरकार की तरफ से कोई ठोस कार्यक्रम नहीं चलाए जा रहे हैं। विकलांग को दिव्यांग कह देने से उनके जीवन में परिवर्तन आने वाला नहीं है। इन्हें भी संविधान के अनुसार सम्मान जनक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। मौके पर बंदना, शंशाक, कोमल, रिषभदेव, संजय, गोरख, सतीष, उपेन्द्र, लखनदर महाराज आदि उपस्थित रहे संचालन रविप्रकाश शुक्ला ने किया।

# मिस्टर पूर्वांचल टाइटल प्रवीण, मसल मैन नवीन



**सेवराई।** बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को पराजित कर वाराणसी के प्रवीण यादव ने मिस्टर पूर्वांचल टाइटल व मऊ के नवीन ने मसल मैन का खिताब अपने नाम कर लिया। स्थानीय तहसील के सामने एक निजी मैरेज हाल में शनिवार को आयोजित मिस्टर पूर्वांचल बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन के तत्वाधान में १२३ विराज क्लासिक बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस फिजिक चैंपियनशिप का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बॉडी बिल्डिंग का मुकाबला 6 विभिन्न समूहों में और फिटनेस फिजिक का मुकाबला 1 समूह में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में हर समूह से बेस्ट 5 खिलाड़ियों का चयन किया गया। सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और सप्लीमेंट्स से सम्मानित किया गया। क्षेत्र में पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्र के युवाओं में काफी उत्साह था।देर रात तक चली इस प्रतियोगिता में ओवरऑल टाईटल मऊ के परवीन यादव वाराणसी के नवीन ने मसलमैन का खिताब जीतकर अपने नाम कर लिया । दोनों विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, नगद धनराशि और सप्लीमेंट्स से नवाजा गया। इस कार्यक्रम का संचालन यूपी बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अहमद फैसल महतो ने किया। जबकि निर्णायक मंडल में फैसुदीन खान, विकास चौरसिया, पवन यादव और मयंक उपाध्याय रहे। मौके पर जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह, प्रधान सुभाष यादव, संदीप सिंह, राजू, सोनू, दीपू सिंह डा. श्यामसुंदर यादव मुन्ना सिंह आदि लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, उपस्थित दर्शकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## परिवार परामर्श केंद्र ने चार परिवारों को कराया एक

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइंस के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा के कुशल निर्देशन में कुल 24 पारिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। जिसमें चार को हंसी खुशी घर वापसी कराई गई। कमलेश कुमार यादव पुत्र राम अवध यादव निवासी बुजुर्गा थाना कोतवाली जनपद की शिकायत थी कि उनकी पत्नी आए दिन बिना बताए मायके चली जाती है। ममता पांडे पत्नी प्रदीप पांडे निवासी करारी चित्रापुर थाना दुर्गावती जनपद कैमूर की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करते रहते हैं। मोहित कुमार पुत्र सोभनाथ निवासी यूसुपुर खंडवा थाना शादियाबाद जनपद की शिकायत थी कि उनकी पत्नी आए दिन बिना कारण ही मायके चली जाती है। सीमा कुमारी पत्नी अलगू चौधरी निवासी बयेपुर थाना कोतवाली की शिकायत थी कि उनके ससुराल के पक्ष के लोग आए दिन उन्हें दहेज के लिए परेशान करते रहते है। इस पर पति व ससुराल पक्ष के लोगों को समझा कर विदाई करवाई गई 04 प्रकरण में कुशलता के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। नौ प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई। शेष पारिवारिक विवाद में अभी मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथ राम, सरिता, कमरूद्दीन उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी रोली सिंह आरक्षी शिव शंकर यादव महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एसडीएम ने चलाया हंटर, 13 पर हुई कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** एसडीएम अभिषेक कुमार ने लाल बालू का अवैध कारोबार और इसके ओवरलोडिंग में लिप्त लोगों के खिलाफ मय फोर्स संग ताडीघाट-बारा नेशनल हाईवे और गाजीपुर जमानियां सैयदराजा राजमार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया,जिसके कारण बालू माफियाओं में पूरी तरह से हडकंम्प मच गया। एसडीएम ने दो अलग अलग थाना क्षेत्रों सुहवल और जमानियां में चलाए गये इस अभियान के दौरान कुल 13 ओवरलोड लाल बालू लदे ट्रक और टेलर पकडकर उन्हें सीजकर सम्बन्धित दोनों थानों को सुपुर्द कर दिया। इसके कारण दोनों हाईवे पर काफी देर तक अवैद तरीके से चलने वाले वाहनों का संचालन काफी देर तक बंद रहा।ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान समाप्त होने और अधिकारियों के जाने के बाद लोगों ने जहाँ राहत महसूस किया। वहीं उसके बाद भी बहुतेरे वाहन चालक अपने वाहनों को मार्गों के किनारे खड़ाकर अधिकारियों की टोह लेते रहे।वहीं एसडीएम ने इस काले कारोबार में लिप्त लोगों की तलाश कर उन्हें दबोचने के लिए सम्बन्धित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए,उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाए। उन्होंने चेताया कि ओवरलोडिंग और बालू की तस्करी किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। एसडीएम ने चेकिंग अभियान के दौरान जो बालू लदे ट्रक ट्रेलर पकड़े है, इस कार्यवाई की पूरी रिपोर्ट डीएम, एआरटीओ को प्रेषित कर,खखन विभाग को भी इसकी सूचना दे दी है,अभियान के दौरान पकडे गये 13 ट्रक, ट्रेलरों पर करीब 12 हजार फीट से अधिक बालू लदे थे,जिसकी बाजारू कीमत पांच लाख से अधिक बताई जा रही है। अभियान के दौरान आठ बालू लदे ट्रेलर सुहवल थाना और पांच बालू लदे ओवरलोड ट्रक जमानियां कोतवाली में सीज किए गये है।एसडीएम ने सभी थाना प्रभारियों को हिदायत दिया कि जिसके भी थाना क्षेत्र अंतर्गत ओवरलोडिंग, बालू का अवैध कारोबार होता पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्यवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि बिहार से होकर आने वाले बालू लदे ओवरलोड और बिना परमिट के वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 13 बालू लदे ओवरलोड ट्रक, ट्रेलर पकडे गये, जिन्हें सीजकर कार्यवाई की गई, कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



एसडीएम के द्वारा पकड़ा गया ओवरलोड बालू लदा ट्रेलर।

## जनसंपादकीय

# क्या अब विपक्षी एकता कायम रहेगी

**सुरेश हिंदुस्तानी**



राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इसलिए ही तो राजनीति को अनिश्चितता का खेल कहा जा सकता है। लेकिन जब राजनेता और राजनीतिक दल इस धारणा को तिलांजलि देते दिखाई देते हैं, तो उस अवस्था को अति आत्म विश्वास के भाव में व्यक्त किया जाता है। अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दुखद अध्याय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था, जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही व्यक्ति विजय प्राप्त करता है, शेष सभी पराजित ही होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपनी भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती।

वैसे विपक्ष को इसकी आदत सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और ही था।

**विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित षड्यंत्र किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम ही है।**

वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित षड्यंत्र किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम ही है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है, स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था।

जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाईश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, दूर की बात दिखती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को जमीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्म घाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे, इसलिए ही कांग्रेस से किनारा करके चुनाव मैदान में कूद गए, और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। वर्तमान राजनीतिक स्थिति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए राजनेताओं को बड़े बोल बोलने से हमेशा बचना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल यहां पर चूक गए। उन्होंने जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, वह उनके अहंकार का ही परिचायक कहा जा सकता है। अब केजरीवाल को स्वयं समझ जाना चाहिए कि व्यवहार ऐसा होना चाहिए, जो प्रिय लगे।

कहा जाता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार ने कांग्रेस का बंटाधार करने का ही काम किया है। कहीं कहीं यह भी सत्य है कि कांग्रेस के अप्रिय व्यवहार के चलते ही इन क्षेत्रीय दलों का गठन हुआ। इसलिए यह क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ मिलकर आसानी से चुनाव लड़ेंगे, यह उचित प्रतीत नहीं होता। कई राज्यों में यह भी दिखाई दिया कि जिन क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस ने समझौता किया, उन राज्यों में कांग्रेस तो डूबी ही, साथ में साथ आने वाले दलों को भी डुबा दिया। कहीं कहीं कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज तक कहा गया। आज कांग्रेस की मजबूरी यह है कि उसे तिनके की जरूरत है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति में जो मामूली सुधार हुआ, उसका कारण क्षेत्रीय दलों का सहयोग ही था। उत्तरप्रदेश में अगर समाजवादी पार्टी का साथ नहीं होता तो कांग्रेस आज की स्थिति में भी नहीं होती।

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम आम आदमी पार्टी के विजयी रथ को रोकने वाला ही साबित हुआ। यह कहीं न कहीं विपक्षी एकता के सपने को चूर चूर करने वाला भी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अब विपक्षी एकता कायम रह पाएगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क: 9770015780)**

**(ए आई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी ए आई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है ।भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पा कर हम अब यह सोच रहे हैं कि ए आइ क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे आकर्षक पर खतरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भरतिय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से ए आई की संभावनाओं के साथ जुड़े बड़े खतरों की ओर ध्यान खींचा शायद उससे निपटने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता काफी न होगी। उसके किए समानुभूति , इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी। बिना उस व्यापक संदर्भ के हामारे समाधान छिछले, संकुचित और नुकसानदेह हो सकते हैं।)।**

# एआई की बढ़ती चुनौती

**गिरीश्वर मिश्र**



ए आई यानी कृत्रिम बुद्धि के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उसके अभियान का क्रम लगातार जारी है । ए आई बड़ा संक्रामक है और देश और काल की सीमाओं को तोड़ते-फलांघते वह जल, थल और अंतरिक्ष हर कहीं मनुष्य की अप्रत्याशित रूप से त्वरित पहुँच का विस्तार करता जा रहा है । वैसे तो ए आई भी एक नैसर्गिक यानी स्वाभाविक मानवीय बुद्धि का ही करिश्मा है परंतु आज जिस गति से सब कुछ में निर्बाध दखल देते हुए इसके जरिए जो बदलाव लाए जा रहे हैं वे दुनिया का नक़्शा ही बदल रहे हैं। निर्माण अपने निमार्ता की नियति तय करता दिख रहा है।

आज वर्चुअल और डिजिटल को इस तरह स्थापित किया जा रहा है कि उनके आगे सत्य और यथार्थ हिलने काँपने लगा है । मनुष्य सत्य और असत्य (झूठ) पर भरोसा करता आ रहा है । सत्य अर्थात वह जिसका अस्तित्व है (सत) परन्तु अब नाना प्रकार के सत्य अस्तित्ववान हो रहे हैं जिनमे से अपनी पसंद से चुनना होता है पर जिस भी संस्करण के सत्य उभर रहे हैं उनके पीछे आ आई का हाथ जरूर होता है । वैसे तो किसी भी तरह के चुनाव का आधार मुख्य नियामक होता है ताकि होड़ लेते विभिन्न सत्यों के कई प्रत्याशियों के बीच असली या उपयोगी सत्य को खोज कर पहचाना जा सके । सत्य के साथ स्थिरता, निरंतरता और सातत्य या फिर अपरिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता जैसे मानक भी स्वाभाविक रूप से जोड़ दिए जाते रहे हैं । परम और नित्य सत्य की परिकल्पना हमें ईश्वर के करीब पहुँचा देती है । आज जब सत्य के निर्माण की छूट मिल रही है तो उसके कई परिणाम सामने आ रहे हैं । सारी कानूनी मशीनरी सत्य का बाजार चला रही है । वह प्रमाण और साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलने के दौरान मुल्तबी सत्य को अपने बल पर सत्य के खाँचे में फिट कर देती है । वकील और गवाह मिल कर सत्य रचते और तय करते हैं और वह जज के सत्यबोध से मेल खा जाए तो वह सुच्चा या निखालिस सच बन जाता है । यह दृष्टि सत्य की अस्थिरता या सापेक्षिकता और अन्ततः बहुलता की तरफ ले जाती है जिसके अच्छे बुरे दोनों तरह के परिणाम हैं।

कृत्रिम बुद्धि बहुत आगे जा रही है। वह वास्तविक बुद्धि के उपयोग के अवसरों और अभ्यासों को जिस तरह बदल रही है उससे हमारी आदतें , व्यवहार शैली और जीने का अंदाज सब कुछ बदलता जा रहा है । इस तरह का व्यापक नवाचार हमारी अपने बारे में समझ को भी बदल रहा है । मनुष्यता के स्वभाव , बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई आदि मनुष्य के रूप में निर्माण जैसे जरूरी उपायों के स्वरूप को प्रभावित कर रहा है । जीवन में ए आई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हरतरफ उपस्थित है । पिछले कुछ दिनों में डीप फेक और साइबर अरेस्ट जैसी घटनाओं ने ए एआई के उपयोग के अतिरेक से पैदा हो रही तमाम मुश्किलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनका संबंध जीवन की गुणवत्ता से है । ए आई की पहुंच का विस्तार या रेंज बढ़ता ही जा रहा है । निजी जीवन में उसकी दखल दुरभिसंधि, भयादोहन, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आर्थिक घोटाले और व्यापार जगत सबको संत्रस्त करने वाला साबित हो रहा है ।

## प्रसंगवश

ए आई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी ए आई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है ।भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पा कर हम अब यह सोच रहे हैं कि ए आइ क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे आकर्षक पर खतरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भरतिय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से ए आई की संभावनाओं के साथ जुड़े बड़े खतरों की ओर ध्यान खींचा शायद उससे निपटने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता काफी न होगी। उसके किए समानुभूति , इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी। बिना उस व्यापक संदर्भ के हामारे समाधान छिछले, संकुचित और नुकसानदेह हो सकते हैं। सब कुछ तकनीक विशारदों पर नहीं छोड़ा जा सकता। ए आई के नैतिक और सामाजिक आयताम भी हैं। शिक्षा में वे मानविकी और विज्ञान परौद्योगिकी दोनों को महत्व देने की वकालत कर रहे थे। तकनीकी और मानविकी के बीच की खाई पाटी जानी चाहिए। ए आई का इसका नियंत्रित उपयोग वहाँ हितकारी हो सकता है वहाँ कार्य क्षमता, उत्पादकता आदि जरूरी हों। हमें पूरा सच देखना होगा। प्राचीन ऋषियों ने ऐसे ही नहीं कहा था कि स्वर्ण के ढक्कन से सत्य का मुख ढँका हुआ है - हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यासपिहितम् मुखम । अतीत से विच्छिन्न, मूलहीन सभ्यता की नई इबारत लिखने वाली सोच अधूरी है। उसके हिसाब से हम सब एक डाटा पॉइंट होते जा रहे हैं । समाज और संस्कृति की स्मृति को मिटा देना एक बड़ी त्रासदी है। हमें इसके प्रति आगाह रहते हुए ए आई के उपयोग को सीमित करना होगा। इसी में मनुष्य के भविष्य की गुंजाइश होगी।

**( लेखक वर्धा वि वि के कुलपति रहे हैं)**

## पेरिस एआई समिट का हासिल

**ऋषभदेव शर्मा**



पेरिस में संपन्न हुए दो-दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट ने वैश्विक एआई प्रशासन की जटिलताओं और विवादास्पद पहलुओं को उजागर किया है। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, लेकिन इसने प्रमुख देशों के बीच विनियमन (रेगुलेशन) और नैतिक ढाँचे (एथिक्स) को लेकर बढ़ते मतभेदों को भी उजागर किया।

इस शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख परिणाम यह रहा कि अमेरिका और ब्रिटेन ने ह्यसमावेशी और सततह्न एआई को बढ़ावा देने वाले घोषणापत्र (डिक्लेरेशन) पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। जबकि भारत, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित 60 देशों ने इस घोषणापत्र को समर्थन दिया। इसमें एआई को खुला, पारदर्शी, नैतिक, सुरक्षित, समावेशी और भरोसेमंद बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई गई थी।

अमेरिका और ब्रिटेन का यह इनकार दर्शाता है कि वे नवाचार (इनोवेशन) पर किसी प्रकार की बंदिश लगाने के पक्ष में नहीं हैं और उन्हें सुरक्षा संबंधी चिंताएँ भी हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने यूरोपीय नियामक (रेगुलेटरी) दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा कि अत्यधिक नियम और विनियम (ओवर-रेगुलेशन) से तकनीकी विकास बाधित हो सकता है।

इसके विपरीत, यूरोपीय संघ (ईयू), विशेष रूप से फ्रांस, अधिक नियमन की वकालत कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि उनकी सरकार फ्रांस के एआई सेक्टर को मजबूत करने के लिए 109 अरब यूरो ( ?9.8 लाख करोड़) का निवेश करेगी। यह निवेश यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि एआई विकास नैतिक, स्थायी और समाज के लिए लाभकारी हो।

भारत की भागीदारी इस सम्मेलन में खासतौर पर उल्लेखनीय रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में एआई को ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाए जाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि उत्पादकता और शैक्षिक सुधारों के लिए किया जाना चाहिए।

इसके अलावा, भारत ने अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की घोषणा की, जिससे यह संकेत मिलता है कि भारत समावेशी और व्यावहारिक एआई ढाँचे को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख भूमिका निभाना चाहता है।

पेरिस एआई समिट में सामने आए मतभेद इस बात की ओर इशारा करते हैं कि भविष्य में एआई शासन को लेकर वैश्विक स्तर पर अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाए जा सकते हैं। अमेरिका और ब्रिटेन का दृष्टिकोण नवाचार-केंद्रित है। उनका मानना है कि कम से कम नियमन (मिनिमम रेगुलेशन) के साथ एआई को तेजी से विकसित करने दिया जाए। तो यूरोपीय संघ और फ्रांस चाहते हैं कि एआई विकास नैतिकता, पारदर्शिता और सुरक्षा के दायरे में रहे। जबकि समावेशी दृष्टिकोण के समर्थक।भारत जैसे देश चाहते हैं कि एआई ग्लोबल साउथ की जरूरतों के अनुकूल हो, ताकि यह केवल विकसित देशों तक सीमित न रहे।

सयानों की मानें तो, नवंबर 2025 में लंदन में होने वाला 'फ्यूचर ऑफ एआई समिट' इस बहस को और आगे बढ़ाएगा। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह तय करेगा कि क्या वैश्विक एआई शासन पर एकमत सहमति बन सकती है या फिर सब देश अपनी-अपनी अलग नीतियों पर चलेंगे।

भारत के पास अब मौका है कि वह अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए विभिन्न देशों को एक साझा और समावेशी एआई नीति पर सहमत करने का प्रयास करे। यदि भारत इस भूमिका को सही तरीके से निभा सका, तो वह एआई नीति निर्माण में वैश्विक पुरोधा बन सकता है।

फिलहाल इतना ही कि, पेरिस एआई एक्शन समिट ने यह स्पष्ट कर दिया कि वैश्विक स्तर पर एआई नीति को लेकर गहरी असहमति है। अमेरिका और ब्रिटेन जहाँ कम नियमन के पक्ष में हैं, वहीं यूरोप, भारत और अन्य देश नैतिकता व सुरक्षा के संतुलन पर जोर दे रहे हैं।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## एआई में अग्रणी बनेगा भारत

**ललित गर्ग**



एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है।

एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

यह संभावना भरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है। ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

**( लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

# सामरिक साझेदारी की नई मिसाल

## प्रसंगवश

**अरविंद जयतिलक**



भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते पर मुहर लगी है। दोनों देशों ने हाइड्रोकार्बन के प्रोडक्शन के अलावा यूएस इंडिया ट्रस्ट के जरिए डिफेंस, एआई, सेमीकंडक्टर एनर्जी, स्पेसफ्लाइट, सैटलाइट स्पेस सस्टेनबिलिटी, स्पेस टूरिज्म और अडवांस स्पेस मैन्यूफैक्चरिंग इत्यादि क्षेत्रों में मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है। सामरिक साझेदारी को धार देते हुए दोनों देशों ने एलान किया है कि वे एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और स्ट्राइकर इन्फेन्ट्री कॉम्बैट वीइकल्स के लिए मिलकर काम करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति टंज्प ने भारत को पांचवी पीढ़ी का एफ-35 फाइटर जेट खरीदने का भी ऑफर दिया है। यह ऑफर इसलिए महत्वपूर्ण है कि भारत पहला ऐसा गैर नाटो देश है जिसे यह ऑफर दिया गया है। अभी तक अमेरिका की यह नीति रही है वह एफ-35 फाइटर जेट को किसी गैर नाटो देश को नहीं बेचेगा। पहले वह भारत को भी बेचने से मना कर चुका है। लेकिन बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत उसका महत्वपूर्ण सामरिक साझीदार बन चुका है ऐसे में अब उसे ऐतराज नहीं है। दोनों देशों ने आर्थिक-कारोबारी रिश्ते को भी नई उड़ान देने के लिए इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर पर अगले छः महीने में आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। अगर इस दिशा में बात बनती है तो निःसंदेह दोनों देशों के अलावा कई अन्य देशों के मध्य आर्थिक-व्यापारिक कारोबार की प्रगति होगी। दोनों देशों ने 12यू2 ग्रुप पर भी आगे बढ़ने की हामी भरी है। इस ग्रुप में भारत-अमेरिका के अलावा यूएई एवं इजरायल शामिल हैं। यह समूह एक रणनीतिक सामरिक साझेदारी समूह है जिसे पश्चिम एशियाई क्वाड भी कहा जाता है। गौर करें तो सामरिक साझेदारी को लेकर मोदी और टंज्प के बीच गजब की केमेस्ट्री बनी है। याद होगा टंज्प के पहले कार्यकाल में दोनों देशों के बीच तकरीबन तीन अरब डॉलर का रक्षा सौदे का एलान हुआ। इसके तहत भारत द्वारा अमेरिका से एडवांस मिलिट्री इक्विपमेंट सिस्टम के साथ 6 एएच 64ई अपाचे और 23 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदने पर सहमति बनी। अमेरिका दुनिया के सबसे अत्याधुनिक और उच्चकोटि के हथियारों जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और रॉकेट और नौसैनिक जहाज शामिल हैं, को भी भारत को देने को तैयार हुआ। ये दोनो हेलीकॉप्टर हर तरह के मौसम में दिन के किसी भी समय हमला करने में निपुण हैं। चौथी पीढ़ी वाला यह हेलीकॉप्टर छिपी हुई पनडुब्बियों को आसानी से निशाना बना सकता है। इस हेलीकॉप्टर के जरिए भारत को अब अपने समुद्री इलाके को शत्रु मुक्त करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नेवी के बेड़े में शामिल एमएच-60 रोमियो सी-हॉक हेलीकॉप्टर की गणना दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हथियारों में होती है। अमेरिका भारत को 13 एमके-45 नौसैनिक तोप बेचने का भी एलान कर चुका है। अमेरिका भारत को इसका अपग्रेडेड वर्जन भी सौंपेगा। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शुन्य था वह आज 2024 में बढ़कर 20 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2025 के अंत तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। गौर करें तो आज अमेरिका भारत के साथ मिलिट्री टू मिलिट्री संबंध व सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। इसका प्रमुख कारण उसके द्वारा दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन स्थापित करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए उसने 2016 में भारत को ह्यप्रमुख रक्षा साझेदारह्न के तौर पर मान्यता दिया। याद होगा कि वर्ष 2018 में भारत और अमेरिका के बीच कॉमकासा (कम्युनिकेशंस कमपैटबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर हुआ। इस कारर पर हस्ताक्षर के बाद से अब भारत अमेरिका से अति-आधुनिक रक्षा तकनीक प्राप्त करेगा। अभी तक भारत को अमेरिका से ऐसी कोई तकनीकी नहीं मिलती थी। एफ-16 बनाने वाली अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने भी भारत में अपने नए रोल आउट एफ-21 का निर्माण करने की पेशकश की। उसने भारत से स्वीकारोक्ति चाही कि अगर वह 114 विमानों की खरीद का आश्वासन देता है तो वह किसी अन्य देश को न तो विमान बेचेगा और न ही उसकी तकनीकी देगा। अगर यह सौदा परवान चढ़ा तो यह दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा। इस सौदे पर भारत को तकरीबन 15 अरब डॉलर खर्च करने होंगे। इस सौदे से जुड़े सैन्य उत्पादों का तकरीबन 85 प्रतिशत हिस्सा भारत में तैयार होगा। इससे भारतीय नागरिकों को रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट सप्लाई एग्रीमेंट (एलईएमओ) पर भी आगे बढ़ने का संकेत दिया जा चुका है। यह समझौता एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के युद्धपोत और फाइटर एयरक्राफ्ट एक दूसरे के सैनिक अड्डों का इस्तेमाल तेल भराने एवं अन्य साजो-सामान की आपूर्ति कर सकेंगे। इस समझौते को लेकर चीन ने नाराजगी जाहिर की थी और कहा था कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर उसकी घेराबंदी कर रहा है। गौर करें तो चीन की बेचैनी यों ही नहीं है। दरअसल उसे डर है कि भारत और अमेरिका मिलकर दक्षिणी चीन सागर में उसकी दादागिरी पर नकेल कस सकते हैं। याद होगा कि चीन को तब भी असहज होना पड़ा था जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के सतत प्रयास से भारत को मिसाइल टेक्नोलाजी कंट्रोल रिजीम (एमटीसीआर) में शामिल किया गया। एमटीसीआर में शामिल होने के बाद अब भारत दूसरे देशों को अपनी मिसाइल टेक्नोलॉजी बेच सकता है। अभी वर्ष 2023 में अमेरिका की कंपनी जीईएयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच फाइटर प्लेन के एफ-414 इंजन बनाने का समझौता हुआ। इस समझौते के तहत दोनों देशों की कंपनियां अब भारत में ही फाइटर प्लेन का इंजन बनाएंगी। भारत को अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिलने पर मुहर लग चुकी है। प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी के जरिए अब हिंद महासागर में निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा सकेगा। चूंकि हिंद महासागर क्षेत्र से भारत को उर्जा जरुरतों और व्यवसायिक सामानों का आयात-निर्यात होता है ऐसे में निगरानी के लिए प्रिडेटर ड्रोन कवच का काम करेगा। गौर करें तो किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति को प्रभावित करना या अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। वह भी तब जब अमेरिका जैसे ताकतवर देश की विदेश नीति को प्रभावित करनी हो। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कमाल कर दिखाया है। उन्होंने दशकों पुराने अमेरिका की भारत नीति को बदलकर रख दिया है। आज उसी का परिणाम है कि गत वर्ष पहले अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने भारत के साथ रक्षा संबंध विकासित करने और रक्षा उपकरणों की बिक्री तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मामले में द्विदलीय समर्थन वाले बिल को मंजूरी दी। दोनों देशों के बीच संपन्न ह्यटू प्लस टूह्न वार्ता के तहत अब दोनों देश खुफिया सैन्य जानकारी साझा करने के साथ आर्थिक-कुटनीतिक साझेदारी को नया आयाम दे रहे हैं। दोनों देश कम्युनिकेशंस कॉम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा) पर भी अपनी सहमति जता चुके हैं। यह सहमति इसलिए महत्वपूर्ण रहा कि यह अमेरिका की तरफ से उसके सहयोगी देशों को रक्षा तकनीकी देने और आपातकालीन स्थिति में उन्हें मदद देने का रास्ता खोलता है।

यह समझौता भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऐसा इसलिए कि इस समझौते के बाद भारत पहला गैर नाटो देश होगा जो अमेरिकी मदद से संवेदनशील सुरक्षा तकनीक से लैस होगा। इसके अलावा अब भारत के लिए सी-17 ग्लोब मास्टर, सी-130, पी-81 एयरक्राफ्ट, चिनूक-अपाचे हेलीकॉप्टर हासिल करना भी आसान हो गया है। इस समझौते से दोनों देशों के रक्षा संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद हुए हैं। सच कहें तो भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक दशक के कालखंड में अमेरिका के साथ रिश्ते को मजबूती देकर भारत की सामरिक ताकत को बुलंदी पर पहुंचा दिया है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य

# छन से टूटा जो कोई सपना



**हरिशंकर राढ़ी**

दिल्ली में चुनाव की भोर होते ही ढेर सारे सपने छन्न से टूट गए। कछ सुखद सपने टूटे तो कुछ दुखद। कामफल जी दो चम्मच खीर खा चुके थे, तीसरे के लिए मुँह खोला ही था कि खीर सहित चम्मच शीश महल के मणिमय फर्श पर गिर गया। खीर बिखर गई। सुखद सपना टूट गया। उधर रामफल जी कई बार मुँह खोल चुके थे, खीर मुँह तक पहुँचती ही नहीं थी। इस बार मुँह खोला था कि पता नहीं कहाँ से भरा हुआ चम्मच मुँह में आन पड़ा। सत्ताईस साल से इसी सपने के लिए करवट बदल रहे थे।

राजधानी में चुनाव होते हैं तो जनता को तरह-तरह के सपने आते हैं। उसे सपने दिखाए जाते हैं, जैसे कोई माँ अपने बच्चे को लोरी सुनाकर सुलाती है तो उसे लालपरी के सपने आते हैं। जनता तो ढंग के सपने देखना भी नहीं जानती है। उसका सपना होता है कि उसका लिए एक पच्चीस बाई पच्चीस का ढका हुआ घेरा मिल जाए, जिसे वह अपना घर कह सके। जैसे-तैसे घर बन जाए तो उधर आता हुआ कोई बुलडोजर न दिखे। दिन भर में दो-चार बालटी पानी मिल जाए, गैस न हो तो जंगल की लकड़ी से ही रोटियाँ सेंक लेगी। लेकिन चुनावतंत्र में उसे बहुत ऊपर उठाने का प्रयास किया जाता है। लंदन-पेरिस तो उसने देखा नहीं है और न तो देख पाने का चांस है, इसलिए उसे सपने दिखाए जाते हैं कि हम दिल्ली को ही लंदन-पेरिस बना देंगे। कुछ साल पहले किसी प्रदेश की सड़कों को एक अभिनेत्री के गाल की तरह बनाया जा रहा था। जनता मान लेती है। एक दिन के लिए जागती है और फिर पाँच साल सपने देखती रहती है। बुद्धिराम जी कहते हैं कि वह पूरी तरह जागती भी नहीं, बस लघुशंका के लिए उठती है और फिर सपनों के लिए सो जाती है। उसे सपनों से बहुत प्यार है।

पाँच साल की रात्रि में उसने अपना शहर लंदन-पेरिस बन जाने का सपना खूब देखा, लेकिन भोर में उसका ये वाला सपना छन्न से टूट गया। उसे इसका दुख नहीं है। उसे खुशी है कि जिन्होंने ऐसा सपना दिखाया था, उनका खुद का सपना टूट गया है। कुछ तो कहते हैं कि हमें बाईसकोप दिखा रहे थे, सपना भी नहीं। अपने लिए उन्होंने असली लंदन-पेरिस बना रखा था, जबकि हमको सपने वाले लंदन-पेरिस में रख रहे थे। सपनों कें बँटवारे में भी भेदभाव रखा गया। खुद के लिए वे अजीमो-शान शहंशाह के सपने पाल रहे थे और हमारे लिए बस एक रेवड़ी का। एक रेवड़ी खाओ और घर के नजदीकी ठेके से दारू लेकर पीयो। एक के साथ एक फ्री कर रखी है। रेवड़ी मुफ्त की भले हो, उससे पेट तो नहीं भरता।

रामफल वाले खुश हैं, चुनावी भोर में अच्छा सपना देखा है। शीशमहल में रहने का उनका नंबर आ गया है। वैसे, वे पहले से ही शीशमहल में रहते हैं। कभी-कभी उसके मणिमय आँगन में उन्हें दिल्ली की परछाई दिख जाती है। उन्होंने एक के बदले दो रेवड़ी देने का सपना दिखाया है। सपना सच हो या न हो, ऊपरवाला जाने। अपना सुखद सपना तो पलने लगा है। अब अगली भोर पाँच साल बाद आएगी, तब तक देखा जाएगा। वे कामफल वालों का सपना तोड़ने के लिए चीखते-चिल्लाते रहे। लोकतांत्रिक सत्ता में जब तक एक का सपना न टूटे, दूसरे का सपना पूरा ही नहीं होता। सपनों की टक्कर होती है। आमने-सामने की टक्कर हो तो कमजोर का सपना टूट जाता है।

इस बार जो सपना टूटा है, वह वैकल्पिक सपना था। स्वप्नखोरों ने पहले वैकल्पिक सपना दिखाने और सच कराने का सपना दिखाया था। सपना दिखाने के लिए गहरी नींद सुलाना जरूरी होता है और गहरी नींद के लिए कुछ ओषधि चाहिए। उन्होंने इसके लिए वादों की अफीम चटाई थी। अफीम बहुत सारे दुखों को दूर कर देती है। उसमें आलीशान सपने आते हैं। अंगरेजी कवि एसटी कॉलेरिज ने अफीमी प्रभाव में कुबला खान के शीशमहल के सपने देख लिए थे। यहाँ तो केवल रोटी-कपड़ा और मकान के सपने देखने हैं, जिसे देखने की जनता को आदत पड़ी हुई है।

लेकिन लगता है कि जनता भी सपनों का व्यापार समझने लगी है। भले ही पाँच साल बाद, स्वप्नखोरों के सपने तोड़ने में उसे भी मजा आने लगा है। जब-जब चुनाव की भोर आएगी, स्वप्नखोरों के सपने भी छन से टूटेंगे।

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 9654030701 )**

# यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र के निर्धारण में डीआईओएस भी मिले दोषी

## जिलाधिकारी सहित अन्य सदस्यों का हस्ताक्षर मिला भिन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**लापरवाही**

**परीक्षा प्रभारी व एक बाबू निलम्बित शासन को भेजी गयी आख्या**

**शिक्षक नेताओं की शिकायत पर अपर निदेशक शिक्षा ने करायी जांच**

**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए, केंद्र निर्धारण करने में भारी भरकम गड़बड़ी सामने आई है। इसकी शिकायत पर अपर निदेशक शिक्षा द्वारा मामले की जांच संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ से कराई गई जिसमें आरोप सही पाए गए। जांच में परीक्षा प्रभारी व एक बाबू को निलंबित भी कर दिया गया है। इस मामले में डीआईओएस भी दोषी पाए गए हैं, जिसकी जांच रिपोर्ट संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ द्वारा परीक्षा सचिव को भेज दिया गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने में खेल किया गया था जिसको लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध किया गया। जनपद में 282 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रभारी उमाकांत यादव ने केंद्र निर्धारण में मनमानी की। बताया जाता है कि ढाई-ढाई लाख रुपए लेकर केंद्र निर्धारित किया गया।

इसकी शिकायत नेता लाल बिहारी यादव उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ के संरक्षण रामजन्म सिंह ने सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद से की। इस मामले को लेकर सचिव ने जांच के आदेश संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ दिनेश सिंह को दिया। संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा जांच पड़ताल में तमाम खामियां पाई गई। यह भी सामने आया कि केंद्र निर्धारण के लिए दो बैठक की गई थी जिसमें एक बैठक जिलाधिकारी ने किया तो दूसरी बैठक बिना हुए ही बैठक का होना दिखा दिया गया। दोनों बैठकों में हुए अधिकारियों के हस्ताक्षर को मिलाया गया तो भिन्न-भिन्न पाया गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश सिंह ने परीक्षा सचिव को अपनी जांच आख्या भेज दिया। जांच में यह भी पाया गया कि 165 परीक्षा केंद्रों के बच्चों का परीक्षा केंद्र परिवर्तित कर दिया गया। दूसरी अनियमितता यह थी कि शासनादेश के अनुसार जिनके गुणांक अधिक हैं उनको पहले परीक्षा केंद्र बनाया जाना था लेकिन कम गुणांक वाले विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बना दिया गया और अधिक गुणांक वाले विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनने से वंचित कर दिया गया। तीसरी अनियमितता यह मिली कि 75 किलोमीटर दूर एक विद्यालय का सेंटर भेज दिया गया। बाद में छात्र हित में उसे संशोधन किया गया। जांच में पाया गया कि सभी गड़बड़ी जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में हुई है। अगर पटल सहायक दोषी है तो जिला विद्यालय निरीक्षक भी दोषी माना जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने बताया कि हस्ताक्षर भिन्न-भिन्न होना प्रतीत हुआ है। यह तो अधिकारी ही बताएंगे कि उनका हस्ताक्षर है या नहीं। अब देखना है कि शासन स्तर से क्या कार्यवाही होती है।

## पुराने जर्जर तारों से हो रही विद्युत आपूर्ति

**फूलपुर (आजमगढ़)।** ओटीएस बकाया विद्युत वसूली के लिए उत्तर प्रदेश विद्युत पावर कारपोरेशन निगम सहित स्थानीय उच्च अधिकारियों द्वारा महीनों से अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ओटीएस बकाया राजस्व प्राप्ति की जा रही है। विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही हो रही है। परंतु जर्जर विद्युत तार ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि नहीं की जा सकी, न ही वर्षों पुराने तारों को बदलने की प्रक्रिया हुई। सुदनीपुर विद्युत सब स्टेशन से सुदनीपुर गांव में लगे 100 केवी ट्रांसफार्मर तक जाने के लिए तहसील मुख्यालय विद्युत केंद्र से आज भी वर्षों पुराने विद्युत तार से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इस संबंध में तहसील मुख्यालय विद्युत केन्द्र के अवर अभियन्ता देवेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षमता वृद्धि सहित अन्य उपकरणों के लिए लिखित पत्र उच्चाधिकारियों को भेजा दिया गया है। जल्द ही सामान उपलब्ध होने पर समस्त कार्य कराए जाएंगे।

# कच्चा मकान गिराकर पानी टंकी बनाने का आरोप

## दलित बस्ती केग्रामीणों ने जताया आक्रोशित

**जनसंदेश न्यूज**



विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज नगर पालिका परिषद के मधनापार वार्ड के रामपुर दलित बस्ती में पुरानी घरोही तथा ताड़ और नीम के पेड़ को जेसीबी से गिराकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी लगाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

दलित ग्रामवासी जनार्दन गौतम पुत्र संकठा प्रसाद तथा राजेंद्र, लालमनी, सोनू, सुनील और अनीश ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि गाटा संख्या 363 में 525 कड़ी हम लोगों की पुश्तैनी हरिजन आबादी के नाम से है जिस पर पूर्वजों द्वारा मिट्टी का मकान भी बनाया गया था। 2022 में ग्राम प्रधान द्वारा इस जमीन को जल निगम के लिए प्रस्तावित कर दिया गया। जानकारी होने पर हम लोगों द्वारा इस मामले को लेकर जिलाधिकारी तक कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। न ही आज तक कोई भी सक्षम अधिकारी मौके पर देखने आया। ग्राम प्रधान और लेखपाल, कानूनगो की मिली भगत से पुलिस प्रशासन का दबाव बनाकर हम लोगों की पुरानी घरोही तथा ताड़ और नीम के पेड़ को नवीन परती बताते हुए जेसीबी से गिरा कर नींव की खुदाई की गई। लेकिन हम लोग इसको बनाने नहीं देंगे और जहां तक होगा शासन प्रशासन से अपनी गुहार लगाएंगे। इस संबंध में मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त मामले पर गांव के कानूनगो रामसुंदर यादव से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि वह जमीन नवीन परती की है और उस पर कोई भी घरोही या पेड़ नहीं था जिसको गिराया गया। इस संबंध में मौके पर उपस्थित जल निगम विभाग ने कहा कि लेखपाल कानूनगो द्वारा यह जमीन हम लोगों को जल निगम हेतु आवंटित की गई है लेकिन हम लोग जब भी इस पर बाउंड्री वॉल का कार्य करने के लिए आते हैं तो ग्रामीणों द्वारा जमकर विरोध किया जाता है और हम लोग वापस चले जाते हैं।

# तीन वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे



सरायमीर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

**जनसंदेश न्यूज**

**संजरपुर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सरायमीर पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी न्यायालय सीजेएम मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किए गए वारण्टों के आधार पर की गई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में महेन्द्र यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी करछा, फूलचन्द पुत्र रामपलट निवासी कस्बा फत्तेहपुर और जियालाल पुत्र बुद्धू निवासी फत्तेहपुर शामिल हैं। इन पर 147, 342, 352 और 323 धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं।

## तेरह दिन और बढ़ाई गयी ओटीएस की अवधि

**फूलपुर (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमटेड शक्ति भवन द्वारा उत्तर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिलो में विशेष छूट का ऑफर दिसम्बर माह से चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 जनवरी से देखें तो तीसरा चरण है पर वर्ष 2024 दिसम्बर से देखा जाय तो चौथा चरण है। शत-प्रतिशत कामयाबी न मिलने के बाद निदेशक वाणिज्य निधिकुमार नारंग का पत्र सभी विद्युत केंद्रों पर आ गया। इस प्रकार विद्युत उपभोक्ताओं को एक बार पुनः अपने विद्युत बिलो को किश्तवार जमा करने का समय मिल गया। उपखण्ड अधिकारी विद्युत फूलपुर भूप सिंह ने बताया कि सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को एक मौका और दे दिया है। उपभोक्ता अब 28 फरवरी तक अपनी विद्युत बिलों में छूट प्राप्त कर किश्तवार बकाया जमा कर सकते हैं। ये विद्युत बिल विद्युत केंद्रों पर तथा विद्युत सखी के माध्यम से जमा कर सकते हैं। गावों में कैम्प लगने की सूचना दी जाएगी। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से समस्त उपभोक्ता छूट का लाभ लेकर लाभान्वित हों।

# गिरजा शंकर मंडल अध्यक्ष व अंकित सिंह जिलाध्यक्ष निर्वाचित

## समाज कल्याण विकास संघ का निर्वाचन सम्पन्न

**जनसंदेश न्यूज**



नवनिर्वाचित समाज कल्या विकास संघ के पदाधिकारी।

**पटवध (आजमगढ़)।** रविवार को एक होटल में समाज कल्याण विकास संघ उत्तर प्रदेश की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एसएन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष एसएन यादव ने बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन सदैव आप सभी के हित के लिए कार्य करता रहेगा।

किसी भी एडीओ समाज कल्याण अधिकारी को कोई भी समस्या होती है और वह जिले एवं मंडल स्तर पर उसका समाधान नहीं होता है तो वह अपने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी के माध्यम से हमें अवगत कराएंगे। हम उनकी समस्या का प्रदेश स्तर पर डायरेक्टर एवं विभागीय मंत्री से बात रखकर समाधान का हर संभवतः प्रयास करेंगे। इस बैठक में मंडल कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें बैठक के सभी सदस्यों की सहमति से मंडल कार्यकारिणी में मंडल अध्यक्ष गिरजा शंकर, उपाध्यक्ष ईरशाद अहमद, महामंत्री मोहम्मद आसिफ एवं कोषाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा को चुना गया। साथ ही साथ जिला कार्यकारिणी के गठन में अंकित सिंह को जिलाध्यक्ष, मुकेश कुमार उपाध्यक्ष, राकेश चौहान कोषाध्यक्ष एवं वीरेंद्र कुमार यादव को महामंत्री चुना गया। बैठक में नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का उपस्थित समस्त लोगों ने माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान नवनीत यादव, विवेक सिंह, शिव कुमार शर्मा, गौरव यादव आदि मौजूद थे।

## संक्षेप

### ट्रेन का नहीं दरवाजा नहीं खुलने पर यात्रियों ने किया हंगामा



**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद में शनिवार की रात लगभग 10.30 बजे मऊ से चलकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस सप्ताहिक गाड़ी आजमगढ़ के रास्ते होते हुए इलाहाबाद जाने के लिए आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन स्टेशन पर पहुंचते ही टिकट लिए हुए यात्रियों का ट्रेन में बैठने के लिए दरवाजे पर भीड़ लग गई। लेकिन भारी भरकम भीड़ देखकर अंदर बैठे यात्रियों ने दरवाजा नहीं खोला और ट्रेन अपने गंतव्य स्थान के लिए चली गई। यह सारा मामला प्रयागराज कुंभ मेले के चलते हुआ। इस मेले के चलते इलाहाबाद जाने वाली रूट की सभी बसें और ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी हुई जा रही हैं। इसी के चलते इस ट्रेन का भी ऐसा माहौल रहा। ट्रेन जाने के बाद यात्रियों ने हंगामा कर दिया। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन तथा जीआरपी ने सभी लोगों की फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। कुछ समय बाद स्टेशन मास्टर निकेश कुमार के समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। स्टेशन मास्टर निकेश कुमार ने यात्रा से छूटे हुए सभी यात्रियों का टीडीआर भरवा कर टिकट के पैसे वापस करने का भरोसा दिया, तब जाकर भीड़ शांत हुई। यह मामला काफी देर रात तक चलता रहा।

### पौधरोपण कर सफाई कर्मियों ने की पुरानी पेंशन की मांग



**आजमगढ़।** एक पौधा देश के नाम, एक पौधा पुरानी पेंशन के नाम, शहीद हुए जवानों के नाम पर ग्रामीण सफाई कर्मियों ने हरिऔध कला भवन में माल श्री का पौधा, सागवान का पौधा लगाया। सफाई कर्मियों ने बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। गुलाब चौरसिया ने बताया कि पुरानी पेंशन की मांग किसी न किसी माध्यम से मांगा जा रहा है। जब तक यह पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती हम इस लड़ाई को लगातार लड़ते रहेंगे। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु की अगुवाई में देश के जवानों के लिए सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक मांग करते रहेंगे। जिला महामंत्री ओंकार नाथ ने कहा कि जो बॉर्डर पर शहीद हो जाते हैं अपने देश के लिए उनके लिए पुरानी पेंशन बहाल किया जाए। सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि पौध लगाना हमारा धर्म है। हमें अपने घर के आसपास एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे कि पर्यावरण दूषित न हो और ऑक्सीजन मिलता रहे। इस अवसर पर फहीम, राकेश कुमार, राज बहादुर, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद इमरान, संतोष, पतिराम, बलिराम आदि लोग मौजूद रहे।

### ओटीएस की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के मुहम्मदपुर सबस्टेशन के जेई संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एक मुस्त समाधान योजना के तीसरे चरण का ओटीएस कराने का समय 16 फरवरी को समाप्त हो गया था। लेकिन उपयोगताओं द्वारा भारी संख्या में रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा था तो विद्युत विभाग ने अब अंतिम तिथि 28 फरवरी बढ़ा दिया है जिससे आसानी से उपभोक्ता अपना बकाया विद्युत विल का ओटीएस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कर बिल जमा कर सकते हैं। इसके पहले विद्युत विभाग द्वारा तीन चरणों में 45 दिन का समय दिया गया था जो 16 फरवरी को समाप्त हो गया था लेकिन विभाग द्वारा बारह दिन तीसरे चरण में बढ़ा दिया गया है।

### शिक्षक नेता को पितृ शोक

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की शोक सभा जिला अध्यक्ष बृजेश राय की अध्यक्षता में संगठन के कार्यालय हरिऔध नगर में हुई। शोकसभा में शिक्षक नेता एवं जनता इंटर कालेज ठेकमा बिजौली के प्रवक्ता संजय राय के पिता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर राय के निधन पर शोक प्रकट किया गया। तथागत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। संचालन संगठन के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर संगठन के पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह, ध्रुव मित्र शास्त्री, मुन्नू यादव, कमलेश राय, विजय सिंह, अवधेश त्रिपाठी, रविंद्र नाथ राय, आनंद प्रकाश राय, संजय राय, प्रशांत राय, सर्वेश्वर पांडेय, परशुराम यादव, शिक्षणेत्तर संघ के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# डिप्टी सीएमओ ने आरोग्य मेले का किया निरीक्षण



स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ.अरविंद चौधरी।

**पटवध (आजमगढ़)।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अरविंद चौधरी द्वारा रविवार को आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया। प्राथमिकता स्वास्थ्य केंद्र सेनपुर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया। मेले के दौरान डॉ. ए.के. वर्मा द्वारा 18 मरीज देखे गए थे। नम्रता यादव स्टाफ नर्स द्वारा गर्भवती माता का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान आशा संगिनी आशाएं उपस्थित थी। दवा का स्टॉक रजिस्टर देखने पर एआरवी इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था। डाक्टर को निर्देशित किया गया कि कल इंजेक्शन मंगा लें। कोई प्रयोगशाला सहायक न होने के कारण किसी भी मरीज की जांच नहीं हो पा रही थी। फार्मासिस्ट चंद्रगुप्त मौर्य 10 फरवरी से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। रिशु सिंह एएनएम भी अनुपस्थित थी। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मदिरापार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा था। समस्त स्टाफ उपस्थित था। स्टाक बुक देखने पर एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं थी जिसको फार्मासिस्ट को निर्देशित किया गया कि ड्रग वेयर हाउस से एंटी रेबीज वैक्सीन लेना सुनिश्चित करें ताकि जन-जन तक लाभ पहुंचाया जा सके।

### सामुदायिक शौचालय में सफाई का अभाव

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील प्रांगणमें नगर पंचायत द्वारा बनवाये गए सामुदायिक शौचालय में साफ सफाई का अभाव रहने के कारण तहसील क्षेत्रवासी इस सामुदायिक शौचालय के उपयोग से परहेज करते हैं। तहसील बाउंड्री के किनारे लघुशंका कर गन्दगी फैला रहे। क्षेत्रवासी रविन्द्र कुमार, संजय, बहादुर यादव, संतलाल, चन्द्रभान सहित आदि ने तहसील प्रशासन व उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई व मरम्मत कराने की मांग की है।

## महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा हेतु किया गया जागरूक

**आजमगढ़।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत एसपी हेमराज मीना के निर्देशन में रविवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। समस्त थानो में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। साथ ही महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## टैंकर से टकराई तेज रफ्तार कार, बाल-बाल बचे सवार

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल(आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर से फुलवरिया जाने वाली सड़क पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार टैंकर से टकरा गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। संयोग रहा किकार चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय नागरिकों ने चालक को किसी तरीके से कार से बाहर निकाला।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

कार चालक किशन उर्फ मोलू पुत्र प्रेम शर्मा स्थानीय नगर के वार्ड नम्बर आठ अब्दुल कलाम नगर का निवासी है। वह अपने एक दोस्त की स्विफ्ट डिजायर कार लेकर फुलवरिया बाजार किसी काम से जा रहा था। जैसी ही कार अवध चिकित्सालय के पास पहुंची, रफ्तार इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे डीजल टैंकर से टकरा गई जिसमे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर माहुल चौकी की पुलिस के साथ ही साथ आस-पास के ग्रामीण वहां पहुंच गए और चालक सीट पर फंसे किशन को कार से बाहर निकाला। इस दुर्घटना में उसे हल्की-फुल्की चोट आई और वह बाल-बाल बच गया।

# खुशी सिंह ने पावर लिफ्टिंग में जनपद का नाम किया रोशन

## 50 किलो भार वर्ग महिला में बनी उत्तर प्रदेश की पहली बिटिया

**उपलब्धि**

**हरियाणा के इंटरनेशनल स्टेडियम भिवानी में आयोजित थी प्रतियोगिता**

**जनसंदेश न्यूज**



मेडल के साथ खुशी सिंह।

**आजमगढ़।** एक बार फिर आजमगढ़ की बेटी ने हरियाणा के इंटरनेशनल स्टेडियम भिवानी में आयोजित नेशनल लेवल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सिल्वर पदक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है।

जनपद की कवयित्री डॉ. आशा सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता राहुल सिंह की सुपुत्री खुशी सिंह हिंदू विश्वविद्यालय की छात्रा ने नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपने पहले प्रयास में ही 50 किलो भार वर्ग महिला वर्ग में सिल्वर पदक जीतकर उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अपने गृह जनपद नाम रोशन का किया था। इसके पहले खुशी सिंह ने हाल में ही पूर्वांचल पावर लिफ्टिंग एवं स्टेट लेवल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर आजमगढ़ का नाम रोशन किया। खुशी को यह सफलता उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव व नेशनल रेफरी अनुज तिवारी ने अपने कुशल मार्गदर्शन से खुशी सिंह को तराशने का कार्य किया।

टीम मैनेजर एवं गोरखपुर पावर लिफ्टिंग के सचिव विनय कुमार यादव के कठिन परिश्रम से प्राप्त हुआ। नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के रेफरी एवं इंटरनेशनल प्लेयर जीएस तिवारी, शैलेंद्र श्रीवास्तव,शत्रुघ्न लाल तथा स्टेट रेफरी अवधेश तिवारी, सूरजपाल सिंह के सराहनीय कार्य से नेशनल प्रतियोगिता को सफल बनाया गया। खुशी की इस सफलता से जनपद के खेल पदाधिकारीएवं शुभचिंतक बधाई देते हुए मंगलमय भविष्य की कामना कर रहे हैं। बधाई देने वालों में सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, जय नाथ सिंह, अजेन्द्र राय, महाराणा प्रताप सेना के प्रमुख विजेंद्र सिंह, विजय शंकर यादव, अभिषेक राय, दिनेश सिंह, डॉ. प्रवेश सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह, कृष्ण पाल, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, अवनीश उपाध्याय, राहुल सिंह, अक्षत राय, स्नेहलता राय, सरोज यादव, प्रभु नारायण पांडे प्रेमी, मनीषा मिश्रा, विदुषी अस्थाना, रंजना सिंह आदि शामिल हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव स्थित एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव निवासी रीता पाल 63 वर्ष पत्नी राम जनम पाल अपने मकान शाहगढ़ में अकेली रहती थी। परिजनों को सूचना मिली कि दरवाजा दो दिन से अंदर से बंद है। इस सूचना के बाद परिजन आए और पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया तो रीता पाल मृत अवस्था में मिली। मृतका को एक पुत्र है। इस संबंध में सिधारी थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया गिरने के चलते चोट से मौत प्रतीत हो रहा है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडौरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान मेले का आयोजन किया जा रहा था। स्टोर के अवलोकन में दवाओं का रखरखाव समुचित ढंग से नहीं मिला, स्टाक बुक अपडेट नहीं थी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलारपुर में आयुष्मान अरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई का निरीक्षण किया। जहां आकस्मिक सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। इमरजेंसी कक्ष पीछे बना हुआ था उसे सामने स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। आलोक राय बीएचडब्लू लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। उक्त के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अधीक्षक को पत्र भेजकर सूचित करने के निर्देश दिए गए जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागबहार का निरीक्षण किया गया जहां आयुष्मान अरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा था।




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागबहार का निरीक्षण करते सीएमओ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंमबारी का निरीक्षण किया गया जहां आयुष्मान अरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा था। इस माह 10 प्रसव हुआ था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूलपुर पर आकस्मिक सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि समस्त चिकित्सकीय कार्य नवीन भवन से संचालित की जाए साथ यह भी सुनिश्चित करें कि बिना अनुमति के कोई कर्मचारी, अधिकारी मुख्यालय न छोड़े।

# दिल्ली की घटना को लेकर अधिकारी अलर्ट

**निरीक्षण**

### आयुक्त व आईजी ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

### विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर स्पेशल कुंभ ट्रेनों का हो रहा है आवागमन




निरीक्षण करते आयुक्त व आईजी, डीएम व एसपी।

**मीरजापुर।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ के बाद विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर लगे जवानों को अलर्ट कर दिया गया है। विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर बीएसएफ आरसीएफ आरपीएफ और जीआरपी के जवान सुरक्षा कर रहे हैं।

प्लेटफार्म पर ट्रेन पहुंचते ही सुरक्षा कर्मी अपने निगरानी में श्रद्धालुओं को बैठवाने का काम कर रहे। ट्रेन के रुकने पर चार वॉकिंग टॉकिंग से भीड़ को वॉच करने के बाद ट्रेन को चलाया जा रहा। अधिक भीड़ होने पर रस्सी से पब्लिक को कंट्रोल किया जाएगा। स्टेशन पर लगे जवान लगातार प्लेटफार्म पर भ्रमण कर रहे हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने विंध्याचल रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। विंध्याचल रेलवे स्टेशन से रेगुलर ट्रेनों के अलावा 35 अप और 35 डाउन स्पेशल कुंभ ट्रेनों का आवागमन हो रहा है। छुट्टी के चलते विंध्याचल धाम में भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। महाकुंभ से स्नान कर ट्रेन बस और निजी साधन से श्रद्धालु पहुंच रहे। मां विंध्यवासिनी मंदिर के आसपास के सभी गलियों में श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे।

भीड़ को देखते हुए मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी तथा पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0सिंह ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। वही रविवार को विंध्याचल धाम में भक्तों की भारी भीड़ है। देर रात तक 5 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन पूजन का अनुमान है। मध्याह्न तक करीब 2 लाख भक्त दर्शन पूजन कर वापसी कर चुके है। प्रयागराज पं0 दीन दयाल उपाध्याय जक्शन के बीच 35 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। धाम के विभिन्न मार्गो पर भक्तों का तांता लगा है। कुम्भ मेला के दौरान विंध्याचल धाम को 10 जोन 21 सेक्टर में विभक्त कर 1 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों, एक कंपनी आइटीबीपी, एक कंपनी पीएसी, एक टीम एसडीआरएफ और एक टीम फ्लूट पीएससी की लगाई गई है। गंगा तट से लेकर पहाड़ तक जवानों की तैनाती कर जमीन से आसमान तक से ड्रोन के सहारे निगरानी की जा रही है।

## बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की मौत

**बरौधा।** बरौंधा चौकी क्षेत्र के नेशनल हाई-वे महुअट तिराहे पर शनिवार की सायंकाल अज्ञात बोलेरो के टक्कर से ओम प्रकाश विश्वकर्मा 50 वर्ष निवासी नौगवा गुरूआन बस्ती थाना ड्रमण्डगंज घायल हो गया था। मौके पर पहुंचे बरौंधा चौकी इंचार्ज राधे श्याम ने बताया कि उसके रिस्तेदार मोहित विश्वकर्मा की मौजूदगी में स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार कराने के पश्चात उसके घर नौगवा गुरूआन बस्ती भेज दिया गया था। मृतक ओम प्रकाश रिफाइन फैक्ट्री महुअट में झाड़ू लगाने का काम करता था। फैक्ट्री के प्रोपराइटर अजय कुमार दूबे ने बताया कि शनिवार को छह बजे के करीब घर गया था। बीच में बोलेरो के टक्कर से घायल हो गया था। बरौंधा चौकी इंचार्ज राधे श्याम के अनुसार मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गुरु गोविंद सिंह का धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व



कीर्तन एवं लंगर का आयोजन गुरुद्वारा परिसर में किया गया। रविवार को आयोजित विशेष कीर्तन दरबार में अमृतसर दरबार साहिब से आए शिरोमणि रागी भाई नरेंद्र सिंह जी के द्वारा कीर्तन किया गया।

**मीरजापुर।** सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 358वे प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में रविवार को एक सप्ताह से चल रहे विशाल संत समागम का समापन किया गया। 359 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक तप स्थान श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी निर्मल संगत गुरुद्वारा नारायण घाट त्रिमुहानी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल संत समागम का आयोजन किया गया।

10 फरवरी से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संगत ने हिस्सा लिया। इस दौरान तीन अखंड पाठ की लड़ियां रखी गई। जिनका भव्य समापन 16 फरवरी रविवार को किया गया। 7 दिन से लगातार भजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमृतसर पंजाब डेरा भूरी वाले से आए ज्ञानी गुरु साहिब सिंह के द्वारा कथा विचार प्रकट किया गया। गुरु जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक महंत श्यामसुंदर शास्त्री ने किया। प्रबंधक सुशील सिंह द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से करमजीत सिंह सरना, भूपेंद्र सिंह, इंद्रप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, हीरा सिंह सरवन सिंह विवेक सिंह हरबंस सिंह हरभजन सिंह सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। रविवार सुबह भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव स्थित यूपी एमपी सीमा पर उपनिरीक्षक काशी सिंह व हेड कांस्टेबल संजय यादव गश्त कर रहे थे उसी दौरान बोरी में दस लीटर की जर्किन में कच्ची शराब लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव निवासी प्राणनाथ पुलिस को देखकर पीछे भागने लगा। संदेह होने पर एस आई काशी सिंह व हेड कांस्टेबल संजय यादव ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। बोरी की तलाशी ली तो उसके भीतर जर्किन में दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि भैसोड़ बलाय पहाड़ बार्डर से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# बाउंड्रीवॉल का विधायक ने किया शिलान्यास

**पहल**

### एक करोड़ 95 लाख से कराया जायेगा निर्माण



**चुनार।** नगर पालिका अंतर्गत चकईपुर मोहाना स्थित परेड ग्राउंड के बांउड्री वाल के निर्माण कार्य का रविवार को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने भूमि पूजन कर शिलापटट् का अनावरण किया। पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अंतर्गत एक करोड़ 95 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य से नगर को सम्मान मिला है, इसके लिए उन्होंने नगर की जनता की ओर से विधायक के प्रति आभार जताया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि चुनार को आधुनिक विधान सभा बनाने का सपना संजोकर वर्ष 2017 में चुनाव लड़ा था। क्षेत्र की जनता ने नगर को चारागाह समझने वाले लोगों को दर किनार कर यह साबित कर दिया कि विकास करने वाला व्यक्ति ही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर पाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए मैं सतत प्रयासरत हूं।

उन्होंने कहा कि आज चुनार विधान क्षेत्र के विकास की चर्चा आस पास की जनपदों में हो रही है जिसके लिए क्षेत्र के लोग बधाई के पात्र है। विधायक ने कहा कि चुनार में सब्जी मंडी, बस स्टैंड, अग्निशमन केंद्र के स्थापना की स्वीकृति मिल चुकी है। शीघ्र ही वह धरातल पर दिखाई देगा। इस दौरान विधायक सहयोगी आलोक सिंह, महेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष मंगल साहनी, बचाउ लाल सेठ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष नंदलाल केशरी, चन्द्र हास गुप्ता, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, अजय शेखर पांडेय, जगदीश गुप्ता, बच्चा सेठ, चेत नारायण मौर्य, अख्तर अली, ठेकेदार हेमंत पाण्डेय, सभासद किशन मोदनवाल, मदन लाल, गौतम जायसवाल, विजय बहादुर सिंह, राजस्व कर्मी शेषमणी, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कार व स्कॉर्पियो की टक्कर में दो महिलाएं घायल

**राजगढ़।** मीरजापुर-सोनभद्र मुख्य पर नदीहार तिराहे के पास शनिवार की रात्रि छत्तीसगढ़ से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं की कार आगे जा रही स्कार्पियों से टकरा गई। जिससे उसमें बैठी दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर होने के बाद स्कार्पियो सवार फरार हो गए। पीछे वाहन क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गई। आस-पास के लोगों पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ निवासी पूजा जायसवाल 24 वर्ष अपनी सास प्रमिला देवी 56 वर्ष के साथ प्रयागराज स्नान करने जा रही थी की जैसे ही शनिवार की रात्रि स्थानीय थाना क्षेत्र के नदिहार बाजार के पास पहुंची ही थी कि इसी दौरान बने ब्रेकर पर आगे के वाहन स्कॉर्पियों के ब्रेक मारते ही पीछे से स्पीड में आ रही कार टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे उसमें बैठी दोनों महिलाएं घायल हो गई। गस्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। दोनों का इलाज चल रहा है। इस संबंध में राजगढ़ पुलिस द्वारा बताया गया कि दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज कराकर घर भेजवा दिया गया।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर विगत 13 फरवरी को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की पुत्री को बहला-फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अहरौरा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना प्रभारी अहरौरा को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना अहरौरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए रविवार को उप-निरीक्षक संजय सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त प्रदुम कुमार पुत्र स्व0 असरफी निवासी जिगना थाना अहरौरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चुनार पुलिस द्वारा एक वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। रविवार को उप-निरीक्षक शेष बहादुर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी राम विलास सिंह पुत्र राम किशुन सिंह निवासी चुनार थाना चुनार को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वही थाना चिल्ह पुलिस द्वारा एक वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। रविवार को उप-निरीक्षक कुर्बान अली मय पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी शिवनरेश उर्फ मुसर पुत्र स्व0 मुरली केटव निवासी मझगवा थाना चिल्ह को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। धड़ल्ले से बिक रहा मादक पदार्थ, पुलिस बेखबर

### पुलिस अधीक्षक द्वारा पुराने कारखास को हटाने के बाद नए कारखास कर रहे वसूली

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत कलवारी क्षेत्र में धड़ले से मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की जा रही है। मादक पदार्थों की अवैध बिक्री से पुलिस बेखबर है। सत्ता में ऊंची पकड़ रखने वाले रहनुमाओं के छत्रछाया में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री फल फूल रही है। क्षेत्र में हौसला बुलंद दूसरे प्रांत से आए युवकों के द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की जा रही है। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री से क्षेत्र के नवयुवक नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। शाम ढलते ही नशेड़ियों का जमावड़ा चट्टी चौराहे पर लगने लगता है। अंडे की दुकानों पर शराबी बैठकर शराब का सेवन करते हैं। चीखने में अंडे का प्रयोग करते हैं नवयुवक नशे के सेवन में ऐसे डूब गए हैं कि मानो अमृत पान कर रहे हो। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही अवैध नशे के कारोबार को बंद नही कराया गया तो आने वाली पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर बर्बाद हो जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के समस्त थानों के कारखासो को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया था। पुराने कारखासो के जाने के बाद उनकी जगह नए कारखासों ने ले लिया और अवैध वसूली में मशगूल दिख रहे हैं। इस संबंध में सीओ नक्सल मड़िहान मुनेंद्र सिंह पाल ने बताया कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री करने वाले लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतया पाबंदी लगाया जाएगा।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के रैपुरी शिव मंदिर के पास स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बाबू ठाकुर प्रसाद सिंह के जेष्ठ पुत्र स्वर्गीय इंजीनियर सुरेशचंद्र सिंह एवं उनकी धर्म पत्नी स्वर्गीय सुधा रानी सिंह के स्मृति में रविवार को एक दिवसीय बालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैच उद्घाटन मुख्य अतिथि मंगला प्रसाद ग्राम प्रधान रैपुरी तथा कुंज विहारी सिंह के द्वारा किया गया। अति विशिष्ट नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, महेद्र जयसवाल, सर्वेश शुक्ला, डाक्टर श्रीमान सिंह, सुरेश दूबे उपस्थित रहे। मैच में क्षेत्रीय टीम तथा बाहरी टीमों ने भाग लिया। फाइनल बालीवाल प्रतियोगिता चेहरा तथा सिंधुरीया के बीच खेला गया, जिसमें चेहरा विजेता तथा सिंधुरीया उपविजेता बनी। विजेता तथा उप विजेता टीम को कमेटी के द्वारा मेडल तथा नगद पुरस्कार दिया गया। मैच में रेफरी के रूप में गया प्रसाद तिवारी, बाबा यादव, रवींद्र प्रताप सिंह ने कार्य किया। स्कोरर के रूप में सुरेद्र कुमार यादव, अध्यक्ष इंजीनियर शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष मान सिंह, कोषाध्यक्ष जलील मोहम्मद, व्यवस्थापक के रूप में नागेद्र प्रसाद विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## निजीकरण के विरोध में 23 को होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

**तैयारी**

### राष्ट्रीय स्तर पर होगा आन्दोलन का निर्णय

**मीरजापुर।** बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 23 फरवरी को नागपुर में बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं का राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन हो रहा है।

सम्मेलन बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के बैनर तले हो रहा है। 22 फरवरी को नागपुर में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक होगी। नागपुर में होने वाले सम्मेलन में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज (एटक), इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीटू), इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन (इंटक), ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन तथा कई प्रांतीय स्तर के बिजली कर्मियों के फेडरेशन के देश भर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के घटक श्रम संघों और सेवा संगठनों के कई शीर्ष पदाधिकारी नागपुर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। चंडीगढ़ के निजीकरण के बाद नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने यह निर्णय लिया है कि उप्र में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया का राष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर विरोध किया जाय। बिजली के निजीकरण के विरोध में किसी प्रान्त के बिजली कर्मी अकेले नहीं हैं। सारे देश के तमाम 27 लाख बिजली कर्मी उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। नागपुर सम्मेलन के बाद संघर्ष समिति आन्दोलन के अगले कदमों की घोषणा करेगी। सभा में मुख्य अभियंता कार्यालय पर इंजीनियर दीपक, विनीत, बृजेश, प्रमोद, पंकज कुमार, राम सिंह, रामजन्म यादव, राजेश कुमार गौतम मौजूद रहे।

# विंध्याचल धाम में उमड़ा भक्तों का हुजूम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में रविवार को भक्तों की भारी भीड़ माँ के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी है। देर रात तक 5 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन पूजन का अनुमान है। मध्याह्न करीब 1 बजे तक 2 लाख से अधिक भक्त दर्शन पूजन कर घर के लिए वापसी कर चुके है। विभिन्न प्रांतों से पहुंचे भक्त आदिशक्ति को नमन कर पत्र पुष्प अर्पित करते हुए नमन वंदन कर रहे हैं। माँ का धाम घंटा की ध्वनि और जयकारे से गुंजायमान हैं। तमाम भक्त अयोध्या में दर्शन और प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान के बाद विंध्याचल धाम में पहुंचे रहे है। धाम के विभिन्न मार्गो पर भक्तों का तांता लगा है। कुम्भ मेला के दौरान विंध्याचल धाम को 10 जोन 21 सेक्टर में विभक्त कर 1 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों, एक कंपनी आइटीबीपी, एक कंपनी पीएसी, एक टीम एसडीआरएफ और एक टीम फ्लूट पीएससी की लगाई गई है। गंगा तट से लेकर पहाड़ तक जवानों की तैनाती कर जमीन से आसमान तक से ड्रोन के सहारे निगरानी की जा रही है। भक्तों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए मन्दिर पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों और मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी 28,फरवरी तक बढ़ाई गई है। माँ के धाम में पहुंचे भक्त गंगा स्नान कर पूजन अर्चन कर रहे हैं। आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी के धाम में प्रतिदिन लाखों की संख्या में भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले भक्त संगम स्नान के बाद माँ के धाम में पहुँच रहे है। इसके अलावा तमाम भक्त विंध्याचल में दर्शन पूजन के बाद संगम स्नान के लिए जा रहे हैं। माँ के दरबार में रेल, बस के साथ ही निजी वाहन से पहुँचने वाले भक्तों का तांता लगा हैं। मां के धाम में कृपा पाने के लिए दर्शन पूजन के साथ ही हवन पाठ किया जा रहा था। अयोध्या में दर्शन और प्रयागराज में महाकुम्भ स्नान कर पहुंचे भक्तों ने माँ के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर प्रसन्नता जताया। धार्मिक स्थलों पर उमड़ रही भारी भीड़ के बीच व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना कोतवाली देहात पर विगत 15 फरवरी को वादी राजकुमार जयसवाल पुत्र रामजी जायसवाल निवासी पुरानी दशमी जेल के पीछे थाना कोतवाली कटरा द्वारा वादी की मोटर साइकिल चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कोतवाली देहात को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उप निरीक्षक महेश पाठक मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त धीरज गिरी पुत्र कमल बाबू गिरी निवासी लोहंदीकलां थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी मोटर साइकिल जली हालत में बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### भीड़ बढ़ने पर रस्सा टीम गठित कर करें नियंत्रित : डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने रेलवे स्टेशन मीरजापुर और विंध्याचल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विंध्याचल स्टेशन मास्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग अपने ड्यूटी प्वाइंट से न हटे और सक्रियता पूर्वक लगे रहें। तत्काल एक अलग से रस्सा टीम गठित करके स्टेशन पर उस टीम को सक्रिय रखें। यदि भीड़ बढ़ रही है तो तत्काल रस्सा टीम लगाकर भीड़ को डायवर्ट करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटित हो सके। उन्होंने स्टेशन मास्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि जो ट्रेन जिस भी प्लेटफार्म पर आ रही है उसे उसी पर आने दें, उसका प्लेटफार्म न चेंज करें। नई वीआईपी मार्ग की तरफ से बढ़ती भीड़ को देखते हुए न्यू वीआईपी मार्ग की गेट पर खड़ी होकर भीड़ को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पर नियंत्रित कर पुलिस अधीक्षक से को फोन से वार्ता कर बताया कि ड्यूटी प्वाइंट पर कोई भी पुलिस का बड़ा अधिकारी नहीं है जिससे श्राद्धालुओं को दिक्कतें उठानी पड़ रही है जिससे तत्काल मौके पर एडिशनल एसपी सोनभद्र सी ओ औराई मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुरानी वी आई पी मार्ग पर जूते चप्पल के लगे ढेर को वहां से हटाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया।

## संक्षेप

### जन आरोग्य मेले में 139 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया।** हलिया विकास खंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों का चिकित्सकों ने उपचार के बाद निःशुल्क दवा वितरित किया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने कुल 43 मरीजों का उपचार कर मरीजों को दवा वितरित किया। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्र ने कुल 51 मरीजों का उपचार किया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में कुल 45 मरीजों का उपचार किया गया। इस संबंध में हलिया प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि तीनों नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 139 मरीजों का निःशुल्क उपचार कर दवा वितरण किया गया है।

### चारा काटने के दौरान महिला की कटी उंगली

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में एक महिला चरकत से पशुओं के लिए चारा काट रही थी। उसी दौरान महिला की एक अंगुली कट गई। परिजनों द्वारा महिला को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। राजपुर गांव निवासी श्याम बिहारी की पत्नी फुलरजवा 45 वर्ष शनिवार को पशुओं के लिए चरकत से चारा काट रही थी। इस दौरान महिला की बाएं हाथ की एक उंगली कट गई। परिजन उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए। डा0 विवेक खरे ने महिला का उपचार किया। हालत सामान्य है उपचार चल रहा है।

### ओवरलोड वाहनों को पकड़कर एआरटीओ ने की कार्रवाई

**हलिया।** एआरटीओ प्रवर्तन एस0पी0 सिंह ने रविवार सुबह ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी और भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव से मध्यप्रदेश की ओर से ओवरलोड गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहे एक ट्रक और एक ट्रैक्टर ट्राली तथा तीन ओवरलोड बालू लदे हाइवा को पकड़कर ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की। एआरटीओ ने बताया कि रविवार सुबह ड्रमंडगंज क्षेत्र में अवैध रूप से ओवरलोड गिट्टी बालू लादकर परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें ओवरलोड गिट्टी लदे एक ट्रक और एक ट्रैक्टर ट्राली तथा ओवरलोड बालू लदे तीन हाइवा को पकड़कर ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की गई है। एआरटीओ द्वारा लगातार चलाए जा रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### भीड़ नियंत्रण के लिए अधिकारियों को दिया गया दिशा निर्देश

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व अपर जिलाधिकारी द्वारा स्टेशन अधीक्षक के साथ सहायक कमांडेंट बीएसएफ, जीआरपी एवं आरपीएफ प्रभारी, थानाध्यक्ष विंध्याचल सहित स्टेशन पर सुरक्षा-व्यवस्था ड्यूटी में लगे हुए सभी कार्मिकों की ब्रीफिंग की गई। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारीगण को आने-जाने वाले श्रद्धालुजन के साथ सद्व्यवहार, सहयोग व सेवाभाव सहित उनकी सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### कर्म, भक्ति व ज्ञान का अद्भुत संगम है भागवत : शंकराचार्य

**मीरजापुर।** नगर के सिटी क्लब में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का कार्यक्रम रखा गया। रविवार को कलश यात्रा के साथ अनन्त श्री विभूषित काशी धर्मपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानन्दतीर्थ के मुखारविंद से समस्त भक्त जनों ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कर्म, भक्ति एवं ज्ञान का समुच्चय पूर्वक ज्ञान गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। कथा के पहले दिन पूज्य महाराज जी के द्वारा गुरु शब्द की अद्वितीय व्याख्या की गई। साथ ही शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और हर की अमर कथा का वर्णन किया। करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्न रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कथा स्थल में यजमानों सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कथा में मुख्य रूप से टीम शिवाय फाउंडेशन तथा टीम विंध्य सार्थक रिसोर्ट, टीम बंशावित्री इंटीरियर, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, अरुण कुमार दुबे, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, मुन्ना दुबे, अनिल दुबे, देवेश गोयल, विनोद तिवारी समेत समस्त नगर के गुरु भक्त जनों की उपस्थिति रहे।

### श्रद्धालुओं की चहल-पहल से बदला-बदला सा नजर आ रहा है माहौल

**लालगंज।** महाकुंभ स्नान के लिए पहुंचे रहे श्रद्धालुओं की चहल-पहल से लालगंज का माहौल बदला-बदला सा नजर आ रहा है। हाईवे की दुकानों से लेकर स्थानीय बाजारों तक, हर जगह भारत की विभिन्न भाषाओं और सांस्कृतिक रंगों की झलक देखने को मिल रही है। कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बंगाल और महाराष्ट्र से आए यात्रियों से मिलकर स्थानीय लोग खासा उत्साहित हैं। लालगंज, बस्तरा, लहंगपुर, बरौधा और ड्रमंडगंज के चाय-पान की दुकानों और धर्मस्थलों के पास अलग-अलग भाषाएं सुनाई दे रही हैं। कई बार भाषा की दिक्कत होती है लेकिन इशारों से भी बातचीत और व्यापार चलता दिख रहा है। श्रद्धालुओं की वेशभूषा, बोलचाल और आचार-व्यवहार ने ग्रामीणों को एक नए अनुभव से परिचित कराया है। इन दिनों स्थानीय दुकानों पर चर्चा का केंद्र महाकुंभ ही बना हुआ है। चाय की दुकानों पर बैठकर लोग अलग-अलग प्रदेशों से आए यात्रियों के पहनावे, खानपान और बोलचाल पर चर्चा कर रहे हैं। उधर, महाकुंभ के प्रभाव से बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। बढ़ती मांग के कारण दुकानदारों की बिक्री में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता हूबलाल दूबे ने कहा कि भारत की विविधता का में एकता का दर्शन लालगंज में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। इसी प्रकार की बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण दिव्या ने कहा कि भारत की आत्मा एक है। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा ने कहा कि विविधता रहस्य और रोमांच जीवन का अलग सुख का अनुभव है। धर्म की सांस्कृतिक विरासत भारत की आत्मा सत्य न्याय और एकता का बोध पैदा करता है।
फोटो नं 01: पीडीए जन चौपाल में मौजूद सपा नेता

### भाजपा शासन में पीडीए समाज का हो रहा है उत्पीड़न

**मीरजापुर।** चुनार विधानसभा के ग्राम अधवार पंचायत भवन पर रविवार को समाजवादी पार्टी की पीडीए जन चौपाल जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जन चौपाल की अध्यक्षता राणाप्रताप सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य अतिथि जगदम्बा सिंह पटेल पूर्व विधायक चुनार, अतिथि सुरेन्द्र कुमार सिंह पटेल पूर्व चेयरमैन कापरेटिव, आशीष यादव पूर्व जिला अध्यक्ष सपा, रामराज सिंह पटेल प्रदेश सचिव सपा, राजेश भारतीय राष्ट्रीय महासचिव बाबा वाहिनी ने चौपाल को? संबोधित किया। वक्तताओं ने भारतीय संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए समाज एकजुट होने की आवश्यकता बताया। भाजपा शासन में पीडीए समाज का शोषण व उत्पीड़न हो रहा है। महगांई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही हैं। सभी पिछड़े-दलित, अल्पसंख्यक एकजुट होकर सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव का ताकत बने जो समय की मांग है। चौपाल में सपा के कार्यकर्ता, नेता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

**मीरजापुर।** महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी, एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम०स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई।

# बगैर भेदभाव सड़कों का बिछ रहा जाल, सुगम हो रहा आवागमन

**बोले संजीव गोड़**

### राज्यमंत्री ने बग्घानाला से अम्मा टोला तक सड़क चौड़ीकरण का किया भूमिपूजन

### 23 करोड़ की लागत से 12.5 किमी मार्ग का किया जायेगा चौड़ीकरण



फावड़ा चलाकर सड़क चौड़ीकरण का शुभारंभ करते राज्यमंत्री

**डाला।** लोक निर्माण विभाग द्वारा बाड़ी बग्घानाला से पंचुडीह कजरहट होते हुए अम्मा टोला तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। जिसका रविवार को राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ व लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता गोविंद प्रसाद ने मंत्रोच्चार के बीच नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया। उन्होंने फावड़ा चलाकर औपचारिक शुरूआत भी कर दी। बाड़ी स्थित राज्यमंत्री के आवास के सामने भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इस मार्ग का चौड़ीकरण पीडब्ल्यूडी द्वारा जल्द शुरू कर दिया जाएगा। राज्य मंत्री ने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए वह सतत प्रयासरत हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में बिना भेदभाव के सड़कों का जाल बिछाने का कार्य कर रही है। जनहित की तमाम योजनाओं में शामिल पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उक्त मार्ग का चौड़ीकरण हो जाने से गड्ढा युक्त और जर्जर सड़क से आवागमन करने में हजारों की आबादी वाले लोगों को हो रही कठिनाई से निजात मिल जाएगी।

बताया गया कि राज्यमंत्रीय के प्रयास से बाड़ी बग्घानाला से पंचुडीह कजरहट होते हुए अम्मा टोला तक 2333.84 लाख की लागत से 12.5 किमी चौड़ीकरण मार्ग की संस्तुति मिली है, पहले सड़क की चौड़ाई 3.75 मीटर थी, चौड़ीकरण में यह 5.5 मीटर हो जाएगी। यह मार्ग अम्मा टोला में जुड़ जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में तमाम सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। कम दूरी तय कर दर्जनों गांव के लोग लाभान्वित होंगे। इस मौके पर मोहन कुशवाहा, गुड्डू गोंड, टाटा चौधरी, पंकज, सहायक अभियंता रविन्द्र सिंह, अवर अभियंता अमित वर्मा, अनिल शर्मा, पीके चौधरी, बीपी शर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## विस्थापितों को मूलभूत सुविधाओं की दरकार

**दुद्धी।** राबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र के सांसद छोटे लाल खरवार ने रविवार को कनहर सिंचाई परियोजना के मुख्य बांध का निरीक्षण करते हुए विस्थापित कालोनी के रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रुबरू हुए। इस दौरान सांसद ने बताया कि कनहर सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य 2014 में शुरू हुआ। तब सपा की सरकार थी, जहां परियोजना निर्माण शुरू हुआ और लगातार चलता रहा। डूब क्षेत्र के विस्थापित परिवारों को तीन पीढ़ी तक का पुनर्वास पैकेज देने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए क्रियान्वयन भी कराया। वर्तमान भाजपा सरकार परियोजना निर्माण सहित विस्थापितों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। न परियोजना पूरा करा रही है, न ही विस्थापितों को पैकेज दे रही है। केंद्र और राज्य में सरकार होने के बावजूद भी वन विभाग, रेलवे और नेशनल हाईवे से अभी तक स्वीकृति नहीं मिली। जिससे सुरंग और जल सेतु का कार्य अधर में लटका हुआ है। प्कई विस्थापितों ने बताया कि यहां मूलभूत सुविधाएं नदारत हैं। इस पर सांसद ने कहा कि विस्थापितों की समस्याओं को संसद में उठाएंगे और प्रयास करेंगे कि विस्थापित कालोनी का विकास कार्य दुद्धी या बभनी ब्लाक से हो।

# जीवन को नया रूप देते हैं अच्छी शिक्षा व संस्कारः अविनाश

**वार्षिकोत्सव**

### धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों की धूम

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

**डाला।** स्थानीय क्षेत्र के लक्ष्मणनगर स्थित सरदार भगत सिंह विद्या मंदिर में शनिवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं।

हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें परम्परागत परिधानों में सज-धज कर छात्राओं ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी की प्रस्तुति की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया। विशिष्ट अतिथि सपा जिला सचिव मंगला प्रसाद जायसवाल ने प्रतिभागियों में स्टील का टिफिन व पानी का बोतल वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक पारसनाथ यादव ने अतिथियों का स्वागत कर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। संचालन प्रशांत पाल ने किया। इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष विजय यादव, रमेश यादव, सुनील गोंड़, शंभू गोंड़, रामनरायण गोंड, राजेश पटेल, शोभनाथ समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कार्यशाला में जल संरक्षण, उन्नत कृषि योजनाओं पर चर्चा




कार्यशाला में मंचासीन अतिथिगण

**सोनभद्र।** एक दिवसीय वार्षिक परियोजना कार्यशाला एफआरडीपी ब्लॉक घोरावल में हुई। एचडीएफसी के सहयोग से बीआईएसएलडी-यूपी द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इसका उद्देश्य जल संरक्षण, उन्नत कृषि परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना था। मुख्य अतिथि संजय यादव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, म्योरपुर रहे। इस मौके पर अजय कुमार मिश्रा, दीपक प्रजापति, लालजी त्रिपाठी, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, सत्येंद्र उपाध्याय, देवेन्द्र नाथ मंडल, डा. रजनीश कुमार, विक्की कुमार, परवेश श्रीवास्तव, विशाल मिश्रा, रविकांत पाल, संजय कुमार, वैभव सिंह, आदित्यपति तिवारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### शोकसभा कर डॉ. रवीन्द्र को दी गई श्रद्धांजलि

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय संचेतन समिति के तत्वावधान में जनपद मुख्यालय स्थित कचहरी बार सभागार में साहित्यकार डा. रवीन्द्र श्रीवास्तव जुगानी भाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। भोजपुरी साहित्य के ध्वज वाहक व लगभग डेढ़ दर्जन पुस्तकों के रचयिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया। वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर की अध्यक्षता में संपन्न शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर आत्मा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। साहित्यकार जगदीश पंथी उनके स्मृतियों को साझा करते हुए भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि जुगानी भाई हम लोगों के पथ प्रदर्शक थे और लोकभाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे। बता दें कि बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे डा. रविन्द्र श्रीवास्तव का 14 फरवरी को गोरखपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वे आकाशवाणी गोरखपुर के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हो कर लोकभाषा के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रहे थे। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदेश सरकार के हिंदी संस्थान द्वारा लोक भूषण सम्मान, संस्कार भारतीय सम्मान भोजपुरी रत्न सम्मान समेत दर्जनों पुरस्कारों व सम्मानों से विभूषित किया गया था। इस मौके पर रामनाथ शिवेंद्र, प्रदुम्न त्रिपाठी, धर्मेश चौहान, दिलीप सिंह दीपक, अशोक तिवारी, जयराम सोनी, दयानंद दयालू, प्रभात सिंह चंदेल, कौशल्या कुमारी चौहान, अनुपमा वाणी, ईश्वर विरागी, अब्दुल हई, बृजमोहन त्रिपाठी, दिवाकर द्विवेदी मेघ, अरुण मिश्रा, नरेंद्र पाठक, अखिलेश कुमार मिश्र, चंद्रलेखा सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ जगदीश पंथी ने किया।

### बीजेपी जिला महामंत्री को पत्नी शोक

**सोनभद्र।** भाजपा जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद की पत्नी का रविवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो जाने से कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुख की घड़ी में जिला प्रभारी अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, सदर विधायक भूपेश चौबे व अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर अंतिम दर्शन कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। वहीं बीजेपी द्वारा केन्द्रिय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता को स्थगित कर दिया गया।

### खड़े ट्रक से टकरायी कार, दंपति समेत चार जख्मी

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग मारकुंडी में रविवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़ी चौदह चक्का वाहन में टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार सवार रमेश तिवारी उनकी पत्नी समेत एक पुत्र एक पुत्री लगभग पांच बर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गये। बड़े पुत्र लक्ष्य तिवारी की हालत नाजुक बनी हुयी है। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां सभी लोगों की हालत गंभीर बतायी गयी। वही पुत्र की हालत नाजुक है। बताया गया कि हादसा चालक को नींद आने से कारण घटित हुआ। सभी लोग रायपुर से कुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ओबरा।** पुलिस ने एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को स्थानीय शारदा मंदिर चौराहा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना बीते 12 फरवरी की है। थाने में पीड़िता की मां की तहरीर पर शनिवार की देर शाम आरोपी शिव प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं 24 घंटे के अंदर ही रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को शारदा मंदिर चौराहा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

### एक साथ रहने को राजी हुए छह जोड़े

**सोनभद्र।** जिले में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में छह जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया। जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए तथा एक प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गयी है। सप्ताह में छह प्रकरण में सुलह समझौता कराया गया। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष ने दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया। जिससे दोनों जोड़े हसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये।

### सकुशल संपन्न हुई अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**डाला।** विन्ध्याचल मंडल के गुरमुरा स्थित अटल आवासीय विद्यालय की आगामी सत्र की प्रवेश परीक्षा रविवार को तीन जनपदों के विभिन्न स्कूलों में सकुशल सम्पन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके मंडल ने बताया कि 2025-26 की प्रवेश परीक्षा में सोनभद्र के कक्षा नौ के 241 छात्रों में 235 छात्र व कक्षा छह के 293 में 284 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। मिर्जापुर में कक्षा नौ 176 छात्रों में 162 छात्र व कक्षा छह के 231 छात्रों में 213 ने प्रवेश परीक्षा दी। भदोही के 31 छात्रों मे 30 छात्र व 40 छात्रों में 39 छात्र उपस्थित रहे। विन्ध्याचल मंडल के गुरमुरा स्थित अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में कुल तीनों जनपदों को मिलाकर 1012 छात्रों में 963 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे रोहित यादव, डीएलसी एके सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली रेल हादसे के लिए विभाग जिम्मेदार इस्तीफा दें रेल मंत्री

**सोनभद्र।** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए रेल हादसे के लिए कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने रेल मंत्री से इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री इस्तीफा देने के बजाए पूरे महकमे को लीपा-पोती पर लगा दिया। हादसा रेल प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है। इतना बड़ा हादसा हो जाने के बाद भी नैरेटिव बनाया गया कि सब कुछ कंट्रोल में है। जब लोग भगदड़ में मर रहे थे तो रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौत के आंकड़े छिपाने में जुटे हुए थे। रेल मंत्री कोई भी ट्रेन हादसा हो तो उसे छोटी घटना बताते हैं। जब मृतकों के परिवार वाले सच बयां करने लगे तो कुछ रिपोर्टर्स के फोन जब्त किए जाने लगे। फुटेज डिलीट किए जाने की बात कही गई। ऐसी घटना पर संवेदना व्यक्त करने और माफी मांगने के बजाए रेल मंत्री और सरकार मौत के आंकड़े छिपाने में लग गई जो वीभत्स है। उन्होंने कहा कि कुम्भ में अव्यवस्था और प्रशासन की लापरवाही से आए दिन रेलवे-स्टेशन और सड़कों पर लोगों की मौत हो रही है। लेकिन बीजेपी सरकार मौन है। उन्होंने दिल्ली मे हुए हादसे में मृतकों के परिवार को 50 लाख और घायलों को इलाज के लिए 20 लाख रुपये आर्थिक मदद की मांग की है।

# क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**प्रतियोगिता**

### एमवीएम पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन, कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथिगण

**सोनभद्र।** मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल में फाइनल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी बुद्धिमत्ता, तर्कशक्ति और ज्ञान की परख करने का अनूठा अवसर प्रदान किया। छात्रों ने अपनी तीव्र सोच और सूझबूझ का परिचय दिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में एक रोमांचक वातावरण बना रहा। जूनियर और सीनियर विंग्स की टीमों ने भाग लिया, जिनमें से कुछ टीमों ने अपनी असाधारण प्रस्तुति के बल पर शीर्ष स्थान हासिल किए।

जूनियर विंग्स की प्रथम विजेता टीम में भौमिक चौबे, श्रेया, जिया सिंह और वैभव सिंह शामिल रहे, जबकि द्वितीय स्थान अभिनव सिंह, कुशाग्र पटेल, लवित चौबे और गौरव पट्टी त्रिपाठी की टीम ने प्राप्त किया। सीनियर विंग्स में प्रथम स्थान आकृति गुप्ता, बबीता सिंह, प्रिंसि चौरसिया और चंद्रशेखर की टीम को मिला, वहीं दृष्टि मौर्य, यश चौबे, नैन्सी त्रिपाठी और आयुष कुमार वर्मा की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह विविध गतिविधियों के माध्यम से विकसित होती है। प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने छात्रों को अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अंत में कक्षा 12 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयीं। शिक्षकों ने उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय को अपनी सफलता की नींव बताया। इस मौके पर ओम प्रकाश त्रिपाठी, पारस नाथ मिश्रा, एसएन द्विवेदी, जेएन तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, उमाकांत शुक्ला, अजय पाण्डेय, ऋचा पाण्डेय, केएन शुक्ला, रीति अग्रहरी, सोहन पाठक, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## नम आंखों से बारहवीं के छात्रों को दी गयी विदाई

**बीजपुर।** स्थानीय हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बच्चों ने केक काटकर कार्यक्रम प्रारम्भ कराया। कक्षा 11 के छात्रों ने एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। सीनियर छात्र छात्राओं ने जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। वहीं जूनियर छात्रों ने भी अपने सीनियर छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वाद प्रदान कर उनकी सफलता की कामना की। प्रधानाचार्या दुर्गावती गुप्ता ने विद्यार्थियों को परीक्षा से सम्बंधित दिशा निर्देश देत हुए कहा कि मन लगाकर अध्ययन करें। मेहनत व लगन से पढ़ाई करें, निश्चित ही सफलता आपके कदमो में होगी। इस अवसर पर कुछ बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन कर दिया। इस मौके पर शिक्षकों समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम को पत्र भेज एबीएसए पर लगाया गंभीर आरोप

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** भाजपा मंडल मंत्री सुधीर पांडेय एवं ईश्वरी प्रसाद ने खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर विश्वजीत पर गम्भीर आरोप लगा कर जिलाधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शासनादेश के विरुद्ध किए गए कार्य से शिक्षको में व्यापक आक्रोश है। बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद द्वारा दिसंबर माह में प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के बाद खाली पड़े प्रभारी पद पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने चहेते शिक्षक को कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में प्रभारी बनाया गया है।

शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय बीजपुर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को सीधे धमकाया गया कि किसी ने विरोध किया तो दूर के स्कूल में उठा कर फेक दूंगा। उधर खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सारे आरोप बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत है। मैं शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर गया तो वहां एक अध्यापक आकस्मिक छुट्टी पर था। वही नामांकित 340 बच्चों के सापेक्ष में 269 बच्चे उपस्थित मिले।

बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता संतोषजनक नही पायी गयी। बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए कई बार अध्यापकों को निर्देशित किया जा चुका है, फिर भी बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं हो पा रही है। कुछ अध्यापकों द्वारा गुटबाजी कर शिक्षक की मर्यादा का उलंघन किया जा रहा है।

पूर्व में भी इसी विद्यालय के दो अध्यापकों द्वारा विद्यालय परिसर में ही मारपीट किया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ एवं तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बृहद दंडात्मक कार्यवाही करते हुए दोनों अध्यापकों का एक वेतन वृद्धि अवरुद्ध करते हुए अध्यापकों को अन्यत्र विद्यालयों में भेजा था। किंतु दोनों अध्यापक पुनः विद्यालय में आकर विद्यालय को राजनीति का अड्डा बना दिये। जिससे विद्यालय एवं विभाग की छवि धूमिल हो रही है। वहीं बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## विनोद, बीएन यादव बने अध्यक्ष

**करमा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक रविवार को डा. परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान संगठन विस्तार करते हुए तहसील रावर्ट्सगंज इकाई के अध्यक्ष पद पर विनोद मिश्रा को चुना गया, जबकि घोरावल तहसील की इकाई के अध्यक्ष पद पर बीएन यादव को चुना गया। वहीं आगे होने वाले जिला सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने, पत्रकारों के हित के लिए स्वास्थ्य सुविधा, सरकारी बसों में यातायात सुविधाओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने विभिन्न मांगों को शासन तक पहुंचाने की बात कही।

# 35 विद्यार्थियों को मिली आलिम हाफिज व कारी की उपाधि

जनसंदेश न्यूज



कादरिया नूरिया दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते वक्ता

**दुद्धी।** दारुल उलूम कादरिया नूरिया बघाडू में रविवार को दीक्षान्त समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि मदरसा में कई राज्य के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। सभी छात्रों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। छात्रों को बहुत कम सुविधाएं मिल रही है। उनकी पार्टी की सरकार होती तो महाविद्यालय में अन्य सुविधाएं दी जाती। प्रयास है कि इस विद्यालय का कायाकल्प करें। उन्होंने कहा कि कायाकल्प भी किया जाएगा। जिला महासचिव मो. सईद कुरैशी ने विद्यालय प्रबंधन को कायाकल्प करने की बात कही।

मुख्य वक्ता शहर-ए-काजी प्रयागराज मौलाना मुफ्ती मुजाहिद हुसैन रिजवी ने कहा कि इस्लाम किसी भी तालीम को हासिल करने से मनाही नहीं करता है। इस्लाम हर भाषा और हर इल्म सीखने के लिए प्रेरित करता है। मौलाना मुखतारुल हसन, ताज औरंगाबादी, अजीजे मिल्लत, हिफाजत अली ने अपनी तकरीर पेश किया। कहा कि अच्छी सोहबत इंसान को बुलंद मकाम अता फरमाती है। उसमें भी मौलाना, उस्ताद, ओलमा की अहमियत दुनियाबी तौर पर सर्वोपरी है। इसलिए हमें चाहिए कि हम नेक लोगों से ही मेलजोल रखें, ताकि उनके फैज से हम भी नेक बन जाएं। समारोह में 35 छात्रों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कादरिया तालीमी ग्रुप के संस्थापक हजरत नसीर ए मिल्लत ने किया। संचालन हसन फैजी ने किया। इस मौके पर हाफिज मसऊद रजा, हाजी फकीर अली, मो. हसनैन, कौनन अली, कारी उस्मान, सईद अनवर, एनुल हक्क, मौलाना नजीरूल कादरी, महमूद आलम, कमालुद्दीन, सादिक हुसैन, इरसाद अली समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार एकादश ने आरपीडी प्रबंधन को दी शिकस्त

**मैत्री क्रिकेट मैच**

### बबलू पांडे ने बनाये नाबाद 55 रन, विजेता टीम को ट्राफी देकर किया गया सम्मानित



विजेता पत्रकार एकादश टीम के कप्तान को ट्राफी देते यूनिट हेड

**अनपरा।** रेनू पावर डिवीजन के मधुबन पार्क स्टेडियम में पत्रकार एकादश और आरपीडी प्रबंधन एकादशी के मध्य एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 12 ओवर के इस मैच में पत्रकार एकादश ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। प्रबंधन एकादश के कप्तान यूनिट हेड आरपी सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 127 रन बनाए।

जिसमें लगातार छह गेंद पर छह छक्के मारते हुए दीपक पांडे ने 54 रन की शानदार पारी खेली। इससे पूर्व कप्तान आरपी सिंह और उपकप्तान शैलेंद्र विक्रम सिंह ने बल्लेबाजी कर शुरूआत की। कप्तान आरपी सिंह ने 14 रन जुटाए। सुजान श्रीमाली, निखिल जैन, नरेंद्र पाठक ने अच्छी बल्लेबाजी की। जिसके दम पर सात विकेट खोकर प्रबंधन की टीम ने 127 रन बनाए। बबलू पांडे ने गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में चार विकेट चटका कर प्रबंधन के बल्लेबाजों की कमर तोड़ दिया। 128 रन का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादशी की टीम शुरू से ही प्रबंधन के गेंदबाजों पर दबाव बनाने में कामयाब रही। कप्तान अखिलेश भटनागर ने 16 रन बनाए, वहीं बबलू पांडे ने 55 रन बनाये। गजेंद्र गुप्ता ने भी 27 रन, अजय द्विवेदी 12 रनों का योगदान दिया।

इस मैच में तीन गेंद रहते पत्रकार एकादश ने विजय प्राप्त की। यूनिट हेड ने आश्वस्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम साल में दो बार होंगे। उन्होंने खेल को आपसी मेलजोल और सौहार्द के लिए शानदार बताया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिए गए। कमेंट्रेटर सदानन्द पांडेय रहे। मैच का सफल बनाने के लिये ईआर हेड मृदुल भारद्वाज, रोहित सक्सेना, सदानन्द पांडेय, आरके बर्मा का सहयोग रहा। इस मौके पर शैलेश विक्रम सिंह, मनीष जैन, अरविंद सिंह, निखिल जैन, सुधाकर, अशोक तिवारी, संजय द्विवेदी, चंद्रमौली मिश्रा, अजय द्विवेदी, गोबिन्द मिश्रा, जेपी सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। अंत में हिंडाल्को रेनुसागर प्रबंधन की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# बेसिक स्कूलों में रिक्त पदों को तत्काल भरे सरकारः युवा मंच

**म्योरपुर।** प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं, जिससे पठन-पाठन प्रभावित है। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को तत्काल भरने के लिए प्रदेशस्तरीय मुहिम के तहत युवाओं ने सोशल मीडिया एक्स प्लेटफार्म पर आवाज उठाई। युवा मंच ने छात्रों की इस मुहिम का समर्थन किया है। सोनभद्र जैसे पिछड़े हुए इलाकों में शिक्षकों व बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। यहां के 2061 बेसिक स्कूलों में महज 4200 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि 10 हजार शिक्षकों की जरूरत है। 129 स्कूलों में तो एक भी नियमित शिक्षक नहीं है। जनपद में इससे भी ज्यादा दयनीय स्थिति माध्यमिक व उच्च शिक्षा की है। शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार जैसे सवालों को लेकर म्योरपुर ब्लाक के गांवों में चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान में छात्रों, युवाओं और नागरिकों से जनसंपर्क व संवाद करते हुए युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड व अध्यक्ष रूबी सिंह गोंड ने बताया कि युवा मंच की ओर से सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बेसिक स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पड़े 1.26 लाख पदों को तत्काल भरने की मांग की गई है। कहा कि एक तरफ शिक्षा के कायाकल्प का दावा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर बेसिक स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने से सरकार द्वारा इंकार किया जा रहा है। प्रदेश में 24 हजार बेसिक स्कूलों को भी बंद कर दिया गया और कई को बंद करने की तैयारी है। हाल के वर्षों में ही 1.39 लाख शिक्षकों के पदों को भी खत्म कर दिया गया। इसका सर्वाधिक प्रतिकूल असर गरीब व निम्न मध्यम पृष्ठभूमि के बच्चों पर पड़ेगा।

# स्टेशन पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ उमड़ने से बढ़ी परेशानी


डीडीयू स्टेशन पर उमड़ी लोगों की भारी भीड़।

**डीडीयू नगर।** साप्ताहिक छुट्टी का असर महाकुंभ स्नानार्थियों के रूप में दिखाई दिया। शनिवार की रात और रविवार की रात स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ उमड़ पड़ी। यही नहीं अप और डाउन के ट्रेनों की स्थिति यह रही कि इसके कोच के दरवाजे खोलने में पसीने बहाने पड़े। रविवार को भीड़ मौनी अमावस्या के पूर्व संध्या से भी अधिक रही। शनिवार की रात और रविवार को दिन भर दो लाख से अधिक स्नानार्थी स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेन पर सवार कराने में प्रशासन के पसीने छूटे। माघ पूर्णिमा के बाद कुंभ स्नान के लिए जाने वालों की संख्या कम होगी। बावजूद इसके ठीक उल्टा हुआ।माघ पूर्णिमा के बाद शनिवार से प्रयाराज जाने वालों की संख्या अचानक बढ़ गई। शनिवार की रात स्थिति यह रही कि न सिर्फ प्रयागराज जाने वाले बल्कि वापस लौटने वालों की दोहरी संख्या से स्थिति बेकाबू होने लगी। आरपीएफ, जीआरपी, वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने स्थिति को संभाला। रविवार को भी यही स्थिति रही। सबसे अधिक परेशानी ट्रेनो के बंद कोच को खोलने को लेकर हुई। दोपहर में एक बजे प्लेटफार्म संख्या दो पर अजमेर भागलपुर एक्सप्रेस पहुंची। इसके एसी कोच ए-1 के यात्रियों ने दरवाजा नहीं खोला। बाद में जीआरपी कर्मी ने काफी प्रयास किया। इसके बाद दरवाजा खुला। यही स्थिति प्लेटफार्म संख्या एक पर आई अजमेर सियालदह की भी रही। वहीं नार्थईस्ट एक्सप्रेस, गया एग्मोर एक्सप्रेस, सुरत भागलपुर, मंबई मेल, मगध एक्सप्रेस की यही स्थिति रही। स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, सीएसजी एनके मिश्र, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अभिषेक यादव के साथ स्काउट गाइड की टीम लगी रही।

# रेलवे अधिकारियों ने स्टेशन की संभाली सुरक्षा

**मुस्तैद**

**दिल्ली हादसा के बाद हुए ऐक्टिव**

**ट्रेन के एसी बंद दरवाजे को पुलिस ने खोलवाया**



दिल्ली हादसे के बाद स्टेशन पर मौजूद एसपी व अन्य अधिकारी।

**डीडीयू नगर।** दिल्ली में शनिवार की रात हुए हादसे के बाद स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। डीआरएम राजेश गुप्ता, एसपी आदित्य लांग्हे और वरीय मंडल सुरक्षा अधिकारी जेतिन बी राज, सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन सहित आला अधिकारियों ने डीडीयू स्टेशन पर पहुंच कर व्यवस्था संभाल लिया।

भीड़ बढ़ते ही स्टेशन पर पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई। शनिवार और रविवार की छुट्टी का असर प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जाने वालों की संख्या पर दिखाई दिया। शुक्रवार की रात से ही प्रयागराज जाने वालों की भीड़ अचानक बढ़ गई है। शनिवार की रात स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ जुटी। इस बीच दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसा हो गया। इस खबर के बाद अचानक स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। माघ पूर्णिमा के बाद स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए बाहर से आए अधिकारी वापस चले गए थे। शनिवार को दिल्ली में हुए हादसे के बाद अधिकारियों को वापस बुला लिया गया। स्टेशन पर भीड़ अनियंत्रित न हो सके। इसके लिए आरपीएफ, जीआरपी, वाणिज्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही स्वास्थ्य, सिग्नल, कैरेज सहित विभागों के कर्मियों को भी भीड़ नियंत्रण में लगा दिया गया है। रविवार की सुबह स्टेशन पर जाने वाले बेटिकट यात्रियों को बाहर ही रोक दिया गया। डीआरएम राजेश गुप्ता, कमांडेंट जेतिन बी राज, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधांशु रंजन, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक मोहम्मद इकबाल सहित अन्य अधिकारियों की टीम स्टेशन पर पहुंच गई और भीड़ प्रबंधन में जुट गई। वहीं दिन में लगभग 12 बजे एसपी आदित्य लांग्हे, एएसपी कृष्ण मुरारी शर्मा, सीओ आशुतोष, मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर सिंह की टीम पहुंची और स्टेशन पर भ्रमण कर वस्तुस्थिति को देखा।पुलिस अधीक्षक ने अधिनस्थ पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## संक्षेप

### कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगाने के लिए डीएम को लिखा पत्र


कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सांसद से मिलते लोग।

**नियामताबाद।** भारत रत्न व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा लगाने को लेकर समाज के लोगों की मांग पर सांसद वीरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा। सांसद वीरेंद्र सिंह ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया की कमजोर तपके के सम्मानित लोगों की मांग पर भारत रत्न, जननायक स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा चंदौली जिला अस्पताल के सामने रिक्त पड़ी जमीन को अनारक्षित करने को लेकर निर्देश नगर पंचायत अध्यक्ष को देने का कष्ट करें, ताकि गरीबों के प्रेरणा स्त्रोत स्वर्गीय ठाकुर की प्रतिमा स्थापित की जा सके। इसको लेकर समाजसेवी इंद्रजीत शर्मा के नेतृत्व में आधा दर्जन समाज के लोगों ने सांसद वीरेंद्र सिंह से मिलकर मूर्ति स्थापित करवाने की मांग की। जिसको संज्ञान में लेकर सांसद ने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से जमीन अनारक्षित करने की मांग की है।

### अराजक तत्वों व अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को स्थापित रखने एवं अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सक्रिय अपराधी एवं अराजकतत्व के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में विभिन्न अपराधिक क्रियाओं में संलिप्त अपराधी पर अकुंश लगाने के लिए आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई। साथ ही 6 माह के लिए जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया। जिले की सीमा में सक्रिय दिखाई देने पर उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला बदर अभियुक्त शहाबगंज थाना क्षेत्र के केरायगांव निवासी जाफर खां के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

### प्राथमिक मखतम स्कूल की कमेटी का हुआ गठन

**धीना।** कस्बा स्थित प्राथमिक मखतब स्कूल कमालपुर का पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। जिसमे प्रबंधक नौशाद आलम, उप प्रबंधक डॉ जीशान आलम, सदर डॉ नूरूलहोदा, नायब सदर डॉ अब्दुल रहीम, सचिव वकीलुर्रहमान, उप सचिव अशरफ अली, कोषाध्यक्ष अब्दुल हामिद मुन्ना को मुंतखाब किया गया। कमेटी के कार्यों की देख भाल के लिए पांच संरक्षक बनाए गए जिसमें नन्हें खां, हफीजुर्रहमान अंसारी, मुख्तार अंसारी, अयाज अहमद गुड्डू, कल्लू आदि रहें। अध्यक्षता नन्हें खां व संचालन नफीस आलम शब्बू ने किया।

### सेमरा कुसही में दी लैंगिक जागरूकता की जानकारी

**नौगढ़।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान के बाद हुआ। महाविद्यालय के गोद लिए गए गांव सेमरा कुसही में लैंगिक जागरूकता रैली निकाल कर गांव वासियों को जागरूक किया गया। द्वितीय सत्र के आयोजन में महाविद्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में प्रवक्ता डॉ. प्रियंका ने लैंगिक समानता के विभिन्न पहलुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला। बताया कि जनसेवा की भावना से ओत-प्रोत होकर के भ्रूण हत्या अपहरण आदि जैसे मुद्दे पर रोक लगाना नागरिकों का कर्तब्य व दायित्व है। डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि आज भी समाज में महिला-पुरुष में भेदभाव किया जाता है, जिसको कम करके समानता लाना जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमेश चन्द्र ने सभी शिविरार्थियों को शपथ दिलाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रतिमा स्थापना के लिए बन रहे चबूतरे के निर्माण को रोका

**नौगढ़।** चकरघट्टा थाना क्षेत्र के गहिला गांव के समीप अंबेडकर प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए आरक्षित वन भूमि में रविवार को अवैध रूप से कराए जा रहे चबूतरा निर्माण कार्य को वन विभाग ने मौके पर जाकर के रोक दिया। वहीं रात्रि में भी वनकर्मियों की निगरानी ड्यूटी लगाई गई हैं। काशी वन्य जीव प्रभाग रामनगर के नौगढ़ वन रेंज अन्तर्गत गहिला पूर्वी बीट के आरक्षित वन भूमि में अवैध रूप से अंबेडकर प्रतिमा रखे जाने के लिए कराए जा रहे चबूतरा निर्माण कार्य की जानकारी पाकर के वनदरोगा राजकुमार के नेतृत्व में वनविभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी। जिसे देख चबूतरा निर्माण कार्य में लगे लोगो ने विरोध करने का प्रयास किया। जिस पर वन विभाग की टीम ने सख्ती दिखलाते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया। वन विभाग की ओर से रात्रि में भी मौके पर निगरानी ड्यूटी किया जा रहा है। वन दरोगा राजकुमार ने बताया कि नौगढ वन रेंज के गहिला पूर्वी बीट में आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने के लिए चबूतरा बनाए जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया है। बीट प्रभारी रामकेर के नेतृत्व में मौके पर रात्रि में भी वनकर्मी मुस्तैद होकर निगरानी ड्यूटी में लगे हैं। इस बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा दखल करने वाले अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर के अगले दिन चकरघट्टा थाना में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### बैठक आज

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय चंदौली भक्तिमय झांकी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी, सदस्यों, झांकी के मंडली मास्टरों, ऑगेर्नाइजरों व कलाकारों की संयुक्त बैठक सोमवार की अपराह्न 1 बजे से से विकास नगर मोड़ सुमित मेडिकल की गली के अंदर डांस अकैडमी के आवास पर की गई है।बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। उपरोक्त जानकारी गायक अशोक सिद्धार्थ केसरवानी ने दी है।

### डंफर की चपेट में आने से बाल-बाल बचे स्कूटी सवार

**चन्दौली।** पपौरा से आ रहे स्कूटी सवार सधन तिराहा के समीप सकलडीहा से जा रही डंफर की चपेट में आने से बाल बाल बच गये। ग्रामीणों ने डंफर को रोककर पूछताछ करने पर डंफर चालक ने बताया कि मरा तो नहीं है। यह सुनकर लोग आक्रोशित होगये। शिकायत पर मामले की जांच पर कोतवाली पुलिस कर रही है।

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ महापंचायत में भरी हुंकार


बिजली के निजीकरण के खिलाफ महापंचायत में उपस्थित भाकपा माले के लोग।

**नियामताबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ब्रांच कमेटी बुधवार के नेतृत्व में बिजली के निजीकरण के खिलाफ, किसान मजदूर महापंचायत पांडेयपुर बाजार में आयोजित किया गया। महापंचायत में महिलाओं, नौजवानों, मजदूरों, किसानों ने बिजली कानून संशोधन 2022 को वापस लेने और वाराणसी और आगरा विद्युत वितरण निगम के सरकार निजीकरण के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग उठी।

महापंचायत को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड डा. हीरालाल यादव ने कहा कि यह मोदी और योगी की डबल इंजन की सरकार बिजली का निजीकरण करके गरिबो के घर से उनका चिराग भी बुझा रही है। महंगाई और बेरोजगारी की वजह से कराह रही जनता बिजली के और अधिभार को झेल नहीं पाएगी। राज्य कमेटी सदस्य गुलाब चन्द ने कहा कि 1948 मे ही बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान की प्रस्तावना में ही बिजली एक सामाजिक जरूरत की चीज है उसे बिना लाभ हानि के सरकार की जिम्मेदारी है, जो जनता को मुहैया कराने की है।

संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं,बिजली के निजीकरण से आम उपभोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों पर गाज गिरने वाली है। सीपीएम के जिला सचिव शंभूनाथ यादव ने कहा कि सरकार अपने वादे के मुताबिक 200 यूनिट बिजली फ्री करने से मुकर रही है। बिजली का निजीकरण करके किसानों की खेती की लागत को बढ़ाया जा रहा है,निजी क्षेत्र में बिजली जाने से पूंजीपति मालोमाल होंगे,जनता तबाह होगी। इस मौके पर सतीश चन्द, लालचंद यादव, बुद्धिराम, शकुन्तला देवी, शांति देवी, मिठाईलाल, चरणदास, कन्हैया, सहेंदर चौहान, मन्नू शर्मा, तिलकधारी, कालीचरण, नाथूराम, नरेंद्र, राकेश कुमार ने संबोधित किया। गुड्डू रंगीला ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता जोखू व लालचंद एव संचालन जालंधर ने किया।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल रविवार को सैयदराजा विधायक से उनके सदर कार्यालय पर मिला जिसमें 16 सूत्रीय मुख्यमंत्री के नाम से लिखित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्रों में जिक्र किया कि शिक्षक स्नातक क्षेत्र की तरह ही 40 लाख व्यापारियों में से किसी एक को चुनकर अवध, काशी, बज्र, गोरखपुर, कानपुर-बुन्देल, पश्चिमी उत्तरप्रदेश से 6 विधान परिषद सदस्य चुने जाए इसके अलावे जीएसटी में व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस जारी न किया जाए, जिनसे उनका शोषण न हो। साथ ही सैम्पलिंग के नाम पर व्यापारियों को परेशान न किया जाए। व्यापारियों की दुकानें जलने या क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से राहत दी जाए, इसके अलावा व्यापारियों की मुख्य मांगे जिन टोल टैक्स बैरियर की अवधि समाप्त हो चुकी है वहा से वसूली बन्द हो साथ ही साथ व्यापारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ते हुए आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जाए। इस मौके पर राकेश शर्मा, हरजीत सिंह, अमित केशरी, महेंद्र गुप्ता, शीला देवी, आभाउपस्थित रही। जिला मीडिया प्रभारी अमीय पांडेय ने दी है।

# स्टेशन अधीक्षक ने सीपीआर देकर बचाई महिला की जान

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात 11 बजे प्लेटफार्म संख्या तीन पर हार्ट अटैक की शिकार हुई महिला की स्टेशन अधीक्षक ने स्वयं सीपीआर देकर जान बचाई। महिला की सांस चलने पर मेडिकल की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद महिला आगे के लिए रवाना हुई। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्लेटफार्म संख्या तीन से स्पेशल ट्रेन चलाई गई।

इस ट्रेन में सवार होते समय 45 वर्षीय महिला अचेत होकर नीचे गिर पड़ी। नीचे गिरकर वह अचेत हो गई। महिला के साथ चल रही महिलाएं वहीं रोने लगी। यह देख कर लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच मंडल वित्त अधिकारी ने इसकी सूचना कंट्रोल को दी। कंट्रोल की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात स्टेशन अधीक्षक टू सीबी राय मौके पर पहुंचे।

मेडिकल टीम के पहुंचने के पहले ही उन्होंने महिला के गर्दन को देखा तो सांस रूक गई थी। यह देख कर उन्होंने सीपीआर देना शुरू कर दिया। लगभग पांच मिनट तक लगातार सीने को दबाने पर महिला की सांस फिर से चलने लगी। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मौके पर पहुंची लोको मंडलीय चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने महिला का प्राथमिक उपचार किया। महिला के स्वस्थ महसूस करने पर उसे गंतव्य के लिए रवाना किया गया। एक सप्ताह पहले भी स्टेशन अधीक्षक ने एक युवक और एक बुजुर्ग को सीपीआर देकर जान बचाई थी।

# श्रीराम अवतार ब्रह्म बाबा के वार्षिक उत्सव में रासलीला का मंचन

**चहनियां।** क्षेत्र के फूलवरियां ग्राम सभा में चल रहे मां शुभांगी देवी तत्व पुत्र राम अवतार ब्रह्म बाबा का 13वां चार दिवसीय श्रृंगार महोत्सव में रासलीला का मंचन किया गया। यह मंचन श्री ब्रज बहुलावन लीला संस्थान वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा हुआ। जिसमे स्वामी घनश्याम महाराज एवं दिनेश ठाकुर महाराज द्वारा संचालन किया गया।

इसमें मीराबाई के जीवन और उनके प्रेम की कहानी को दशार्या गया था। उत्सव में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया और रासलीला के मंचन का लुफ्त उठाया। उन्होंने श्री ब्रह्म बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके दर्शन किए। 12:00 से हवन पूजा हुआ और 3:00 बजे से 7:00 बजे शाम तक उपेंद्रनाथ भारद्वाज व्यास द्वारा प्रवचन हुआ। रासलीला में मीराबाई के चरित्र को दशार्या गया था, जो कृष्ण की भक्त थीं और उनके प्रेम में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। मीराबाई की कहानी प्रेम, समर्पण और भक्ति की एक अद्भुत मिसाल है और यह रासलीला उनके जीवन को एक नए और रोमांचक तरीके से दशार्ती है।

उत्सव में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु भक्तों ने रासलीला के मंचन की बहुत प्रशंसा की और कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। उन्होंने श्री ब्रह्म बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके दर्शन किए। उत्सव श्रद्धालु भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय। कार्यक्रम में रामसेवक उपाध्याय, राम उपाध्याय, संजय उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, अमित उपाध्याय, राजन उपाध्याय, अतुल, आशुतोष, आकाश, प्रिंस, दिनेश, सूरज, रामकृष्ण आदि लोग रहे।

# मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश


निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता को दिखाते ग्रामीण।


भटरौल गांव जाने वाले मार्ग में प्रयुक्त हो रही डस्ट युक्त गिट्टी।

**सड़क निर्माण मामला**

**गिट्टी डाल कर बगैर पानी छिड़काव व ड्राई रोलर चलाए ही बीना इमलसन व ट्रैक कोट मारे ही कर दिया जा रहा है सड़क का डामरीकरण**

**इलिया।** क्षेत्र स्थित लेवा-इलिया मार्ग के तियरा पुल से भटरौल गांव तक कई वर्षों से जर्जर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत की लंबी मांग के बाद पिछले सप्ताह से निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन कार्य गुणवत्ता व मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में आरोप है और ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में मानकों की खुली अवहेलना करने का आरोप लगाया हैं। विदित हो कि सड़क भटरौल, किडीहीरा, सारिंगपुर, तियरा गांव होते हुए मुख्य मार्ग लेवा इलिया से जुड़ी है। यह मार्ग दर्जनों गांवों को ब्लॉक और जिला मुख्यालय से जोड़ती है। इस मार्ग से रोजाना आटो, बस और चार पहिया वाहनों का आवागमन होता है। पीडब्लूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में अहरौरा पहाड़ी की दोयम दर्जे की डस्ट वाली गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। गिट्टी बिछाने के बाद पानी गिरा कर उस गिट्टी को ड्राई रोलर चला कर उसे दबाया भी नहीं जा रहा है, जबकि गिट्टी को फैला कर जीएसबी डालकर, पानी गिरा कर उसे दबाने का प्रावधान है। लेकिन ठेकेदार द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि बिना सड़क कुटाई और पानी के छिड़काव के ही कोलतार की पेंटिंग की जा रही है। जबकि पेंटिंग से पहले इमल्सन का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है जिससे कि सड़क की धूल मिट सके और ना ही ट्रैक कोट मारा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के घटिया निर्माण से सड़क की गिट्टियां कुछ ही महीने भर में उखड़ना शुरू हो जाएगा। यह सरकारी धन का खुला दुरुपयोग है। विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। कोई भी अधिकारी गुणवत्ता की जांच के लिए मौके पर नहीं जाते है।

# अज्ञात कारणों से मकान में लगी आग, पड़ोसियों ने बुझाया

**नुकसान**

**कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू**

**जनसंदेश न्यूज**


आग लगने से मकान में जला पड़ा सामान।

**चन्दौली।** नगर के वार्ड नं.8 स्थित सोनू सेठ के मकान अचानक लगी आग से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बाद आस पास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। साथ सटे मकानों में आग को फैलने से रोकने में सहायता की, जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुचीं तब तक आग बुझ चुकी थी।

बताते है कि सोनू सेठ घर के निचले तल पर परिवार के साथ थे तभी अचानक ऊपर के हिस्से में बने कमरे से धुंवा निकलने लगा मोहल्ले के लोगों की जब नजर पड़ी तो सभी ने मिलकर सटे मकान के ऊपर से पानी डालने लगे। इस दौरान वॉर्ड सभासद संजय कन्नौजिया ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी व साथियों के साथ मकान की छत पर पहुंच घंटों मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफल रहे, लेकिन तबतक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। भुक्तभोगी के अनुसार आग लगने से मकान के अंदर मौजूद बेड, रजाई, गद्दा, राशन, कपड़े व अन्य कीमती सामान जलकर नष्ट हो चुके हैं। सूचना के बाद जब तक मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंची, तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगाने की मांग

**डीडीयू नगर।** ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा जी के नेतृत्व में आज चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह से मिलकर जिला मुख्यालय पर भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा लगाने का मांग किया ।इस दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह ने मांग स्वीकार करते हुए पत्र व्यवहार के माध्यम से जिला अधिकारी को भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा को स्थापित करने हेतु अवगत कराया। साथ ही सांसद ने नगर पंचायत अध्यक्ष को फोन के माध्यम से अवगत कराया जिससे इस प्रक्रिया को अभिलंब पूरा किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने ने सामाजिक पत्रिका नंद युग को सांसद को भेंट किया। साथ ही डीडीयू रेलवे स्टेशन से लखनऊ रेलवे स्टेशन हेतु प्रातकालीन ट्रेन सेवा की मांग रखी। प्रतिनिधि मंडल में इंद्रजीत शर्मा, शिव कुमार, नंद जी, घनश्याम शर्मा, एड जितेंद्र प्रताप, शिवानंद शर्मा राम, भोग शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा आदि नंदवंशी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित थार ने कई वाहनों में मारी टक्कर

**सकलडीहा।** सकलडीहा सधन तिराहा के समीप शनिवार की देर शाम सकलडीहा से चहनिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थार वाहन ने छोटी बड़ी कई वाहनों में टक्कर मार दिया। जिसके कारण भगदड़ मच गया। मौके पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक और वाहन को पकड़कर थाने ले गयी। वही घटना के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी। सकलडीहा से चहनिया मार्ग का निर्माण पूर्ण रूप से हुआ नहीं है। इसके बाद भी तेज रफ्तार में फरार्टा भर रहे है। एक सप्ताह पूर्व डंफर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी थी। शनिवार की देर शाम सकलडीहा सधन तिराहे से तेज रफ्तार में चहनिया की ओर जा रही थार वाहन टेम्पू सवारी वाहन, बाइक सवार,मारूति कार,ट्रैक्टर सहित कई वाहनों को टक्कर मारते हुए सड़क पर गिरी बालू में जाकर फस गयी। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल होगया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थार चालक नशे में होने के कारण कई वाहनों की टक्कर मार दिया। जिसमें एक बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल होगयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने वाहन सहित चालक को पकड़कर थाने ले गयी। इस बाबत कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

### वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

**सकलडीहा।** मनिहरा गांव के समीप रविवार को शाम 6 बजे करीब सवारी आटो वाहन के धक्के से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल होगये। घटना के बाद आटो चालक वाहन लेकर फरार होगया। घायल सकलडीहा कस्बा के आम्बेडकर बस्ती के 58 वर्षीय जीवनाथ राम और पुत्र 36 वर्षीय संतोष राम है। परिजनों ने दोनों घायलों को सकलडीहा सीएचसी में भर्ती कराया।

# स्पोर्ट्स

## ...तो क्या आखिरी आईपीएल मैच चेन्नई में नहीं खेल पाएंगे एमएस धोनी?

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए शेड्यूल की घोषणा हो गई है। लीग की शुरूआत 22 मार्च से हो रही है। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के दूसरे ही दिन डबल हैडर का धमाल भी देखने को मिलेगा, जिसमें सबसे बड़ी टक्कर पांच-पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। इस टक्कर में सबकी नजर सीएसके के थाला कहे जाने वाले महेंद्र सिंह धोनी पर होगी।



धोनी को सीएसके की टीम ने मेगा ऑक्शन में अनकैप्ड प्लेयर के तौर रिटेन किया था।

टीम की कप्तानी अब रुतुराज गायकवाड़ के पास है। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को पांच बार चैंपियन बनाया है। इसके अलावा अब यह भी कहा जा रहा है कि धोनी का यह आखिरी आईपीएल सीजन भी हो सकता है। ऐसे में फैंस की ये चाहत होगी कि वह अपना फेयरवेल मैच भी सीएसके के होम ग्राउंड पर खेले, लेकिन शायद ऐसा नहीं हो।

महेंद्र सिंह धोनी को लेकर सीएसके का हर फैन ये चाहता है कि उनकी विदाई हो तो चेन्नई में हो, लेकिन आईपीएल 2025 का जो शेड्यूल जारी किया गया है इसमें ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इस सीजन में चेन्नई को लीग स्टेज में कुल 14 मैच खेलने हैं। जिसमें 7 मैच टीम अपने होम ग्राउंड पर खेलेगी। सीएसके लीग स्टेज में घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच 12 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने उतरेगी। वहीं उसका 14वां मैच 18 मई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ है जो कि अवे मैच होगा।

ऐसे में अगर चेन्नई की टीम नॉकआउट राउंड में पहुंच जाती है, इसके बावजूद उन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का मौका नहीं मिलेगा। क्योंकि नॉकआउट चरण में क्वालीफायर और एलिमिनेटर-1 मैच हैदराबाद में खेला जाएगा जबकि क्वालीफायर-2 और फाइनल मुकाबला कोलकाता में होगा। यही कारण है कि अगर धोनी इस सीजन के बाद आईपीएल से संन्यास से ले लेते हैं तो उनका फेयरवेल चेन्नई में नहीं हो पाएगा ये पूरी तरह से तय है, अगर धोनी 2026 में भी खेलेंगे तो वह फिर से अपनी टीम के लिए चेन्नई में धमाल मचाएंगे।

# आईपीएल के 18वें सत्र का कार्यक्रम जारी

## कोलकाता और आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

**फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में खेला जाएगा**



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। इस दौरान 22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे। वहीं, फाइनल समेत प्लेऑफ के सभी मुकाबले 20 से 25 मई तक खेले जाएंगे।

22 मार्च को बेंगलुरु और कोलकाता के बीच मुकाबले के बाद 23 मार्च यानी रविवार को डबर हेडर मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को पहले डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के सामने राजस्थान रॉयल्स की चुनौती होगी, जबकि दूसरे मैच में मुंबई की टीम का सामना चेन्नई से होगा। आईपीएल 2025 में कुल 12 डबल हेडर्स हैं। डबल हेडर वाले दिन पहला मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से और दूसरा मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

आईपीएल की दस में से तीन टीमें दो-दो होम ग्राउंड्स पर मैच खेलेंगी। दिल्ली अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम और नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेंगे। राजस्थान अपने दो घरेलू मैच गुवाहाटी में खेलेंगे, जहां वह केकेआर और सीएसके की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा शेष घरेलू मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेंगे। वहीं, पंजाब अपने चार घरेलू मैच चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में खेलेगा, जबकि धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में लखनऊ, दिल्ली और मुंबई के खिलाफ तीन घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा।

लीग चरण के खत्म होने के बाद, प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाएंगे। हैदराबाद 20 मई, 2025 और 21 मई को क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर की मेजबानी करेगा। इसके बाद कोलकाता 23 मई, 2025 को क्वालिफायर 2 की और 25 मई को फाइनल की मेजबानी करेगा। आईपीएल का पिछला सीजन बेहद रोमांचक रहा था। तब कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई के चेपक में खेले गए फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता था। यह कोलकाता टीम का आईपीएल इतिहास में तीसरा खिताब रहा था।

### आईपीएल 2025 : मुंबई इंडियंस की बढ़ी मुश्किलें पहले मैच में चाहकर भी नहीं खेल पाएंगे हार्दिक



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 टूर्नामेंट का पहला मैच 22 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा, लेकिन लीग का ब्लॉकबस्टर मैच 23 मार्च को खेला जाना है। यह मुकाबला होगा मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच। आईपीएल में इन दिनों टीमों की टक्कर को एल क्लासिको भी कहा जाता है, क्योंकि लीग की ये ना सिर्फ सबसे मजबूत टीम में से एक है बल्कि सबसे ज्यादा खिताबी जीत भी इन्हीं दोनों टीमों ने हासिल की है। हालांकि, आगामी सीजन के पहले ही मैच में मुंबई की टीम कमजोर पड़ती दिख रही है। इसकी वजह खुद टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या हैं। हार्दिक पांड्या चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के लिए ओपनिंग मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में मुंबई के लिए अब कप्तानी में हार्दिक पांड्या का विकल्प कौन होगा इसे लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। आईपीएल 2025 में हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के लिए पहला मुकाबला क्यों नहीं खेलेंगे, इसे लेकर फैंस में भी जानने की उत्सुकता बनी हुई है। दरअसल हार्दिक पांड्या ने पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस के कप्तान बने थे। उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा था। मुंबई की हालत ऐसी रही कि टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। इस निराशाजनक प्रदर्शन के कारण कप्तान हार्दिक पांड्या पर एक खास नियम के कारण बैन लग गया। दरअसल हुआ ये कि पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस की टीम ने तीन बार ओवर रेट में पिछड़ गई थी। ऐसे में आईपीएल के नियम के अनुसार कप्तान को एक मैच के लिए बैन किया गया है। यही कारण है कि हार्दिक पांड्या चाहकर भी मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2025 में पहला मैच नहीं खेल पाएगी।

### ऑलराउंड प्रदर्शन से सुपर स्ट्राइकर्स ने बुंदेलखंड को हराया

**लखनऊ।** दनादन क्रिकेट का रोमांच जारी है। शनिवार को दिन के दूसरे मुकाबले में सुपर स्ट्राइकर्स ने बुंदेलखंड ब्लास्टर्स को चार विकेट से हराकर एलएलसीटेन-10 क्रिकेट में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बुंदेलखंड की टीम ने 10 ओवर में आठ विकेट खोकर 86 रन बनाए। जवाब में सुपर स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवर में छह विकेट खोकर 88 रन बनाए और चार गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर स्ट्राइकर्स की शुरूआत अच्छी हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे मोहम्मद राजी और सुमित कोठारी के बीच 28 रनों की साझेदारी हुई। बुंदेलखंड के मुलायम ने राजी को अपना शिकार बनाया और वह 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद टीम को करन सिंह शेखावत के रूप में दूसरा झटका लगा जो 32 के स्कोर पर लौटे।

## तीन ओवर, 3 रन आउट की अपील और तीनों विवादित फैसले

**वडोदरा।** महिला प्रीमियर लीग के दूसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। इस मैच को दिल्ली की टीम ने आखिरी गेंद पर अपने नाम किया। हालांकि मैच के बाद खेल से ज्यादा अंपायर के फैसले की चर्चा हो रही है। दिल्ली की पारी के आखिरी तीन ओवर में तीन रन आउट की अपील हुई। तीनों फैसला थर्ड अंपायर के पास गया और अब इसपर काफी विवाद हो रहा है।

सबसे पहले 18वें ओवर में शिखा पांडे के खिलाफ रन आउट की अपली हुई। फिर 19वें ओवर में राधा यादव और आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी के खिलाफ। तीनों ही मौकों पर जब बेल्स की लाइट जली को बल्लेबाज का बल्ला क्रीज से बाहर दिख रहा था। हर बार अंपायर ने कई बार रिप्ले दिखे। लेकिन ऐसा लगा कि थर्ड अंपायर गायत्री बेल्स के जलने पर फोकस ही नहीं कर रही थी। वह देख रहीं थी कि पूरी तरह बेल्स स्टंप से हटी है या नहीं। शायद इसी वजह से बल्लेबाजों को नॉट आउट दिया गया।



न्यूजीलैंड और आरसीबी के पूर्व हेड कोच माइक हेसन ने इसपर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- मुझे नहीं पता कि आज अंपायर ने यह क्यों तय किया कि जिंगर बेल्स लागू नहीं होंगी? एक बार बेल्स जल जाने पर कनेक्शन टूट जाता है, इसलिए विकेट बिखर जाता है। यह खेल की परिस्थितियों में होता है। पिछले 10 मिनट जैसी उलझन कभी नहीं रही।

दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर दो विकेट से हराया। दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को 19.1 ओवर में 164 रन पर रोक दिया। मुंबई के लिये नेट सीवर ब्रंट ने नाबाद 80 और हरमनप्रीत कौर ने 22 गेंद में 42 रन बनाए। जवाब में शेफाली वर्मा ने 18 गेंद में 43 रन बनाकर दिल्ली को आक्रामक शुरूआत दी और 60 रन तक दिल्ली ने कोई विकेट नहीं गंवाया लेकिन 16 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिये । इसके बाद मुंबई इंडियंस ने मैच में वापसी की और लगभग जीत के करीब पहुंच ही गई थी। दिल्ली को आखिरी 12 गेंद में 21 रन चाहिये थे और उसके चार विकेट थे। नौवे नंबर की बल्लेबाज राधा यादव ने छक्का जड़ दिया और निकी ने चौका लगाया लेकिन पांचवीं गेंद पर आउट हो गई। अरूंधति यादव ने आखिरी गेंद पर दो रन लेकर जीत दिलाई।

### मुंबई इंडियंस में जादुई गेंदबाज की एंट्री

नई दिल्ली। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान के 18 वर्षीय स्पिनर को एल 4 वर्टिब्रा में फ्रेक्चर हुआ है और वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। अफगानिस्तान के हाल के जिंबाब्वे दौरे के दौरान गजनफर को चोट लगी थी। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है।' मुजीब अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने तुरंत प्रभाव डाला जिससे उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल में डेब्यू का मौका मिला। मुजीब ने 300 से अधिक टी20 (अंतरराष्ट्रीय और घरेलू) मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### लेजेंडरी सुपरस्टार जीतेन्द्र को प्रतिष्ठित 'ज्येष्ठ नागरिक' सम्मान से नवाजा गया



**मुंबई।** बॉलीवुड के आइकॉनिक एक्टर जितेंद्र, जिन्हें प्यार से 'लेजेंडरी सुपरस्टार' कहा जाता है, को हाल ही में खासदार जेष्ठ नागरिक संकुलन महोत्सव में जेष्ठ नागरिक के रूप में सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन में जितेंद्र के भारतीय सिनेमा में दिए गए योगदान को सेलिब्रेट किया गया। यह महोत्सव उनके शानदार करियर की गवाही देता है—एक ऐसे सफर की, जहां वह एक एक्स्ट्रा आर्टिस्ट से शुरू करके इंडस्ट्री के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक बने ।इस खास मौके पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। उनके साथ कई खास मेहमानों और गणमान्य व्यक्तियों ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई। जितेंद्र के लिए यह पल बेहद खास था, क्योंकि उनका शानदार करियर दशकों से भारतीय सिनेमा की विरासत का हिस्सा रहा है। जितेंद्र, एक ऐसा नाम जो हर घर में पहचाना जाता है, भारतीय सिनेमा में अपने बेहतरीन योगदान के लिए बेहद सम्मानित किए जाते हैं। अपने करियर में उन्होंने 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, जो बॉलीवुड के एक सुनहरे दौर की पहचान बन चुकी हैं। उनका चार्म, जबरदस्त डांसिंग स्किल्स और यादगार परफॉर्मेंस ने उन्हें लाखों-करोड़ों फैन्स के दिलों में एक खास जगह दिलाई है। कार्यक्रम में मंत्री नितिन गडकरी ने जितेंद्र की जबरदस्त उपलब्धियों की तारीफ की और नई पीढ़ी को प्रेरित करने के उनके लगातार किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। ज्येष्ठ नागरिक सम्मान उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ी हो। जितेंद्र ने फिल्म इंडस्ट्री में जो पहचान बनाई है, वो किसी से छुपी नहीं है। ऐसे में ये सम्मान उनके कद और उनकी मेहनत को और भी खास बना देता है। जितेंद्र ने अपने पहले के दोनों को याद करते हुए कहा है, "मैं पूरे 18 साल गिरगांव की चॉल में रहा। वहां की छोटी-सी दुनिया में इतना प्यार मिला कि आज भी वो यादें दिल में बसी हैं। अब मैं 83 साल का हो गया हूँ, लेकिन अगर मुझसे पूछा जाए कि मेरी ज़िंदगी का सबसे सुनहरा दौर कौन-सा था, तो मैं बिना सोचे कहूंगा—वो चॉल वाले दिन। मैं एक एक्स्ट्रा एक्टर था, जूनियर आर्टिस्ट था, और मेरा पहला ब्रेक भी मुझे इसी वजह से मिला क्योंकि शांता राव बाप को ये मजेदार लगा कि एक पंजाबी लड़का इतनी साफ मराठी कैसे बोल सकता है! असल में, मैं सिर्फ़ 15 दिन का था जब मेरी माँ मुझे बॉम्बे, गिरगांव लेकर आई थीं, और 18 साल तक वहीं पला-बढ़ा। सच कहूं तो मैं किसी भी चीज से ज्यादा महाराष्ट्रियन हूँ। आज ये सम्मान पाकर दिल भर आया है। आप सबका दिल से शुक्रिया। ये सम्मान सिर्फ़ जीतेन्द्र के एक्टर होने का नहीं, बल्कि उस आइकॉन का है जिसने पीढ़ियों तक लोगों को एंटरटेन किया और इंस्पायर किया। ह्यलेजेंडरी सुपरस्टारह्न का टैग सिर्फ़ नाम भर का नहीं है, बल्कि उनकी सालों की मेहनत और टैलेंट का नतीजा है। उनकी फिल्में, उनका डांस, उनकी स्टाइल—सबकुछ आज भी लोगों के दिलों में ज़िंदा है।

## व्यापारियों की हर दिक्कत पर खड़ा रहेगा व्यापार मंडल : इंदु सिंह

**जफराबाद।** व्यापारियों के हर समस्या पर व्यापार मंडल खड़ा रहेगा। कोई भी किसी तरह का उत्पीड़न नहीं कर पायेगा। यह बातें रविवार की शाम को बाजार में उद्योग प्रतिनिधि व्यापार मंडल कल्याणपुर, कबूलपुर, हुसेपुर के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह (इंदू) ने कही। उन्होंने कहा कि किसी भी संघटन की ताकत एकता से होती है। व्यापारियों को एकजुट रहना होगा। उन्हें कोई अधिकारी हो या अन्य प्रताड़ित करेगा तो संघटन पूरी ताकत से उसके विरुद्ध व्यापारियों के साथ खड़ा रहेगा। जिला महामंत्री आरिफ हवीब ने कहा कि हमारी एकता ही हमारी ताकत है। त्रिलोचन व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने कहा कि हमारे संघटन ने व्यापारियों के हित के लिए सदैव लड़ाई लड़ी है। कार्यक्रम को जफराबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष उमाकांत गिरी, पुरवे के सन्तोष अग्रहरि, थानागद्दी के बीरबल गुप्ता आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे नवगठित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों जिसमे अध्यक्ष पद पर मुकेश जायसवाल, महामंत्री सजंय यादव, कोषाध्यक्ष पंकज जायसवाल,



उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, सूरज मिश्र, मुन्ना गुप्ता व साहब राज यादव तथा मंत्री पद पद पर अमित जायसवाल, जितेंद्र सिंह बबलू, संयुक्त सत्यम श्रीवास्तव, संघटन मंत्री विशाल जायसवाल, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव व सूचना सहायक पद पर भोनू सुलेमानी को इंदु सिंह ने शपथ दिलायी। इस मौके पर संरक्षक दुर्गा प्रसाद जायसवाल, राजेश यादव, हाजी अलाउद्दीन, ओमप्रकाश जायसवाल, डॉ. विनय प्रजापति, इमलाक खान, उमेश मिश्र, विनय श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस मौके पर सुरेंद्र यादव, डॉ. दिनेश, डॉ. बद्रीनाथ यादव, रमेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क सेवा देने का पर्व है कुम्भ : डॉ. अलका प्रकाश

**करंजाकला।** मेंटरिंग भारत के द्वारा महाकुंभ में मेदांता हॉस्पिटल व कमला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंप में निशुल्क दवा वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। गंगा आरती गंगेश्वर घाट सेक्टर 9 पर मेला प्रशासन अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश की उपस्थिति में आम जनमानस एवं गंगा सेवादूत व स्वच्छता कर्मी के स्वास्थ्य हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, प्रबंध निदेशक, कमला हॉस्पिटल वरिष्ठ सर्जन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक विनय कुमार पांडे एवं निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा द्वारा मेंटरिंग भारत एवं कमला हॉस्पिटल द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की गई। कहाकि विगत दिवस उद्घाटन समारोह में पधारे डॉ. नरेश त्रेहन संस्थापक द्वारा विभिन्न हॉस्पिटल से सहयोग हेतु जोड़ते हुए अपने दिल्ली, लखनऊ की इकाई से मदद की बात कही। डॉ. सुनील विश्वकर्मा ने हृदयाघात के लक्षण एवं त्वरित जीवन रक्षक उपायों को आम जनता के साथ साझा किया साथ ही मेंटरिंग भारत के अनुपम प्रयास को सराहते हुए सभी डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। ज्ञानस्थली फाउंडेशन की ट्रस्टी द्वारा इस कार्यक्रम में महाकुंभ से संबंधित सनातन पर्व की किताबें व प्रतीक चिह्न देकर सभी का धन्यवाद किया। मेंटरिंग भारत द्वारा एक अवेयरनेस कैंप भी आयोजित किया गया जिसमें कमला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल व सैक्टेम फॉउंडेशन के कुशल डॉक्टरों की टीम में डॉ. सुनील विश्वकर्मा (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, प्रबंध निदेशक, कमला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल), डॉ. लोकेन्द्र गुप्ता (सह निदेशक, इमरजेंसी मेडिसिन व ट्रामा केअर, मेदांता लखनऊ), डॉ. प्रियंका यादव (दंत रोग विशेषज्ञ, केजीएमयू, लखनऊ), डॉ. प्रगति यादव, डॉ. सुरेंद्र सिंह (सुयश हॉस्पिटल, कानपुर), डॉ. अविनाश विश्वकर्मा (शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. विनीत सिंह (सामान्य रोग विशेषज्ञ), डॉ. संगीता मौर्य (स्त्री रोग विशेषज्ञ) समेत सभी रोगों के इलाज के डॉक्टर्स उपस्थित रहे। प्रकृति पैथोलॉजी के राधिका मौर्य, प्रबंधन स्टाफ में खुशबू तिवारी, रोहित सिंह, हितेश श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, फार्मेसी पर शुभम कुमार, बबिता, नर्सिंग स्टाफ में दीपाली, विपिन, कौशल, इमरजेंसी एम्बुलेंस में शुभम कुमार उपस्थित रहे।

## महाकुंभ के कारण जाम लगने से फंसे राहगीर

**जनसंदेश न्यूज**

**नियामताबाद।** अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर कुछमन रेलवे फाटक के पास रविवार को महाकुंभ के यात्रियों के आवागमन के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही।

इससे राहगीरों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां तक की राहगीरों का पैदल चलना भी दुर्लभ हो गया था। महाकुंभ को लेकर वाराणसी सहित नेशनल हाईवे आदि जगहों पर रूट डायवर्जन के बाद वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सैदपुर व बलुआ गंगा पुल के अलावा नेशनल हाईवे पचफेड़वा से होकर वाहनों का आवागमन ज्यादा बढ जाने व पटना रूट पर रेल गाड़ियों का दबाव बढ़ने की वजह से कुछमन रेलवे फाटक घंटो घंटो बंद होने से वाहनों की लंबी कतार लग जा रही है। रविवार को पूरे दिन जाम की स्थिति अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर बनी रही। जिससे राहगीरों को पैदल चलना भी दुभर हो गया था। इससे एंबुलेंस के साथ-साथ तमाम लोग इसमें फंसे रहे। इसका मुख्य कारण महाकुंभ के लिए उमड रही भीड के कारण यह स्थिति प्रतिदिन देखने को मिल रही है।



कुछमन रेलवे स्टेशन पर लगे जाम में फंसे वाहन।

## यूपी ने गुजरात के सामने रखा 144 रन का लक्ष्य

**लखनऊ।** महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का आगाज हो चुका है। रविवार को वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में इस टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर ने टॉस जीतकर यूपी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, लेकिन दीप्ति शर्मा की टीम कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 143 रन बना लिए हैं।इस संस्करण में अपना पहला मैच खेल रही यूपी वॉरियर्स की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई। टीम ने 22 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा दिया। डिएंड्रा डॉटिन ने किरन नवगिरे को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 15 रन बना सकीं। इसके बाद एश्ले गार्डनर ने दिनेश वृंदा को आउट किया। वह महज छह रन बनाकर लौटीं। इसके बाद मोर्चा उमा छेत्री और दीप्ति शर्मा ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 गेंदों में 51 रनों की साझेदारी हुई, जिसे डॉटिन ने ही तोड़ा। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज उमा को प्रिया मिश्रा के हाथों कैच कराया। वह चार चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुईं। इस मुकाबले में प्रिया मिश्रा ने कहर बरपाया। गुजरात की इस गेंदबाज ने कुल तीन विकेट चटकाए। उन्होंने पारी के 11वें ओवर में दो विकेट लेकर टीम को बैकफुट पर पहुंचा दिया। इसके बाद लेग स्पिनर ने विपक्षी टीम की कप्तान दीप्ति को भी एश्ले गार्डनर के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। 27 वर्षीय बल्लेबाज 27 गेंदों में 39 रन बनाने में कामयाब हुईं। उनके अलावा ग्रेस हैरिस ने चार, श्वेता सेहरावत ने 16, सोफी एक्लेस्टोन ने दो, साइमा ठाकोर ने 15 रन बनाए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11 इस प्रकार है**

**यूपी वारियर्स ।** वृंदा दिनेश, ग्रेस हैरिस, ताहलिया मैकग्राथ, किरण नवगिरे, उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा (कप्तान), सोफी एक्लेस्टोन, अलाना किंग, श्वेता सहरावत, साइमा ठाकोर, क्रांति गौड़।

गुजरात जायंट्स : बेथ मूनी (विकेटकीपर), लाउरा वोल्वार्ड्ट, दयालन हेमलता, एश्ले गार्डनर (कप्तान), डिएंड्रा डॉटिन, सिमरन शेख, हरलीन देओल, तनुजा कंवर, सयाली सतघरे, प्रिया मिश्रा, काशवी गौतम।



डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान लम्बे समय से यातायात व सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात सेना के जवानों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनका हाल जाना।

# जौनपुर मारब



# नौकरी दिलाने के नाम पर 1.7 लाख की ठगी के आरोपित पर केस दर्ज

**कार्रवाई**

### न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

जनसंदेश टाइम्स

**खुटहन।** प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर वर्षों पूर्व एक युवक से 1.7 लाख रुपए ठगबाजी कर उसे फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपे जाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर उसने धारा 156(3) के तहत न्यायालय में गुहार लगाई थी।

सरपतहां क्षेत्र के सराय मोहद्दीनपुर गांव निवासी विनोद का आरोप है कि उसके पड़ोस में सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर थाने के अल्लीपुर गांव निवासी शिशिर कुमार सिंह की रिश्तेदारी है जहां वह अक्सर आया करता था। लगभग दो वर्ष पूर्व उससे विनोद का भी मेलजोल हो गया। शिशिर ने उसे झांसे में लेकर एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का नाम बता उसमें उसकी नौकरी लगवाने की बात कही। उसने बायोडाटा के साथ सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र ले लिया।

कुछ दिनों बाद जब फिर वह विनोद से मिला तो बताया कि नौकरी तय है। उच्च अधिकारी 1.7 लाख मांग रहे हैं। नौकरी पाने की लालसा में विनोद ने उन्हें दो गवाहों के बीच पैसा दे दिया। महीनों बीत जाने के बाद नौकरी न मिलने पर विनोद उस पर दबाव बनाने लगा तो उसे फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया गया। जब नौकरी ज्वाइन करने गया तब इसका भेद खुला। उसके बाद शिशिर ने फोन भी उठाना बंद कर दिया। आरोप है कि 3 जनवरी 2024 को शिशिर सिंह खुटहन चौराहे पर दिख गया जहां पैसे वापस मांगने पर वह मारपीट पर उतारू हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विवश होकर न्यायालय में गुहार लगानी पड़ी। पुलिस द्वारा आरोपित के खिलाफ विभिन्न सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई है।

### महिला ठग ने दुकानदार को झांसा देकर गल्ले से उड़ाए रुपये



**मीरगंज।** स्थानीय बाजार में एक कपड़े की दुकान पर दुकानदार को कपड़ा दिखाने के बहाने महिला ने गल्ले के रुपए पर हाथ साफ कर दिया और दुकानदार कपड़ा दिखाता रह गया। जब उसे गल्ले में रखे पैसे गायब होने की जानकारी हुई तब तक महिला नो दो ग्यारह हो चुकी थी। दुकानदार संदेह होने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किया तब चोरी का सारा वीडियो देखते ही व्यापारी सर पर हाथ रख कर हाय तौबा करने लगा। जब आसपास के दुकानदार वहां जुटे तब बाजार में हड़कंप मच गया। कुछ युवाओं ने ठग महिला और उसके बच्चे को खोजने का काफी प्रयास किया पर महिला का कहीं पता नहीं चला।

# गोवंशीय अवशेष मिलने पर मचा हड़कंप

**नाराजगी**

### पशु चिकित्सक के बयान पर भड़के लोग, बुलाना पड़ा दूसरा चिकित्सक

### सूचना पर पहुंची पुलिस सैम्पलिंग कराते हुए अवशेष को कराया जमींदोज

**सुइथाकला।** क्षेत्र के असैथा नौरंग पट्टी स्थित कुंवर नदी पुल के पास गोवंशीय अवशेष पाए जाने पर हिन्दूवादी संगठन समेत अन्य लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। हिन्दूवादी संगठन के लोगों ने जहां क्षेत्र में लगातार हो रही गोकशी को लेकर अफसोस जताया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सक की उपस्थिति में सैंपलिंग कराते हुए अवशेषों को जमींदोज कराया।

रविवार सुबह क्षेत्र के त्रिकोलिया अखण्डनगर मार्ग पर उक्त गांव के पास बने पुल के नीचे बोरा समेत अन्य जगहों पर गोवंशीय पशुओं के सिर और मांस बिखरे हुए पाए गए जिसकी सूचना मिलते ही लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर आसपास के लोगों समेत हिन्दूवादी संगठन के लोगों का जमावड़ा होने लगा। मामले में गौरक्षक संघ के लालजी मिश्र ने क्षेत्र में हो रही गोकशी को लेकर अफसोस जताया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने गोकशी को लेकर नाराजगी जताई। लोगों द्वारा आधे दर्जन से अधिक गौवंशीय सिर और मांस पाए जाने की संभावना जताई गई। सूचना पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व चौकी प्रभारी अरसिया रितेश कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंच प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी सुइथाकला डा. सूरज की मौजूदगी में जांच हेतु सैंपल भेजवाया। बाकी अवशेष को जेसीबी मशीन से खुदाई करा जमींदोज करा दिया गया। मामले में थानाध्यक्ष ने जहां अवशेषों को एक सप्ताह पुराना बताया, वहीं हिन्दू वादी संगठन द्वारा मिली तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की बात कही। फिलहाल मामले को लेकर लोग काफी आक्रोशित दिखे।

## संक्षेप

### महिला सहित चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**खुटहन।** पनौली गांव में एक सप्ताह पूर्व भूमि विवाद को लेकर दलित महिला को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने आरोपित एक महिला सहित चार के खिलाफ एससीएसटी का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दिया है। गांव निवासी संगीता गौतम का आरोप है कि उसकी बैनामे की जमीन को पड़ोसी संतोष वर्मा, रौनक वर्मा, मनीष वर्मा तथा किरन देवी मिलकर जबरन कब्जा कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे जाति सूचक शब्दों में अपशब्द कहा। जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रांसमिशन में कार्य के चलते आज बधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**जंघई।** विद्युत उपकेन्द्र मछलीशहर के 132 केवी ट्रांसमिशन पर कार्य होने के चलते निर्गत 33 केवी की सभी लाइन सोमवार को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक विद्युत उपकेंद्र सतहरिया, मछलीशहर, जंघई, गोपालपुर, पंवारा, सिकरारा, सहोदरपुर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी विद्युत उपखंड अधिकारी जंघई मछलीशहर आदित्य मार्कण्डेय ने दी है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी के लिए खेद प्रकट किया है।

### खुद की मोबाइल मांगने पर दी जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के प्रेमापुर गांव निवासी पंकज यादव ने शनिवार की शाम को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसने अपनी मोबाइल एटीएम कार्ड और चेक बुक लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चौकियां निवासी राहुल कुमार के यहां एक समझौते के रूप में रखा था। अब वह अपनी मोबाइल मांग रहा है तो राहुल कुमार उसे गाली- गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है जिससे वह भयभीत है कि कहीं उसके साथ कोई घटना न हो जाए। थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने बताया कि पंकज यादव की दी गई तहरीर पर राहुल कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, उचित कार्रवाई की जा रही है। किसी के साथ भी कुछ गलत नही होने दिया जाएगा।

### युवती को बहला कर भगा ले जाने के आरोपित पर केस दर्ज

**खुटहन।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को एक युवक के द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता की नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है। एक गांव निवासी युवती के पिता का आरोप है कि उसके घर डिहिया गांव के कृष्णा उर्फ चुलबुल का आना जाना था। वह गत 10 फरवरी को किसी काम से घर से बाहर गया था। इसी बीच मौका पाकर वह मेरी 20 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया।

### श्री वैकुंठधाम, श्री शिव जी व नवग्रह मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली शोभायात्रा

**शाहगंज।** नगर के ऐतिहासिक पक्का पोखरा स्थित काली चौरा मन्दिर परिसर में नव निर्मित भगवान शिव परिवार, नव ग्रह, श्री विष्णु लक्ष्मी जी, संतोषी माता, पंच मुखी हनुमान जी, राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, अन्नपूर्णा माता, अर्धनारीश्वर, भैरव जी, शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा हेतु शोभायात्रा निकाली गयी। मन्दिर संस्थापक अध्यक्ष अशोक कुमार मोदनवाल बाबा के नेतृत्व में निकले शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं युवतियां एवं संभ्रांत जन सम्मिलित रहे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी ज्ञान प्रकाश सिंह यात्रा में साथ साथ चलते रहे। शोभायात्रा में सभी मूर्तियों को रथ पर साज सज्जा के साथ रखा गया था। वहीं हनुमान जी का रुप धरे कलाकार चलता रहा। महिलाओं ने हाथों में धर्म ध्वजा लिए रहीं। वहीं राम-लीला समिति भजन मन्दिर रामधुन गाते ढ़ोल मंजीरे संग भजन गाते चलते रहे। यात्रा पक्का पोखरा से निकल पुराना चौक शाहपंजा सर्राफा गली डाकघर तिराहा श्रीरामपुर रोड कलक्टरगंज जेसीज चौक होते हुए कोतवाली चौक रामलीला भवन चौक हों उद्गम स्थल मन्दिर परिसर पर सायं पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान दिनेश मोदनवाल, राममिलन कनौजिया, प्रदीप जायसवाल, गंगाराम केसरवानी, राजेश कुमार जायसवाल खन्ना, सर्वेश चौरसिया, महेश लालवानी, अनिल मोदनवाल, गीता जायसवाल, विजय जायसवाल, धीरज पाटिल, वेद प्रकाश जायसवाल, रामजी यादव, रीता जायसवाल संगीता जायसवाल आशा गुप्ता आदि मौजूद रहीं। मालूम रहे सोमवार को अचल प्राण प्रतिष्ठा, प्रसादाधिवास, पिंद्र पूजन, शिखर पूजन, ध्वजारोहण, हवन एवं पूणार्हुति एवं मंगलवार को महाप्रसाद भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया है। जनता के सहयोग से करोड़ों की लागत से बनने वाले भव्य मन्दिर में धर्मशाला भी बनाया गया है। भक्तों कों कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान संस्थापक अध्यक्ष अशोक मोदनवाल बाबा ने किया है।

### विधायक रमेश सिंह बने निषाद पार्टी विधानमंडल दल के नेता

**शाहगंज।** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा के लिए निषाद पार्टी ने शाहगंज विधायक रमेश सिंह को अपना विधानमंडल दल का नेता चुना है। इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से रविवार को उन्हें आधिकारिक सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद श्री सिंह को मंगलवार से शुरू होने वाले विधानमंडल के बजट सत्र से पहले कार्यमंत्रणा समूह और सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के लिए लखनऊ बुलाया गया है। श्री सिंह ने पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का लंबे समय से चला आ रहा दबदबा समाप्त करते हुए भाजपा निषाद पार्टी के पक्ष में जीत दर्ज की। उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव 'ललई' को हराकर इस प्रतिष्ठित सीट पर भाजपा गठबंधन के सहयोग से निषाद पार्टी का परचम लहराया। उनकी इस उपलब्धि पर भाजपा और निषाद पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर श्री सिंह ने पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह केवल उनकी नहीं, बल्कि शाहगंज की जनता का सम्मान है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे इस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।



### बज्म-ए-शीराज के तत्वावधान में मासिक तरही नशिस्त का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** बज्म ए शीराज के तत्वावधान में रविवार की दोपहर में एक तरही नशिस्त का आयोजन नगर के मोहल्ला शेख मुहामिद स्थित अनवार मंजिल में किया गया जिसकी अध्यक्षता शायर अनवारुल हक अनवार जौनपुरी ने किया एवं संचालन शायर मजहर आसिफ ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मास्टर नदीम अल्वी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत नात ए नबी स.अ.व. पेश करके किया गया। मिसरा ए तरह कुंवर महेन्द सिंह बेदी का शेर 'कुछ जमीं पर भी चाँद तारे हैं' बज्म ए शीराज के कन्वीनर शायर अनवारुल हक अनवार जौनपुरी ने एक सप्ताह पूर्व दिया था जिसपर समस्त शायरों एवं कवियों ने तबअ आजमाई करके अपनी अपनी रचनाओं को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया जिसको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये और पूरा हाल वाह वाह के स्वर से गूँज उठा। मुख्यातिथि मास्टर नदीम अल्वी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि शेर व शायरी लोगों के दिलों को जोड़ने का एक माध्यम है जिसके लिये उर्दू के सच्चे आशिक अनवारुल हक अनवार जौनपुरी हर माह नशिस्त का आयोजन करके प्रयास करते रहते हैं जिसके लिये अनवार जौनपुरी बधाई के पात्र हैं जिसके कारण जौनपुर की सदियों पुरानी शेर व शायरी की रिवायत जीवित है। इस मौके पर अब्बास काजमी, मुस्तईंन जौनपुरी, आशिक जौनपुरी, सज्जाद जौनपुरी, शजर जौनपुरी, कमल जौनपुरी, उलझन जौनपुरी, अमृत प्रकाश जौनपुरी ने भी अपनी अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. अर्शी नवाज, सलाहुद्दीन खान, अतीक अहमद, अजहर शमीम, साजिद अनवार, माजिद अनवार आदि उपस्थित रहे।

### बाल मेले में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**खेतासराय।** बादशाही स्थित फुरकानिया हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर में रविवार को बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें खेलकूद की प्रतियोगिता कराई गई। मेला में प्रतिभागी छात्रों ने प्रदर्शनी भी लगाई गयी। स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह बाल मेला संयुक्त रूप से इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेमोक्रेसी और आजाद शिक्षा केन्द्र की ओर से लगाई गई। जोड़ी रेस में अब्दुल्ला को प्रथम और मो. फहद को दूसरा स्थान मिला। पेंटिंग में हारिम फात्मा को पहला स्थान मिला। रस्सी कूद में अस्मिता प्रथम और मौसम दूसरे स्थान पर रही। रिंग थ्रो में धीरज अव्वल रहे तो रोहिणी को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। स्लो साइकिल रेस में रेशमा को प्रथम और दिव्यांगी को दूसरा स्थान मिला। आयोजक आजाद शिक्षा केंद्र के ट्रस्टी निसार अहमद खान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मास्टर अख्तर खान, मोहम्मद इरफान और प्रधान प्रतिनिधि सिराज अहमद ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सहयोग में अवधेश, प्रभा देवी, नीलम, नेहा, कुशाग्र, मनोज, सुफियान, दीपा, आफताब, ज्योति रहे।

# न्यू लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाया टैलेंट

जनसंदेश टाइम्स





**जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के घोसॉव में न्यू-लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल ने अपना 10वॉ वार्षिक उत्सव जोश और उत्साह के साथ मनाया। बच्चों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़ कर रूचि दिखाई।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रख्यात गायक मनीष दुबे मंजुल ने सरस्वती वंदना व देश भक्ति गीतों से किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत धुन व बैंड बजाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी स्नातक खण्ड वाराणसी आशुतोष सिन्हा, विशिष्ट अतिथि द्वय फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ, राष्ट्रीय हिन्दू भगवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंजना सिंह का सभागार में पहुंचते ही स्वागत किया। इसके बाद दीप प्रज्जवलित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र किया। पहली परफार्मेंस स्कूल के नन्हे-मुन्नों की रही जिसमें उन्होने डिस्को डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने धूम्रपान के सेवन नाटक पर प्रस्तुति भी दी जिसमें उससे होने वाली बीमारी को प्रस्तुत किया गया और सामाजिक रूप से यह संदेश दिया गया कि अपनी मानसिक कुटिलता को छोड़कर समाज के वातावरण को स्वस्थ रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। वहीं रंगारंग कार्यक्रम में कराटे कला का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों नें गिद्दे और भांगड़े पर भी प्रस्तुति दी। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस मौके पर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में अतिथियों के हाथों उन्हे ट्राफियां व सर्टिफिकेट दिए गए। विद्यालय के चेयरमैन मनोज कुमार गुप्ता व प्रधानाचार्य दिनेश चन्द श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों और उनके अभिवावकों तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रकिया में कभी पिछड़ना नहीं चाहिए। अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य दिनेश चन्द श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रमेश सिंह, मदन मोहन यादव अधिवक्ता, शिवचन्द यादव, रितेश श्रीवास्तव, रवि यादव, संजीव सोनी, दीपक दुबे, प्रवीन श्रीवास्तव, अजय कुमार शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, सालिक मौर्या, रवि शंकर मौर्या, विनय कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव, अरविन्द कुमार, बीर बहादुर सिंह, राधिका सिंह, खुश्बू कुमारी, चन्दा गुप्ता, अभिषेक अग्रहरी, दिलीप श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, सौरभ पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संचालन राहुल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ का उनके चाहने वाले सुन्दरम गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने खालिसपुर हाइवे के पास बैंड-बाजे के साथ माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन के बाद अभिनेता चन्दन सेठ अपने काफिले के साथ ग्राम टुसौरी पराऊगंज पूर्व आईपीएस कृपाशंकर सिंह के यहां वार्षिक विशिष्ट पूजन समारोह में जाते समय पराऊगंज बाजार में व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवचन्द यादव के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने माला पहनाकर बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया।

# पत्रकार को मातृ शोक

जनसंदेश न्यूज

**जलालपुर।** क्षेत्र के छातीडीह गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं ओमेगा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पंकज भूषण मिश्रा की माता का शनिवार रात्रि लगभग 11 बजे निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। उनके निधन का समाचार सुनते ही परिजनों सहित गांव क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सामाजिक शैक्षणिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम दाह संस्कार मर्णिकणिका घाट वाराणसी में किया जाएगा।

# नवनियुक्त अपना दल एस पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**मड़ियाहूं।** अपना दल (एस) कार्यालय में सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि विधायक रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजनाथ पटेल, प्रदेश महासचिव ललई सरोज, प्रदेश सचिव रामउजागिर मौर्या रहे। विधायक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और 10 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

कहा कि सभी लोग मजबूती के साथ लगकर संगठन को और मजबूत बनाये। राजनाथ पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की शपथ दिलाई। ललई सरोज ने सभी कार्यकर्ताओं को गाव में चौपाल लगाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात की। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर पटेल, राजेश तिवारी, डा. मनीष यादव, मुक्तेश्वर पटेल, चद्रशेखर यादव, दया पटेल, नितेश पाठक, संजू पटेल, चांदनी सरोज, सरोजा देवी, रेखा पांडे, चंद्रकला देवी, रिंकी चौरसिया, कविता गौतम, सुनील पटेल, सोनू सिंह, सभाजीत पटेल, राकेश मिश्रा, अशोक पटेल, आशीष पटेल, सुधाकर पटेल, रहमत अली, कन्हैया पटेल, अनिल पटेल,सुरेन्द्र पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल ने तथा संचालन योगेंद्र पटेल ने किया।

# स्नानार्थियों को नगर पालिका ने बांटे पानी बॉटल, फल व चाय बिस्किट

**नेक कार्य**

### प्रतापगढ़ रोड पर बने यात्री प्रतीक्षालय में हुआ वितरण

### डीएम भी रविवार को मौके पर पहुंचकर किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश टाइम्स





**मुंगराबादशाहपुर।** महाकुंभ के दौरान रविवार को स्नान करने प्रयागराज जा रहे स्नानार्थियों को स्थानीय प्रतापगढ़ रोड पर बने यात्री प्रतीक्षालय पर नगर पालिका चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने पानी बॉटल, चाय बिस्किट और केला आदि का वितरण करवाया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी दिनेश चंद्र रविवार को दोपहर करीब दो बजे प्रतापगढ़ रोड पर बने यात्री प्रतीक्षालय में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जानकारी। रविवार को नगर स्थित प्रतापगढ़ रोड पर बने यात्री प्रतीक्षालय में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने नगर पालिका की ओर से निःशुल्क पानी बॉटल, चाय बिस्किट के साथ ही केला आदि का वितरण कराया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने बताया कि सुबह से ही सभी नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए हैं। जिससे महाकुंभ प्रयागराज में जाने और आने वाले किसी भी स्नानार्थियों को कोई भी परेशानी न होने पाए। इस दौरान पानी बॉटल चाय बिस्किट के अलावा भरपूर मात्रा में केले का भी वितरण कराया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी दिनेश चंद्र भी दोपहर करीब दो बजे मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य, अधिशाषी अधिकारी अखिलेश तिवारी, जलकल अभियंता शिवानंद वास्को, राजस्व निरीक्षक रामानुज शुक्ला, कर अधीक्षक अवधेश सिंह, अवर अभियंता सिविल प्रशांत कुमार समेत बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# कॉलेज प्रशासन पर अवैध कब्जे और व्यावसायिक इस्तेमाल के गंभीर आरोप

**आरोप**

### भारतीय किसान यूनियन व ग्रामीणों में आक्रोश

जनसंदेश टाइम्स



**जंघई।** सेमरी में स्थित नागरिक इंटर एवं पीजी कॉलेज प्रबंधक पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव व ग्रामीणों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन कॉलेज और ग्रामसभा की जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कर उसे किराए पर देकर आर्थिक लाभ कमा रहा है। इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन व ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

बभनियांव गाँव के संजय शुक्ला जंघई सेमरी के भारतीय किसान यूनियन प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, करौर के राजेश यादव सेमरी के मो. शफीक ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा है। शिकायत में कहा गया है कि कॉलेज की जमीन जो शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए आवंटित थी पर अवैध रूप से कमरे और अन्य निर्माण कर उन्हें लीज पर दिया जा रहा है। इतना ही नहीं ग्रामसभा और कॉलेज की जमीन पर एक अवैध मैरेज हॉल बनाकर उसका व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन इस अवैध कब्जे और व्यावसायिक गतिविधियों पर तुरंत रोक नहीं लगाता तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की माँग की है। इस सम्बन्ध मे प्रधानाचार्य प्रभाकर मिश्रा का कहना है प्रबन्धक द्वारा निर्माण कराया जा रहा है लीज पर दिया जायेगा, वैध है की नहीं यह लेने और देने वाले जाने।

# सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सीएससी मुफ्तीगंज (रामपुर) के पास बाइक से धक्का लगने से घायल अधेड़ की शनिवार की रात आठ बजे मौत हो गयी। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी भोला यादव 55 वर्ष शनिवार की शाम पांच बजे साइकिल से रामपुर बाजार जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार से सीएससी मुफ्तीगंज (रामपुर) के पास धक्का लगने से सीने में गम्भीर चोट आ गई जिससे वह गिरकर तड़पनें लगे। सूचना पर परिजन आए और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देख उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय के डाक्टर ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर किया किन्तु ट्रामा सेन्टर ले जाते समय रास्ते में ही उनके प्राण पखेरू उड़ गये।

# ट्रक से बचने में तीर्थयात्रियों का वाहन पलटा, एक की मौत, 10 लोग घायल



**जफराबाद।** क्षेत्र के कोड़री बाजार के सई नदी पुल के पास ट्रक से बचने में तीर्थयात्रियों की बोलेरो जीप पलट गयी जिसमे एक 30 वर्षीय यात्री की मौके पर मौत हो गयी जबकि उसमें सवार 10 अन्य तीर्थ यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गम्भीर बतायी जा रही है।

छत्तीसगढ़ के बैकुंठपुर कोरिया निवासी एक दर्जन लोग महाकुंभ स्नान करने प्रयागराज आये थे। महाकुम्भ स्नान के बाद वे लोग अयोध्या धाम गए। वहां से शनिवार की शाम को वाराणसी काशी विश्वनाथ का दर्शन करने जा रहे थे। रात को जब उनकी बोलेरो जीप कोड़री बाजार के सई नदी पुल के पास पहुंची तभी आगे-आगे जा रही ट्रक से बचने के लिए बोलेरो चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया जिससे उनकी बोलेरो पलट गयी। बोलेरो पलटते ही चीख पुकार मच गयी। घटना की जानकारी गश्त कर रहे थाना प्रभारी घनानंद त्रिपाठी को लगी। वे मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। प्रदीप कुमार सिंह 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय उदित नारायण सिंह की मौत जिला अस्पताल पहुंचकर हो गयी थी। पुलिस ने अन्य दस घायलों को ट्रामा सेंटर सिरकोनी भेजवाया। घायलों में शकुंतला देवी 45 वर्ष, रामदुलार 57 वर्ष, शिवशंकर साहू 43 वर्ष की गम्भीर चोट को देखते हुए चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बाकी का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# नरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं लगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला



जनसंदेश टाइम्स

**लापरवाही**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद होने से ग्रामीणों को परेशानी**

**जौनपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली करंजाकला में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला नहीं लगा। स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के चलते लोगों को उपचार व दवा नहीं मिल सकी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश जताया।

बता दे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला नहीं लगा जिसके चलते स्थानीय लोगों का उपचार नहीं हो सका। लोगों ने नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत ऑनलाइन उच्च अधिकारियों से की है। स्थानीय ग्रामीण अखिलेश कुमार का कहना है कि अस्पताल आए दिन बंद रहता है। रविवार को भी अस्पताल में पूरे दिन ताला लगा था। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला नहीं लगा। इस बारे में स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहाकि दवाई नहीं मिलती है। यहां डॉक्टर नहीं आते हैं आते है तो दवाई उपलब्ध नहीं है जिससे स्वास्थ्य चिकित्सा संबंधित कोई सुविधा नहीं मिल पाती। बता दें कि नरौली से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 100 से अधिक गांव के लोगों को उपचार का लाभ मिलता है लेकिन बंद होने के कारण नहीं मिल सका। इस बारे में पूर्व प्रधान चंद्र प्रकाश सिंह नन्हे ने कहा कि यहां चिकित्सक कभी कभार आते हैं और उपस्थिति रजिस्टर भरकर फिर गायब हो जाते हैं। किसी को दवाई नहीं मिल पाती है उन्हें शहर का रुख करना पड़ता है। इस बारे में अधिकारियों से शिकायत की जाती है अनसुना कर देते हैं। अब इसकी शिकायत ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर की जाएगी। राजस्थानी ग्रामीण राहुल सिंह अखिलेश चौबे धीरज खरवार पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेंद्र खरवार समीर ने कहा कि हॉस्पिटल नहीं खुलता है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बारे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष जायसवाल ने कहा कि वहां के फार्मासिस्ट की तबीयत खराब है और डॉक्टर एक्स-रे प्रशिक्षण के सिलसिले में बाहर हैं कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं है जिसके चलते मुख्यमंत्री आरोग्य मेला नहीं लगा। जिसको तकलीफ है वह सीएमओ से इस बारे में कहे।

# नगर पंचायत में 22 करोड़ का बजट प्रस्तावित

**भूमि पूजन**

**पेयजल योजना के अंतर्गत करवाए जाने वाले कार्यों का सांसद ने किया भूमि पूजन**



जनसंदेश टाइम्स

**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर पंचायत में पेयजल योजना के अंतर्गत 22 करोड़ 30 लाख के बजट से प्रस्तावित कार्यों का शनिवार को सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज ने भूमि पूजन किया।

नगर पंचायत में पेयजल योजना के अंतर्गत 22 करोड़ 30 लाख के बजट से करवाए जाने वाले कार्यों का मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज ने विधि विधान से भूमि पूजन किया। नगर पंचायत के वार्ड गौरा दक्षिणी में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद जल निगम के नगरीय अधिशासी अभियंता सचिन सिंह ने सांसद प्रिया सरोज को अवगत कराया कि इस योजना के अंतर्गत नगर पंचायत के 15 वार्ड के लोगों के लिए 7 ट्यूबेल, 3 बड़ी पानी टंकी का निर्माण करवाया जाएगा। इसका बजट 22 करोड़ 30 लाख है। इस अवसर पर चेयरमैन सीतामनी दिनेश सोनकर, जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह, जेई विवेकानंद, अभिषेक पांडेय, अजीत विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रसित है भाजपा सरकार की नीतिः श्यामला सरोज



**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी के द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम रविवार को इक्कीसवें दिन भी विधानसभा औराई के खमरिया में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सनवारुल हक की अध्यक्षता में जारी रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रदेश उपाध्य महिला सभा श्यामला सरोज ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की सारी हदें पार कर दी है। सरकार का रोजगार सिर्फ टेलीविजन और अखबारों में देखने को मिलता है। धरातल पर प्रदेश का युवा, महिलाएं हताश और निराश हैं। भाजपा की सरकार पिछड़ों की विरोधी है। पिछड़ा वर्ग वह है, जिसे हम पिछड़ा, आदिवासी, दलित व अल्पसंख्यक कहते हैं। बीजेपी इनका वोट तो लेती है, लेकिन इस समाज को न रोजगार देती है और न ही सम्मान देना चाहती है। सपा नेत्री ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए का नारा दिया। जिस पर काम किया जा रहा। लाखों-करोड़ों बेरोजगारों युवाओं के आंसू जो भाजपा सरकार को सफाया करेगा। यही महिलाएं और युवा जब अपने अधिकार के लिए आंदोलन करते हैं, तो सत्ता की कुर्सी बदल जाती है। जब से भाजपा सरकार बनीं है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से पूरी तरह से महिलाएं एवं आम जनता परेशान हैं। इस मौके पर संजय मौर्य, इजहार अंसारी, पूर्व प्रधान गुलाब यादव, प्रधान बैजनाथ यादव, महेंद्र पारसी, मास्टर सीताराम आदि मौजूद रहे।

## वित्तविहीन प्रबंधक संघ की बैठक में विधायक ने हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

**सुजानगंज।** वित्तविहीन प्रबंधक संघ की बैठक एसके एकाडमी/कैलाश धाम धरमपुर मधुपुर के परिसर में आयोजित की गई जिसमें वक्ताओं ने अपनी मूलभूत जन समस्याओ से विधायक को अवगत कराते हुए अपना दर्द बयां किया। ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि जो जनप्रतिनिधि हमारे संगठन की मदद करेगा, हमारा संघ उसी का सहयोग करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा विधायक पंकज पटेल ने वित्तविहीन प्रबंधक संघ की बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षक ही समाज की रीढ़ होता है। शिक्षा क्षेत्र से समाज तक उसकी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रबंधकों की हर समस्याओं का निस्तारण करने के लिए मैं तैयार हूं। कार्यक्रम के पूर्व वित्तविहीन प्रबंधक पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा. विमल पाल, सुशील कुमार मिश्रा, श्रीपाल, विनय शर्मा, लव यादव, अमित कुमार शर्मा, महेन्द्र यादव प्रधान, राजेश गुप्ता, एलसी निषाद पत्रकार सहित सैकड़ों प्रबंधक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. कैलाशनाथ पाल एवं कार्यक्रम का संचालन श्याम शंकर उपाध्याय ने किया।

# हबीबे दो आलम कान्फ्रेंस व दीक्षांत समारोह संपन्न

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** नगर के गिराई गांव में स्थित दारुल उलूम हबीबिया रिजविया गोपीगंज का सैतीसवा सालाना जल्स ए दस्तारे फजीलत एवं हबीबे दो आलम कांफ्रेस भव्य परिसर में परंपरागत ढंग से संपन्न हो गया। हजरत अल्लामाशेख रहमतुल्ला साहब कादरी बलरामपुर की अध्यक्षता में आयोजित दीक्षांत समारोह में आलिम, हाफिज व कारी का खिताब हासिल करने वाले बच्चों को डिग्री (प्रमाण पत्र) वितरित किया गया।

इस दौरान आयोजित जलसे को खिताब करते हुए हिंदुस्तान के प्रमुख उल्मा ए कराम हजरत अल्लामा मोहम्मद हनीफ बरकाती, मोहम्मद हाशिम रजा कानपुर एवं हजरत अल्लामा अलहाज ताज मोहम्मद रिजवी उपप्रधानाचार्य दारुल उलूम हबीबिया रिज्विया गोपीगंज ने शिक्षा पर रोशनी डालते हुए कहा कि इस्लामी शिक्षा से ही सामाजिक न्याय की स्थापना हो सकती है। सरकार मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर चलने से ही कामयाबी मिल सकती है। दीक्षांत समारोह में संस्था के प्रबंधक हाजी हलीम अंसारी, उप प्रबंधक अलहाज अब्दुस सुभान ने आलिम, हाफि ज व कारी का खिताब हासिल करने वाले 34 बच्चो को डिग्री वितरित की, जिसमें 14 आलिम 04 हाफिज एवं 16 कारी थे।

**आयोजन**

**आलिम, हाफिज व कारी के 34 बच्चों की हुई दस्ताबंदी दिया गया प्रमाण पत्र**

रविवार को प्रातः काल तक चले कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य मुफ्ती मोहम्मद मुख्तार रिजवी साहब ने सभी मेहमानों व स्थानीय नागरिकों का आभार प्रकट किया तथा दीक्षांत समारोह में अपना अमूल्य समय देने के लिए उन्हें बधाई दी। जलसे का संचालन हजरत अल्लामा मौलाना जाहिद रजा मिस्बाही ने किया।

# पुलिस को तनावमुक्त सकारात्मक जीवन का दिया गया टिप्स



जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान द्वारा पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त सकारात्मक जीवन व नई ऊर्जा के संचार हेतु रविवार को कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय, थाना व पुलिस चौकियों पर नियुक्त पुलिसकर्मी तथा प्रतिसार निरीक्षक अनिल कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में लगभग 125 पुलिस कर्मी अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बी के ब्रजेश भाई ने संस्था का परिचय दिया। बी के स्वर्णलता बहन ने मेडिटेशन कराया और कार्य करते हुए तनावमुक्त रहने की विधि के लिए कुछ टिप्स दिए। डॉक्टर राजीव सिंह ने स्वयं को खुश रहने के टिप्स दिए। मुख्यालय से पधारे प्रशासक वर्ग के राष्ट्रीय को ऑर्डिनेटर बी के हरीश भाई ने कहा कि हम सब एक्टर हैं और अपनी सेवा से जितनी दुआये प्राप्त करेंगे उतना वो परिस्थिति में मदद करते हैं। आरआई अनिल कुमार ने ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों का धन्यवाद दिया। भदोही सेवा केंद्र की प्रभारी दीदी बी के विजयलक्ष्मी ने कहा कि आप सुरक्षित रहेंगे तो जनपद सुरक्षित रहेगा। उन्होंने ज्ञानपुर कारागार में बंदी और बंदीरक्षकों को तनाव मुक्त रहने की कला सिखाई गई। राजीव सिंह, बी के स्वर्णलता ने सबको मेडिटेशन सिखाया और परमात्मा से आत्मा को शक्तिशाली बनाने की विधि बताई।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बालक की मौत

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के उत्तरपट्टी गांव में रविवार शाम ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 5 वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीड़ित के तहरीर पर वाहन स्वामी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुट गई है। उत्तरपट्टी गांव के निवासी साहब लाल यादव नगर में रहकर नौकरी करता है। साहबलाल को दो पुत्री व एक पुत्र है। 5 वर्षीय पुत्र अमित रोज की तरह रविवार को घर के समीप सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर राइस मिल ने अमित को कुचलते हुए आगे की ओर बड़ गया। ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने के बाद अमित दर्द से चीखने लगा। चीख पुकार की आवाज सुनते ही आसपास के लोग जमा हो गए और घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी होते ही हादसे में घायल अमित को लेकर इलाज के लिए निजी चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सकों इलाज के दौरान 5 वर्षीय बालक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा भैयालाल की तहरीर पर शव कब्जे में लिया गया है। वाहन स्वामी के खिलाफ विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# साइकिल चलाना बड़ा व्यायामः अताउल अंसारी



**गोपीगंज।** भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई।

क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने कहा कि जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम करते हैं, उसी तरह पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्ष लगाते हैं। आसपास के कार्य साइकिल से करे। जितनी देर हम साइकिल चलाएंगे उतना समय मोटर साइकिल और कार से फैलने वाले प्रदूषण को भी रोकेंगे।

साइकिल चलाने से हमारा सर्वांग व्यायाम होगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। बिरनई प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुश्ताक अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर शहीद तिराहा, माधोरामपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा आदि नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए ककरही सब्जी मंडी में इसका समापन हुआ। साइकिल यात्रा में आफताब खान, प्रवीण टंडन, सरफराज अहमद, अमन गुप्ता, अनिल बिंद, प्रमोद मौर्य, मैनू अली, फैज आलम, महेंद्र यादव, समेत आदि रहे।

# मार्ग के नामकरण से गांव के विकास को मिलेगी नई पहचान : फरहान अहमद

**केराकत।** क्षेत्र के डेहरी गांव के ग्राम प्रधानपति शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर लालबहादुर दुबे मार्ग को आधिकारिक मान्यता देने की मांग की। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रधानपति फरहान अहमद ने कहा कि विगत माह डेहरी व झमका गांव को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर लालबहादुर दुबे मार्ग का साइन बोर्ड लगाया गया था। मार्ग का नामकरण तो कर दिया गया मगर इसकी आधिकारिक मान्यता नहीं मिली थी। अगर इस मार्ग को आधिकारिक मान्यता मिल जाती है तो डेहरी और झमका गांव के विकास को एक नई पहचान देगा। इससे सड़क की स्थिति सुधरने के साथ गांव को पहचान देंगी। क्योंकि विकास में जिन क्षेत्रों का बहुत अहम योगदान है उसमें सड़कों की भी एक बड़ी भूमिका है। माना यह जाता है कि जिस क्षेत्र या गांव में सड़कें टूटी और जर्जर होंगी वहां विकास की कल्पना अधूरी होगी। यानि जिस क्षेत्र या गांव में सड़क की स्थिति बेहतर नहीं होगी वहां अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा विकास की रफ़्तार धीमी रहेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगम 3.0 के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे इस दौरान हेलीपैड पर प्रधानपति फरहान अहमद भी मौजूद होकर मुख्यमंत्री का स्वागत कर डेहरी गांव के गंगा जमुना तहजीब से अवगत कराया।

**मुख्यमंत्री के साथ फोटो भेजना प्रधानपति को पड़ा भारी, मिली धमकी**

क्षेत्र के डेहरी गांव के प्रधानपति फरहान अहमद ने अपने ऑफिशल इंस्ट्राग्राम पर वाराणसी के हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के स्वागत करने की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज सुशासन के प्रतीक हम जैसे लाखों भाजपा के कार्यकर्ताओं के महबूब नेता, उत्तर प्रदेश सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वाराणसी पुलिस लाइन में स्वागत करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आरोप है कि पोस्ट के बाद मुर्की गांव निवासी ओमैर ने पोस्ट पर धार्मिक टिप्पणी कर अभद्रता का संदेश देने के साथ ही इस्लाम से खारिज करने जैसी अशोभनीय बातें लिखकर पोस्ट कर दिया। पोस्ट होते ही ग्राम प्रधानपति कोतवाली पहुंच नामजद तहरीर देकर जांचोपरांत उचित कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई।

# सद्भावना क्लब का 30वां शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जनसंदेश टाइम्स



**जौनपुर।** नगर के शिया कॉलेज हाल में सद्भावना क्लब का 30वां शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जहां मुख्य अतिथि जगदीश नारायण राय विधायक जफराबाद ने नवचयनित अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके पहले निवर्तमान अध्यक्ष हफीज शाह ने 2024 में किये गये कार्यों के लिये सद्भावना सदस्यों को सम्मानित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि सद्भावना क्लब एक सामाजिक संस्था है।

सभी सदस्य देश की प्रगति में अपना अहम योगदान देते हैं और विगत बीस वर्ष से हमारा सम्बन्ध सद्भावना परिवार से है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या ने कहाकि संस्था को जब भी हमारी जरुरत पड़ेगी हम हमेशा तत्परता के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं और सद्भावना पुल पर एक नाम प्रदर्शित बोर्ड जल्द ही लगेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामसूरत मौर्या ने कहाकि सद्भावना क्लब जौनपुर शुरू से सेवा कार्यों व प्रशिक्षण के माध्यम से अलग पहचान बनाये हुए है। विशिष्ट अतिथि नजमुल हसन नजमी ने कहा कि मैं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अपेक्षा करता हूं कि वह वर्ष 2025 को यादगार बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा।

इसके बाद नये पदाधिकारियों सचिव विनीत गुप्ता, सह सचिव हर्ष माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष विवेकानंद मौर्या, सह कोषाध्यक्ष चंद्रेश मौर्या, उपाध्यक्ष संतोष अग्रहरी समेत ताहिर कादरी सोनू, हाजी सैय्यद फरोग, डॉ. राशिद खान खान, अमित गुप्ता, आदर्श वर्मा, रविंद्र यादव, अमित निगम, अतीत मौर्या, चंद्रेश मौर्या आदि को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या ने शपथ दिलायी। क्लब में नये जुड़ने वाले सदस्यों विजय अग्रवाल, रविकांत जायसवाल, डॉ. मोहम्मद मुजम्मिल, अखिलेश अग्रहरी, असगर मेहदी, मनीष कुमार, शोएब कलाम, सलमान शेख, मोहम्मद अब्बास, राहुल साहू, नागेंद्र यादव राज कॉलेज, विवेक यदुवंशी को नजमुल हसन नजमी ने शपथ दिलाई। संस्था का परिचय पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव ने दिया। पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमपी बरनवाल, नरसिंह अवतार जायसवाल, आशीष साहू, नेयाज ताहिर शेखु, इरशाद हुसैन, रेयाज अहमद, एजाज हुसैन खान, सरदार हुसैन बब्लु, सैफ अली सहित अन्य वक्ताओं ने शुभकामना दिया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान को बुकें देकर बधाई दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर व सचिव विनीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शिव शंकर साहू, डॉ. आशुतोष शर्मा, मोहित मौर्या, प्रितेश गुप्ता, नागेंद्र यादव, धीरज गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव सहित शिया कॉलेज के समस्त स्टॉफ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम संयोजक डॉ. अलमदार नजर ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## संक्षेप

### जाको राखे साइयां मार सके ना कोय, फरिस्ता बना आरपीएफ कांस्टेबल

**गोपीगंज।** नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर महाकुम्भ पलट प्रवाह के दौरान एक और बड़ा हादसा होते होते तब बच गया जब ट्रेन से उतर रही महिला यात्री ट्रेन से नीचे गिर गई। रविवार को ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर उस समय बड़ा हादसा होते होते बच गया जब चलती ट्रेन से उतरते समय महिला और पुत्र तथा पुत्री ट्रेन से नीचे गिर गए, जिन्हें रेलवे के सिपाही ने अपना जान जोखिम में डालकर बचा लिया। बताया जाता है कि प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम तिराय पोस्ट शाहीपुर निवासी सीमा शर्मा 38 वर्ष पुत्री खुशबू व पुत्र धीरज के साथ नई दिल्ली से वेटिंग टिकट पर शिवगंगा एक्सप्रेस के रिजर्वेशन बोगी में सफर कर रहे थे, जिसमें काफी भीड़ थी, ट्रेन अपने नियत समय भोर के पांच बजकर पचास मिनट की जगह विलम्ब से लगभग 11 बजे दोपहर ज्ञानपुर रोड पहुची, ट्रेन खड़ी हुई लेकिन तीनो भीड़ के बीच फसे होने के कारण बाहर नही निकल पाए, जब तक दरवाजे पर पहुचे ट्रेन आगे बढ़ने लगी, ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल जनार्दन सिंह यादव की निगाह पड़ी जो बगैर समय गवाए अपने जान की भी परवाह नही किए और महिला को पकड़ लिए साथ ही दोनो प्लेटफार्म पर गिर गए। वही मां को गिरते देख पुत्र धीरज और पुत्री खुशबू भी दरवाजे से कूद पड़े। ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार सिंह परिजनों को सूचना देकर बुलाए और तीनों यात्रियों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दी।

### आज सात घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**भदोही।** आरडीएसएस के अंतर्गत 132 केवी फत्तूपुर से निकलने वाले 33 केवी सुरियावां फीडर पर मिड स्पिन पोल लगाने एवं तार बदलने का कार्य किया जाएगा। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि कार्य होने की वजह से सब स्टेशन सुरियावां, मोढ़, करियांव उपकेंद्र में सोमवार 17 फरवरी को दस बजे से शाम पाँच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### खिड़की तोड़कर चोर उठा ले गए स्टेबलाइजर स्टार्टर

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गिराई निवासी विनय तिवारी पुत्र हरिकृष्ण तिवारी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरा मकान ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास है। शनिवार की देर रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा मेरे महान की खिड़की तोड़कर 15 केवी का स्टेबलाइजर और समरसेबल पंप उठा ले गए जिसकी सूचना प्रातः 112 को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने वीडियो बनाकर वापस चली आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी।

### प्रयागराज महाकुम्भ ट्रेनों में भारी भीड़, 47 हजार 460 रुपये का टिकट वापस

**गोपीगंज।** प्रयागराज महाकुम्भ के पलट प्रवाह का असर रेलवे के आय पर पड़ रहा है। भारी भीड़ के कारण रविवार को 113 यात्रियों को टिकट वापस करना पड़ा। रविवार को एक बार फिर महाकुम्भ का पलट प्रवाह ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला, वाराणसी से खचाखच भरी ट्रेन जनसाधारण एक्सप्रेस जो मुंबई जा रही थी, स्टेशन पर पहुँची जिसपर रिजर्वेशन के यात्री भारी भीड़ के बीच नही चढ़ पाए और ट्रेन चली गई। यात्री संदीप, मदनलाल, विष्णु, राजकरन ने बताया कि मुंबई जाने के लिए उन लोगो का टिकट था, लेकिन भीड़ के बीच ट्रेन पर नही चढ़ पाए और टिकट वापस कर पैसे लिए। टिकट मास्टर राजू दुबे ने बताया कि लगभग 113 यात्रियों का टिकट वापस किया गया, एक टिकट की कीमत 420 रुपए बताई गई।

### वॉर्ड नंबर 22 में नाली निर्माण को लेकर किया भूमि पूजन

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन जितेंद्र गुप्ता ने वार्ड नंबर 22 में दस लाख की लागत नव निर्मित नाली निर्माण को लेकर रविवार को विधिवत भूमि पूजन किया। जिसे प्रमुख रूप से रवि प्रकाश पांडे, प्रमोद सिंह वार्ड सभासद मोहित उमर सहित पालिका के कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट आने से युवती का कटा हाथ

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर ग्राम निवासी दुखिलाला की पुत्री 17 वर्षीया एकता मौर्य रविवार की सुबह 10 बजे साइकिल से किसी काम से सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ककोरगहना की तरफ गई थी। जैसे ही वह काकोर गहना रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी शाहगंज की तरफ से आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गयी जिसमें उसका दाहिना हाथ कट गया। एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां बेहतर उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### दो बसों की आपस में टक्कर, पांच श्रद्धालु घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित लकरी गांव के समीप शनिवार रात 1 बजे दो बसों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के दौरान 5 श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के जिला अस्पताल पहुंचाया और विधिक कार्रवाई में जुट गई। बीते सोमवार को उड़ीसा से एक निजी बस करीब 45 श्रद्धालुओं को तीर्थ कराने के लिए निकली थी। शनिवार सुबह श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन अयोध्या में कराने के बाद वह जब काशी के लिए रवाना हुई इसी दौरान सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित लपरी गांव के समीप रात करीब 1 बजे जब पहुंची तो सामने से गुजर रही एक बस से टकरा गई। टक्कर होते ही बस में सवार पांच श्रद्धालु गंभीर रूप घायल हो गए। टकराहट की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और घटना की जानकारी सरायख्वाजा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे में घायल उडीसा के थाना झरभन के डभ्भा गांव के निवासी बिलासे साहू का पुत्र जयद कुमार साहू (59), हजनैन का पुत्र जमुना साहू (60), फोत्तो बाई (60) पत्नी निलांबर, केमोती साहू (57) पत्नी निरंजन साहू, पिलासनी साहू (59) पत्नी जयैद साहू का एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया सभी घायल श्रद्धालुओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संत रविदास जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा

**जौनपुर।** विश्व हिंदू महासंघ जौनपुर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के द्वारा मां शीतला पैलेस प्रसाद तिराहे से शोभा यात्रा निकाली गई। क्षेत्र में भ्रमण करते हुए मां शीतला चौकिया धाम पर दर्शन पूजन और यज्ञ कुंड में आहुति देने के बाद यात्रा मां शीतला पैलेस में हो रहे कार्यक्रम में समापन हुआ।कार्यक्रम के नेतृत्व कर रहे विश्व हिंदू परिषद धर्माचार्य प्रमुख विनय त्रिपाठी और अमर देव श्रीमाली नगर अध्यक्ष द्वारा संपन्न हुआ। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गोरखनाथ पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संत रविदास जयंती के कार्यक्रम में हम अपने जिला अध्यक्ष दिनेश मधुकर के बुलावे पर आए हैं। संत रविदास एक ऐसे संत थे जिनका जन्म दलित समाज में हुआ जिनके गुरु ब्राह्मण थे उनके शिष्य झत्रिय थे। उनके अनुयाई वैश्य समाज थे। कार्यक्रम संपन्न होने के लिए मां शीतला चौकिया धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा सनातन पर्व है संत रविदास की जो भावना थी वह महाकुंभ में दिखाई पड़ती है। जाति पाति अगड़ा पिछड़ा दलित जैसे शब्दों का कोई महत्व नहीं है। गंगा मैया में डुबकी लगाकर आनंद ले रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का सपना था हम इस सपने को साकार करने के लिए आज यहां कार्यक्रम में आए हुए हैं। इस कार्यक्रम में संजय श्रीमाली, अनिल सोनकर, प्रमेश श्रीमाली आदि लोग रहे उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# विशेश्वरगंज में कूड़ा घर, परेशान व्यापारी



**कृतिवाश्वेश्वर महादेव, वार्ड-81**

### महामृत्युंजय मंदिर के पास क्षतिग्रस्त मार्ग, दर्शनार्थियों का आना-जाना दुश्वार

### लापरवाही पर सामान्य विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**ओंकार तिवारी**




**वाराणसी।** नगर निगम प्रशासन वार्ड की जनसमस्याओं को लेकर अपनी जिम्मेदारी का कितना निर्वाह कर रहा है या नही। नागरिको की मूलभूत सुविधाएं मिल पा रही है या नही। जनप्रतिनिधि अपने वार्ड की समस्याओं को बखूबी ढंग से उठाते है कि नही। जनसमस्याओं का निदान कितना हो रहा है। विभाग जनसमस्याओं के प्रति कितना सचेत है। अधिकारी समस्याओं के निस्तारण में अनदेखी कर रहे है या लापरवाही।

जनता किन-किन समस्याओं से परेशान है। इन सभी सवालों को लेकर जनसंदेश टाइम्स जनता के बीच पहुंच रहा है। कार्यक्रम के आठवें क्रम में कृतिवाश्वेश्वर वार्ड नंबर 81 से। इस वार्ड में सबसे बड़ी समस्या जहां कूड़ा घर है, वही क्षतिग्रस्त मार्ग से आना-जाना दुश्वार है। पूर्वाचल की सबसे बड़ा गल्ला मंडी विशेश्वरगंज में इन दिनो कूड़ा घर से जहां व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं महामृत्युंजय महादेव मंदिर के पास त्रिमुहानी पर रास्ता खराब पड़े रहने से आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकिन नगर निगम का सामान्य विभाग लापरवाही कर रहा है और कार्रवाई नही होता है। वार्ड में स्थित इस ऐतिहासिक मंदिर से इस माह शिव बारात निकलेगा। जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे लेकिन नगर निगम प्रशासन उक्त समस्या की सुध नही ले रहा है।

**वार्ड में शमिल मोहल्ले-** कतुआपुरा, हरतीरथ, सेवा चौधरी, बृजकाल आदि।

**वार्ड की अनुमानित आबादी- 30 हजार के आस-** पास।

**अनुमानित वोटरों की संख्या- 9 हजार के आस-** पास।

**वार्ड की विशेषताएं-** महामृत्युंजय महादेव मंदिर और पूर्वाचल की सबसे बड़ी गल्ला मंड़ी।

**सर्वाधिक जटिल समस्याएं-** कूड़ा घर और क्षतिग्रस्त मार्ग।

**निदान के क्या हुए उपाय-** एक बड़ा, दो छोटा ट्यूबवेल लगाया गया और हाई मास्ट लगाए गए।

**किस उपकेंद्र से मिलती है बिजली-**मैदागिन और मच्छोदरी से।

**रोजना कितने घंटे होती है आपूर्ति- ठीक-** ठाक।

**पेयजल की स्थिति-** प्रयाप्त है।

**नियमित कूड़ा उठता है कि नही-**उठता है।



> पार्षद जनसमस्याओं के प्रति काफी सजेत रहते है। नागरिको की शिकायत पर वह तत्काल पहुंचते है,वही समस्याओं का त्वरित निस्तारण होता है।
>
> **चन्द्रभूषण शुक्ल**



> वार्ड में कार्य तेजी से हो रहा है। क्षेत्र में जहां दो छोटा और एक बड़ा ट्यूबेल लगवाया, वही प्रकाश के लिए हाई मार्स्क भी लगाए गए।
>
> **सुरेश चौरसिया, पार्षद**



> कतुआपुरा में सीवर बह रहा था लोग परेशान थे लेकिन समस्याओं का समाधान करा दिया गया। अब कोई परेशानी नही है।
>
> **श्रवण कुमार**



> सीवर जाम से के.47/87-88 के पास गंदा पानी बह रहा है और वार्ड में गली मरम्मत नही होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है।
>
> **अजय-रनर्स अप**



> वार्ड की समस्या कोई भी हो तत्काल समाधान हो जाया करता है। वार्ड के पार्षद इस मामले में हमेशा तत्पर रहते है।
>
> **मंगलचंद्र केशरी**



# कोई प्रयागराज-पटना तो कोई अयोध्या जाने का कर रहा इंतजार



वाराणसी कैंट के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के इंतजार में यात्रियों का हुजूम।

**स्थिति बेकाबू**

### कैंट स्टेशन के 10/11 को छोड़ सभी प्लेटफार्म पर भीड़ हो रही बेकाबू

### आरपीएफ जीआरपी के जवानों के अलावा वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने संभाला मोर्चा



**वाराणसी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के बाद वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के पलट प्रवाह से कैंट स्टेशन पर लगातार भीड़ हो रही है। रविवार को यह भीड़ बेकाबू हो गयी। आरपीएफ जीआरपी के चलते लोगों को ट्रेनों तक पहुंचाया गया। दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर हुआए हादसे के बाद रविवार को वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों ने कैंट स्टेशन पर मोर्चा संभाला।

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद वाराणसी के रेलवे स्टेशन पर रेलवे का प्रशासनिक अमला सर्तक दिखाई दिया। जीआरपी के साथ आरपीएफ के जवान पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिए। ट्रेन में होने वाली भीड़ के साथ प्लेटफार्म पर होने वाली भीड़ को पूरी तरह से नियंत्रित करने के साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए दो और स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है ताकि महाकुंभ में जाने के लिए रेलयात्रियों को दिक्कत न हो इसके साथ ही भीड़ जमा न हो। स्टेशन पर होने वाले अनाउंसमेंट की स्थिति को चेक किया गया और किसी भी तरह की लापरवाही न होने के निर्देश दिए गए।बता दें कि प्रयागराज जाने और वहां से आने वालों की संख्या में कमी नहीं हो रही है। पहले से स्पेशल ट्रेन चलाई गई है लेकिन जब घटना सामने आई तब विभागीय सतर्कता और भी ज्यादा दिखाई दी। रविवार को प्लेटफॉर्मों, एफओबी, यात्री हॉल, सर्कुलेटिंग एरिया समेत स्टेशन परिसर में पर जिधर देखिए, उधर ही बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों का हुजूम रहा। आपातकालीन व्यवस्था के तहत स्पेशल ट्रेनें भी महाकुंभ के लिए चलाई गईं। बाहर से स्टेशन आने वाले यात्रियों को सीआरपीएफ और आरपीएफ ने सर्कुलेटिंग एरिया में रोका। कंट्रोल की विशेष निगरानी के बीच जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम अपराह्न के समय यात्रियों को एक जगह पर जमा नहीं होने दिया गया। एफओबी पर जमा यात्रियों को प्लेटफॉर्मों और यात्री हॉल की तरफ भेजा गया। उधर, वेटिंग हाल सभी फुल हो गए। शुल्क वाले लाउंज में यात्री नहीं गए।

**शौचालय, यूरिनल के बाहर लगी भीड़:** श्रद्धालुओं की सुबह में इतनी भीड़ रही कि अंदर और बाहर के शौचालय, यूरिनल जाने में भी यात्रियों को फजीहत हुई। यात्री हॉल के शौचालय और पार्सल गेट के बाहर शौचालय में जाने के लिए लोगों को लाइन तक लगानी पड़ी। सकुर्लेटिंग एरिया में रोपवे की ओर खुले में यात्रियों ने शौच किया। जीआरपी, आरपीएफ के साथ ही सिविल पुलिस से भी सहयोग लिया गया। प्रथम और द्वितीय प्रवेश द्वार पर अतिरिक्त सुरक्षा बरती जा रही है।



### बिहार के लिए चले और ट्रेनें

वाराणसी जंक्शन पर होने वाली भीड़ में ज्यादातर यात्री बिहार क्षेत्र के हैं, इस क्षेत्र में यात्रियों के अपेक्षा ट्रेनों की संख्या कम है, जितनी ट्रेनें हैं सब बाहर से आ रही हैं, ऐसे में वाराणसी से बिहार के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना बेहद जरुरी है। यात्रियों की मानें तो बिहार जाने वाली ट्रेनों के इंतजार में पांच से छह घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।

### बरेली एक्सप्रेस निरस्त होने से भी परेशानी

प्रयागराज संगम में स्नान के बाद अयोध्या रामलला का दर्शन करने की ललक लेकर वाराणसी आ रहे लोगों में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद अयोध्या जाने के लिए कैंट स्टेशन पहुंच रहें हैं लेकिन इन दिनों वाराणसी से बरेली व छपरा से लखनऊ जाने वाली दोनों ट्रेनों जो अयोध्या के रास्ते संचालित होती है दोनों को निरस्त किया गया है। जिसके कारण यात्रियों की भी अन्य ट्रेनों के इंतजार में प्लेटफार्म पर रात बिता रही है। जबकि स्टेशन प्रशासन की ओर से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है।

# उन 15 मिनटों में सारी तस्वीर बदल गई

**नई दिल्ली।** शनिवार रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है और 13 अन्य घायल हैं। इस हादसे का शिकार महिलाएं और बच्चे भी हुए हैं। रेलवे के मुताबिक कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वालों की भारी भीड़ की वजह से यह भगदड़ हुई है।

यह हादसा ऐसे समय में हुआ है, जब रेलवे की तरफ से लगातार स्पेशल ट्रेनें चलाने और कुंभ मेले की भीड़ पर वॉर रूम (मॉनिटरिंग रूम) के जरिए नजर रखने का दावा किया जा रहा है। तो आखिर शनिवार को नई दिल्ली स्टेशन पर क्या हो गया, जिसे संभाल पाने में रेल विभाग नाकाम रहा और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी? नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात के उस 15 मिनट में वह सब हुआ, जिसकी कल्पना नहीं की गई थी।

रेलवे सुरक्षा बल के पूर्व महानिदेशक अरुण कुमार का कहना है, इस मामले में पूरी तरह से समन्वय का अभाव दिखाई दिया है. आरपीएफ हर वक्त सीसीटीवी पर भीड़ की मॉनिटरिंग करता है और जरूरी सूचना भेजता है। अगर स्टेशन के किसी प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़ जमा थी तो अगली ट्रेन को किसी और प्लेटफॉर्म पर आने को कहना चाहिए था, एक ही जगह के आसपास सारी ट्रेनें लगाना बड़ी गड़बड़ी थी। हम लोग छठ के समय पर होल्ड-अप एरिया बनाते हैं ताकि अतिरिक्त भीड़ को वहां रोक सकें। इस बार कुंभ में रेलवे ने ऐसी कोई तैयारी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नहीं की थी।अरुण कुमार मानते हैं कि नई दिल्ली स्टेशन पर वही गलती की गई है, जिसके बारे में पहले से पता होना चाहिए था। वो कहते हैं कि रेलवे की तरफ से चूक हुई है और वो शाम से छह बजे से रात दस बजे तक बढ़ती भीड़ को व्यवस्थित नहीं कर पाए।

**किस पर उंगली रखें**

### जिन्हें इंतजाम करना था वही लगा रहे इलजाम

### जो पता थी, वही गलती दोहराई गई

इसी दौरान रात के करीब साढ़े नौ से पौने दस के बीच दो प्लेटफॉर्म पर हालात बेकाबू हो गए. लोग एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म की तरफ भागने लगे. इस कारण मची भगदड़ में लोग एकदूसरे पर गिरने लगे। इस स्टेशन से प्लेटफॉर्म नंबर 12 से शिवगंगा एक्सप्रेस शाम के आठ बजे रवाना हुई। इस समय तक स्टेशन पर मुसाफिरों की भीड़ इतनी बढ़ चुकी थी, कई लोग इस ट्रेन का टिकट होने के बाद भी ट्रेन में सवार नहीं हो सके। इसी प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर रात के पौने नौ बजे यानी 20:45 पर नई दिल्ली से सुबेदारगंज (प्रयागराज) के लिए स्पेशल ट्रेन लगाई गई, जिसका नंबर 04404 था। इसी ट्रेन के लगने के थोड़ी देर बाद स्टेशन पर ऐसा कुछ हुआ, जिसकी न तो मुसाफि रों ने कल्पना की थी और न ही जिसके लिए रेलवे तैयार था।



शनिवार को प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर रात करीब साढ़े नौ बजे प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन लगाई गई, जो रात सवा दस बजे रवाना हुई. यानी इसके मुसाफिर इस प्लेटफॉर्म पर जमा थे। इससे पहले यहां बिहार की तरफ जाने वाली मगध एक्सप्रेस की भीड़ भी खड़ी थी।

प्लेटफॉर्म नंबर 13 पर बिहार की तरफ जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के मुसाफिर इकट्ठा थे, जो तीन घंटे की देरी से रात बारह बजे के बाद रवाना हुई। यानी कुछ ही समय से अंतराल में नई दिल्ली से पूर्वी भारत की तरफ जाने वाली कई भारी मांग वाली ट्रेनें रवाना हो रही थीं और ये प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13 और 14 की ट्रेनें थीं। यही वो वक्त था जिस समय भगदड़ ने पहली दस्तक दी। हालांकि रेलवे अधिकारी हादसे का समय और वजह जानने के लिए जांच पूरी होने तक का इंतजार कर रहे हैं।

उत्तर रेलवे के प्रवक्ता हिमांशु उपाध्याय के मुताबिक प्रयागराज की तरफ जाने वाली स्पेशल ट्रेन की घोषणा के बाद यह हादसा हुआ है। जिस वक़्त प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर कुंभ स्पेशल ट्रेन के लगाने की घोषणा की गई, उस वक़्त प्लेटफार्म नंबर 14 पर मुसाफि रों की भारी भीड़ 'प्रयागराज एक्सप्रेस' ट्रेन का इंतजार कर रही थी।

उन्होंने कहा, प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस आने वाली थी, लोग उसका इंतजार कर रहे थे. इसी बीच भीड़ को देखते हुए प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर एक ट्रेन लगाई गई और लोग प्लेटफॉर्म नंबर 14 से प्लेटफॉर्म नंबर 12 की तरफ जाने लगे। इसी में लोग एक दूसरे को क्रास करने लगे, कोई फिसल गया, कोई गिरा और ये दुःखद घटना हुई। इस मामले में रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुछ लोगों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर हमें बताया कि स्पेशल ट्रेन की घोषणा के बाद मुसाफिर कन्फ्यूज हो गए कि क्या करें. उनके सामने अचानक दो विकल्प आ गए, तो प्लेटफॉर्म नंबर 12 वाले प्लेटफॉर्म नंबर 14 की तरफ भागने लगे और 14 वाले 12 की तरफ भागने लगे। इसी में भगदड़ हो गई। उनका कहना है लोगों को समझ में नहीं आ रहा था कि किस ट्रेन से जाएं, एक ही समय में दोनों ट्रेनों की घोषणा की वजह से यह सब हुआ है। लोग एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म की तरफ भागने लगे, जिस कारण भगदड़ हुई। ये प्लेटफॉर्म नंबर 14 और इसके साथ के फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर हुई. यह घटना रात करीब साढ़े नौ और पौने दस के बीच हुई है।

दूसरी तरफ कुछ मुसाफिरों और चश्मदीदों ने आरोप लगाए हैं कि रेलवे ने अंतिम समय में प्लेटफॉर्म बदले की घोषणा कर दी, जिसकी वजह से यह भगदड़ हुई। रेलवे आमतौर पर अपनी वेबसाइट एनटीईएस पर हर ट्रेन के आगमन और प्रस्थान से जुड़ी सामान्य जानकारी अपडेट करता है. हमने जब इस वेबसाइट पर जाकर '04404 कुंभ स्पेशल' ट्रेन की जानकारी जुटानी चाही तो यहां शनिवार रात को केवल इस ट्रेन के 31 मिनट की देरी से रवाना होने की जानकारी दी गई है। एनटीईएस पर इस स्पेशल ट्रेन से जुड़े प्लेटफॉर्म की जानकारी नहीं दी गई है, जो अन्य ट्रेनों के लिए दी गई है।

अभी इस सवाल का जवाब भी नहीं मिल पाया है कि हादसे के वक़्त 16 नंबर प्लेटफॉर्म की तस्वीर क्या थी? अगर यहां कोई ट्रेन खड़ी नहीं थी तो स्पेशल ट्रेन को पहले से ही इसी प्लेटफॉर्म पर क्यों नहीं लाया गया।माना जा रहा है कि स्टेशन पर लगने वाली इस भीड़ में कुछ ट्रेनों का लेट हो जाना भी एक वजह है। इनमें से एक ट्रेन है 12562 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, जो अपने निर्धारित समय यानी रात सवा नौ बजे की जगह तीन घंटे की देरी से रवाना हुई। यह ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 13 से रवाना हुई, जिसकी वजह से इस प्लेटफॉर्म पर घटना के वक़्त बड़ी भीड़ जमा थी।अरुण कुमार कहते हैं, जब एक या दो ट्रेनें लेट हो रही हैं तो उसे किसी अन्य प्लेटफॉर्म से रवाना करने की घोषणा कर, लोगों को दूर के प्लेटफॉर्म पर भेजकर भीड़ को कम किया जा सकता था। रेलवे ने इस घटना के लिए रात में ही एक उच्च स्तरीट कमेटी का गठन किया है, जिसके एक सदस्य आरपीएफ अधिकारी पंकज गंगवार भी हैं, पंकज गंगवार प्रिंसीपल चीफ सेफ़्टी कमिश्नर हैं।

पंकज गंगवार रविवार सुबह नई दिल्ली स्टेशन पर घटनास्थल की जांच के लिए पहुंचे तो उनसे पूछा गया कि भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर कितने सुरक्षाकर्मी तैनात थे? जांच से पहले ही घटनास्थल को साफ कर दिया गया, क्या इसका कोई असर जांच पर पड़ सकता है? इस घटना के पीछे शुरूआती वजह क्या नजर आती है? उन्होंने ऐसे हर सवाल के जवाब में जांच पूरी होने तक इंतजार करने को कहा। एक तरफ रेलवे के अधिकारी शनिवार की भीड़ को अप्रत्याशित भीड़ बता रहे हैं, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज में रिकॉर्ड संख्या में कुंभ स्नान करने वालों के पहुंचने की बात कर रही है। रेलवे की तरफ से आमतौर पर छठ जैसे त्योहार के दौरान बड़ी तैयारी की जाती है और भीड़ को अलग-अलग जगहों में बांटकर रखा जाता है, ताकि उन्हें स्पेशल ट्रेन के चलने के समय पर प्लेटफॉर्म की तरफ भेजा जाए और अतिरिक्त भीड़ की व्यवस्थित किया जा सके। प्रयागराज और उसके आसपास के स्टेशन और सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ और ट्रैफि क जाम की खबरें कई दिनों से सुर्खियों में हैं और रेलवे की तरफ से भी नई दिल्ली स्टेशन से प्रयागराज के लिए शनिवार को शाम के समय दो स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं थीं।